राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 मेसी बने फीफा फुटबॉलर...

आज अफगानिस्तान का सूपडा साफ... 11

वर्ष : 14 | अंक : 245 | नई दिल्ली, बुधवार, 17 जनवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 14°C

न्यूनतम तापमान 8°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

हां	40%
नहीं	45%
कह नहीं सकते	15%

बाजार

सोना	64,425
चांदी	78,700
सेंसेक्स	73,128
निफ्टी	22,032

संक्षिप्त खबरें

चीन में आ रही है कोरोना जेएन.1 की लहर

नई दिल्ली। कोरोना का जनक कहा जाने वाला चीन फिर कोरोना के संकट से घिर सकता है। कोरोना के सब वैरिएंट जेएन.1 के चीन में केस बढ़ रहे हैं। अब ड्रैगन को भी खतरा लगने लगा है। चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कोविड-19 के मामले बढ़ने की चेतावनी जारी कर दी है। जहां तक भारत की बात है तो देश में कोरोना के नए वैरिएंट के केस में कमी दर्ज की गई है। लेकिन चीन की चेतावनी के बाद जनवरी के अंत तक सतर्क रहने की जरूरत है। चीन के नेशनल हेल्थ कमीशन ने हालांकि कहा है कि अभी कोरोना के जेएन.1 वैरिएंट के मामले कम हैं। लेकिन चीन के हेल्थ अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि देश में जेएन.1 वैरिएंट का वायरस काफी बड़ी तादाद में मौजूद है। चीन के विशेषज्ञ कोरोना के इस नए वैरिएंट से सतर्क हो गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड के मौसम में कई सांस से संबंधित बीमारियां फैल सकती हैं। चीन में अस्पतालों को कोरोना के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए सतर्क कर दिया गया है। यही नहीं, चीन ने कोरोना से निपटने के लिए अपने हेल्थ वर्क्स की ट्रेनिंग प्रोग्राम भी शुरू कर दिया है।

भारत में कोविड के 180 नए मामले, तीन लोगों की मौत

नई दिल्ली। भारत में कोविड-19 के 180 नए मामले सामने आए हैं जबकि संक्रमण के उपचाराधीन मामलों की संख्या घटकर 2,804 रह गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे की अवधि में संक्रमण से महाराष्ट्र में तीन लोगों की मौत हो गई। दैनिक मामलों की संख्या पिछले साल पांच दिसंबर तक घटकर दहाई अंक तक आ गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप के कारण मामलों में तेजी आई है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एक दिन में कोविड-19 के नए मामलों की संख्या 31 दिसंबर 2023 को 841 दर्ज की गयी, जो मई 2021 में दर्ज सर्वाधिक मामलों का 0.2 प्रतिशत था। कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों में से तकरीबन 92 प्रतिशत मरीज घर पर ही पृथकवास में हैं।

राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर टिप्पणी करना बंद करें विपक्षी दल: अनुराग ठाकुर

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों को अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर टिप्पणी करना बंद कर देना चाहिए क्योंकि यह ढांचा 500 साल के लंबे इंतजार के बाद बनाया गया है। ठाकुर ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले भाजपा द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को कनॉट प्लेस में हनुमान मंदिर परिसर की साफ-सफाई में भाग लिया। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

(आरएसएस) ने राम मंदिर में 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह को एक राजनीतिक आयोजन में बदल दिया है। इन आरोपों के बारे में सवाल किए जाने पर ठाकुर ने कहा कि कुछ लोग मंदिर के निर्माण से अब भी खुश नहीं हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ लोग ऐसे हैं जो मंदिर के निर्माण से दुखी हैं, कुछ लोग ऐसे हैं जो 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह से दुखी हैं और कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें राजनीति के कारण इस पर बयान देना पड़ता है। उन्होंने कहा, "मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि उन्हें इस पर टिप्पणी करना और बयान देना बंद कर देना चाहिए। अयोध्या में राम मंदिर 500 साल के इंतजार के बाद बना है और आगामी दिनों में देश एवं दुनिया भर से करोड़ों लोग इसके दर्शन करने आएंगे।" ठाकुर ने कहा कि 22 जनवरी को भव्य 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के बाद राम मंदिर के दरवाजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे और इसके लिए आवश्यक व्यवस्था की जाएगी।

हनुमान मंदिर परिसर में सफाई करने के बाद 'आप पार्टी' पर बरसे अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश भर में चलाए जा रहे 'स्वच्छ तीर्थ स्वच्छता अभियान' के तहत केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस के प्रसिद्ध एवं प्राचीन हनुमान मंदिर के परिसर में सफाई की और उसके बाद पूजा अर्चना भी की।इस दौरान ठाकुर वहां मौजूद पार्टी कार्यकताओं के साथ अयोध्या के राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण को लेकर गीत गाते भी नजर आए। स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अनुराग ठाकुर ने आम आदमी पार्टी द्वारा दिल्ली की हर विधान सभा में मंगलवार को 'सुंदरकांड' का पाठ कराने के फैसले पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भगवान की पूजा में सबका स्वागत है लेकिन इनके कर्म ऐसे हैं कि इनके नेताओं को जेल जाना पड़ा और अब अरविंद केजरीवाल भी ईडी के समन पर नहीं जा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता कहते थे कि ये भ्रष्टाचार मुक्त शासन देंगे, इन्होंने झूठ बोल कर जनता का वोट हासिल किया और आज पूरी आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार के दलदल में फंसी है। भ्रष्टाचार के कारण इनके उपमुख्यमंत्री, मंत्री और सांसद जेल में हैं और चार बार ईडी का नोटिस आने के बाद भी मुख्यमंत्री केजरीवाल पेश नहीं हुए।

जनता का एक-एक पैसा उनकी भलाई में लगे : प्रधानमंत्री मोदी

प्रात: किरण/एजेंसी

पालासमुद्रम (आंध्र प्रदेश)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय अनुष्ठान कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रामराज की कर व्यवस्था और सुशासन का हवाला देते हुये कहा कि कर व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें जनता द्वारा दिये गये एक -एक पैसा उनकी भलाई में लगे और उनकी सरकार पिछले करीब 10 वर्षों से यही काम कर रही है। श्री मोदी ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स राष्ट्रीय अकादमी के यहां नव निर्मित परिसर का शुभारंभ करने के मौके पर कहा कि लोकतंत्र में राजा प्रजा होती है और सरकार प्रजा की सेवा का काम करती है। इसलिए सरकार को पर्याप्त राजस्व मिलती रहे इसमें इस संस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुये कहा कि आजकल पूरा देश राममय है।

रामजी की भक्ति में सराबोर है। प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार और आस्था भक्ति के दायरे से कही ज्यादा है। प्रभु श्रीराम सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो इस संस्थान के लिए प्रेरणादायक बन सकते हैं। रामराज ऐसा लोकतंत्र था जहां हर नागरिक की आवाज सुनी जाती थी। रामराज निवासी के लिए कहा गया है कि अपना मस्तष्क

ऊंचा रखो, धर्म को जानो, तुम रामराज के वासी हो। रामराज सुशासन के चार खंभों पर खडा था जहां बिना भय के हर कोई सर ऊंचा करके चलता था। जहां कमजोर की सुरक्षा होती थी और कर्तव्य सर्वोपरि था। प्रधानमंत्री ने कहा कि रामराज में कर कैसे लिया जाता था, इस पर स्वामी तुलदीदास ने कहा है कि सूर्य पृथ्वी से जल खींचता है और वही जल वारिश बन कर धरती पर आता है। उन्होंने कहा, ह्व हमारी कर व्यवस्था भी वैसे ही होनी चाहिए। जतना से गयी पाई-पाई जनता की भलाई में लगे। पिछले 10 वर्षों में कर व्यवस्था में व्यापक पैमाने पर सुधार किये गये हैं। पारदर्शिता के अभाव में कारोबारियों को परेशान किया जाता था। जीएसटी के रूप में एक आधुनिक व्यवस्था दी गयी है। आयकर व्यवस्था को भी आसान बनाया गया है। फेसलेस कर मूल्यांकन व्यवस्था की गयी है। इन सारे सुधारों के कारण आज देश में रिकॉर्ड कर संग्रह हो रहा है और सरकार का कर संग्रह बढ़ा है तो सरकार जनता के पैसे को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता को लौटा रही है।

सत्येंद्र जैन, केजरीवाल व तिहाड़ डीजी को दी लाखों की रिश्वत

महाठग सुकेश चंद्रशेखर का नया शगूफा, सीबीआई-एलजी से की जांच की मांग

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने दावा किया है कि सत्येंद्र जैन, अरविंद केजरीवाल व तिहाड़ डीजी को उन्होंने लाखों की रिश्वत दी है। इसके लिए पत्र लिखकर सीबीआई-एलजी से जांच की मांग की है। बता दें कि करीब 200 करोड़ की ठगी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुकेश चंद्रशेखर इन दिनों जेल में बंद हैं। सुकेश चंद्रशेखर ने सीबीआई और दिल्ली एलजी को दी शिकायत में दावा किया है कि उसने सतेन्द्र जैन, अरविंद केजरीवाल और पूर्व डीजी तिहाड़ संदीप गोयल को बतौर रिश्वत लाखों रुपए दिए हैं। सुकेश चंद्रशेखर ने एक लेटर सीबीआई को दिया है, जिसमें सतेन्द्र जैन, अरविंद केजरीवाल और एक्स डीजी तिहाड़ सन्दीप गोयल के खिलाफ शिकायत है। इसमें सतेन्द्र जैन की महाठग सुकेश के साथ बातचीत के चैट्स के तीन स्क्रीन शॉट्स भी लगाए हैं। इतना ही नहीं, सुकेश चंद्रशेखर ने दूसरी शिकायत एलजी को दी है, जिसमे जांच की

बात की गई है। हालांकि इससे पहले भी सुकेश चंद्रशेखर ने दिल्ली के एलजी को अरविंद केजरीवाल के खिलाफ शिकायत की थी। इसके बाद दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने सुकेश चंद्रशेखर की उस शिकायत को आगे की कार्रवाई के लिये केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास भेज दिया था, जिसमें उसने अपने अधिवक्ता को धमकी भरे कॉल मिलने की शिकायत की थी।

मनी लॉन्ड्रिंग और विभिन्न लोगों को ठगने के आरोप में फिलहाल दिल्ली की जेल में बंद चंद्रशेखर ने पिछले साल आठ जुलाई को उपराज्यपाल को दी शिकायत की थी, जिसमें दावा किया कि उसके अधिवक्ता अनंत मलिक को धमकी भरे फोन आ रहे हैं। ठग सुकेश चंद्रशेखर ने अपनी शिकायत में कहा था कि वकील अनंत मलिक को ह्यमुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व गृह मंत्री सत्येन्द्र जैन की ओर से बोलने का दावा करने वाले लोगों से धमकी भरे फोन किए थे। चंद्रशेखर ने अपनी शिकायत में यह दावा भी किया कि फोन करने वाले ने कथित तौर पर मंडोली जेल में उन्हें परोसे जाने वाले भोजन में जहर मिलाने की धमकी दी थी। इस संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच की जा रही है। बता दें कि 200 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग में सुकेश चंद्रशेखर मुख्य आरोपी है। वह कई अन्य मामलों में भी आरोपी है, जिसकी जांच ईडी, दिल्ली पुलिस और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा की जा रही है। उस समय चंद्रशेखर और उसकी पत्नी लीना मारिया पॉल दोनों को दिल्ली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया था। जबकि दिल्ली पुलिस और ईडी की जांच के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज, नोरा फतेही सहित अन्य सेलिब्रिटी के नाम भी आए थे।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मुख्य यजमान होंगे, अनिल मिश्रा

प्रात: किरण/ एजेंसी

लखनऊ (ईएमएस)। अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य यजमान, डॉ अनिल मिश्रा होंगे। वह अपनी पत्नी उषा मिश्रा के साथ सभी धार्मिक अनुष्ठान मुख्य यजमान बनकर संपन्न कराएंगे। 7 दिन तक लगातार प्राण प्रतिष्ठा के इस समारोह में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से यजमान के रूप में अनिल मिश्रा को दायित्व सौंपा गया है। डॉ अनिल मिश्रा होम्योपैथिक के डॉक्टर हैं। संघ के प्रांत प्रचारक भी हैं। श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के सदस्य भी हैं। मुख्य यजमान के रूप में सारे धार्मिक अनुष्ठान को पूर्ण करने का दायित्व इन्हीं का होगा। यजमान को लेकर जिस तरह से अटकलें लगाई जा रही थी। इस खबर के बाद अटकलों पर विराम लग जाएगा। भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मुख्य कार्यक्रम

गर्भ गृह में मुख्य यजमान के रूप में अनिल मिश्रा सपत्नीक शामिल होंगे। गर्भ ग्रह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा संघ प्रमुख मोहन भागवत गर्भ ग्रह में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा अन्य किसी को प्रवेश नहीं होगा। चारों शंकराचार्यों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर जो आपत्तियां दर्ज कराई गई थी। उसको देखते हुए अब मुख्य यजमान के रूप में पंडित अनिल मिश्रा को सपत्नी सारे अनुष्ठान विधि विधान से संपन्न करने का दायित्व होगा।

मान को जान की धमकी

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को जान से मारने की धमकी मिली है। खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने सीएम मान को जान से मारने की धमकी दी है। आगामी 26 जनवरी को मुख्यमंत्री मान पर हमला करने के लिए खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने गैंगस्टर को साथ आने को कहा है। इतना ही नहीं, पंजाब के डीजीपी गौरव यादव को भी जान से मारने की धमकी दी गई है। बता दें कि खालिस्तानियों और गैंगस्टर पर हो रही लगातार कार्रवाई से पन्नू सहित अन्य गैंगस्टर और खालिस्तानी समर्थक बौखला हुए हैं। मुख्यमंत्री मान को दी गई धमकी इसका उदाहरण है। बता दें कि पंजाब पुलिस ने गैंगस्टर और खालिस्तानी आतंकियों के खिलाफ ताबड़तोड़ एक्शन ले रही हैं। खालिस्तानी पन्नून की यह धमकी उस धमकी के एक सप्ताह बाद आई है, जब पन्नू ने 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर के अभिषेक समारोह पर भारत सरकार को धमकी दी थी।

'मोहब्बत की दुकान' बस में सवारी करने हेतु लेना होगा स्पेशल टिकट

प्रात: किरण/एजेंसी

खुजामा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्ल में ह्यमोहब्बत की दुकानह्ल बस की सवारी करने को मिल सकती है। बशर्ते कि आप उस बस का स्पेशल टिकट लेकर सवारी करें। इसमें राहुल गांधी भी यात्रा करते नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार लेकिन इस बस की सवारी सिर्फ राहुल गांधी या कांग्रेसी नेताओं के लिए ही नहीं है, बल्कि आम जनता भी इसपर चढ़ सकती है। स्पेशल टिकट टिकट के जरिए राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान बस पर सवारी करने के साथ-साथ भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का मौका भी मिलेगा।

टिकट पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की यात्रा के दौरान की एक तस्वीर छपी होगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने टिकट के साथ तस्वीर खिंचवाई, जिसमें टी-शर्ट और ट्राउजर पहने राहुल गांधी चलती हुई मुद्रा में हैं और उनके हस्ताक्षर भी हैं। रमेश ने ह्यएक्सह्ल

पर कहा, कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी जिस मोहब्बत की दुकान बस से चल रहे हैं, यह उस बस की टिकट है। पिछले 10 साल के अन्याय काल के खिलाफ न्याय की इस यात्रा में जो लोग राहुल गांधी से मिलना चाहते हैं और उनसे बातचीत करना चाहते हैं, उन्हें ऐसी टिकट देकर बस में बुलाया गया है। यहां गौरतलब है कि राहुल गांधी कस्टमाइज वॉल्वो बस के जरिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा में देश के अलग-अलग हिस्सों में पहुंच रहे हैं। वे बस की छत से लोगों को संबोधित भी कर रहे हैं। पहली बार मोहब्बत की दुकान स्लोगन का इस्तेमाल भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हुआ था, जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक चली थी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को नागालैंड की राजधानी कोहिमा के खुजाना गांव में पहुंची। इसके बाद वे मणीपुर सहित 15 राज्यों के 100 लोकसभा क्षेत्रों में पहुंच कर लोगों से संवाद करेंगे। जानकारी के अनुसार इस दौरान कुल 6,713 किलोमीटर की यात्रा होगी, जो 20 या 21 मार्च को मुंबई में जाकर पूरी होगी।

जम्मू-कश्मीर की धरती, 3.6 तीव्रता का आया भूकंप

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को भूकंप आने के समाचार मिले हैं। यहां 3.6 तीव्रता का भूकंप आया है। मिली जानकारी के अनुसार जम्मू-कश्मीर में आज सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। किश्तवाड़ में मंगलवार सुबह 8.53 बजे लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 3.6 मापी गई। इस भूकंप में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। हालांकि, लोगों भूकंप के झटके से सहमे नजर आए और घरों से बाहर भागते दिखे। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, इस भूकंप का केंद्र किश्तवाड़ बताया जा रहा है। इस भूकंप की गहराई 5 किलोमीटर मापी गई है। इतना ही नहीं, सुबह सात बजे चीन के जिजांग प्रांत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर उस भूकंप की तीव्रता 3.7 मापी गई। गौरतलब है कि इससे पहले असम में सोमवार शाम को 3.6 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गये थे।

2030 तक दुर्घटना से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य : गडकरी

प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और 2030 तक दुर्घटना से होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य है। गडकरी ने 'सड़क सुरक्षा - भारतीय सड़कें@2030 - सुरक्षा के स्तर को ऊपर उठाना' विषय पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के राष्ट्रीय कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि 'सड़क सुरक्षा के 4ई' -इंजीनियरिंग (सड़क और वाहन इंजीनियरिंग) - प्रवर्तन - शिक्षा और आपातकालीन चिकित्सा सेवा को मजबूत करने पर ध्यान देने के साथ-साथ सामाजिक व्यवहार में बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी हितधारकों के सहयोग पर

जोर दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटना 2022 पर नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार 4.6 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, 1.68 लाख मौतें हुईं और 4 लाख गंभीर घायल हुए। उन्होंने कहा कि हर घंटे 53 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं और 19 मौतें होती हैं। गडकरी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसके परिणामस्वरूप सकल घरेलू उत्पाद को 3.14 प्रतिशत का सामाजिक-आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि 60 प्रतिशत मौतें 18 से 35 वर्ष की युवा आयु वर्ग में होती हैं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में मृत्यु एक परिवार में कमाने वाले की हानि, नियोक्ता के लिए पेशेवर क्षति और अर्थव्यवस्था के लिए समग्र क्षति है। गडकरी ने कहा कि नागरिकों के बीच अच्छे यातायात व्यवहार के लिए पुरस्कार की प्रणाली से नागपुर में सकारात्मक परिणाम मिले हैं। केंद्रीय मंत्री ने ड्राइवरों की नियमित आंखों की जांच पर जोर दिया और संगठनों से अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के तहत इसके लिए मुफ्त शिविर आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि स्कूल, कॉलेजों के बीच शिक्षा और जागरूकता, एनजीओ, स्टार्ट-अप, प्रौद्योगिकी प्रदाताओं, आईआईटी, विश्वविद्यालयों, यातायात और राजमार्ग प्राधिकरणों के साथ सहयोग सड़क सुरक्षा के लिए अच्छी प्रथाओं को फैलाने का रास्ता है।

कोहरे व बादलों पर नहीं चला सूर्य देवता का जोर

नई दिल्ली। राजधानी पटना समेत पूरा बिहार शीतलहर की चपेट में है। तापमान में लगातार गिरावट के कारण आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो गया है। पूरे प्रदेश में कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। लोग कंपकंपाती ठंड का कहर झेलने को मजबूर है। कोहरे व शीतलहर का सितम भी जारी है। राजधानी में सूबह बूंदा बांदी भी हुई। कनकनी का असर राजधानी की सड़कों पर दिखेने को मिला। ठंड से बचने के लिए लोग घर में दुबके रहें। कोहरे व बादलों की घेराबंदी पर सूर्य देवता का भी जोर नहीं चला। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों के लिए कोल्ड डे के रूप में घोषित किया है और लोगों को इससे बचने का अलर्ट जारी किया है। खराब मौसम का ट्रेन से लेकर हवाई जहाज तक के परिचालन पर असर पड़ रहा है। मौसम विभाग का यह मानना है कि सर्द पछुआ हवा से राज्य के कई जिलों में तीन दिनों तक घने कोहरे का असर बना रहेगा। मौसम विभाग का मानना है कि पूरे प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बर्फीली ठंडी हवाएं चल रही है।

राजनीति राहुल: लोकसभा चुनाव में यह गठबंधन भारतीय जनता पार्टी को पराजित करेगा

अयोध्या में 22 जनवरी को चुनावी कार्यक्रम : राहुल

प्रात: किरण/एजेंसी

चिफोबोजू । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि अयोध्या में 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को चुनावी, राजनीतिक और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं आरएसएस का कार्यक्रम बना दिया गया है जिस वजह से पार्टी के प्रमुख नेताओं ने इसमें शामिल नहीं होने का फैसला किया। राहुल ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तीसरे दिन यहां संवाददाताओं से कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के मुद्दे को सुलझा लिया जाएगा और इस लोकसभा चुनाव में यह गठबंधन भारतीय जनता पार्टी को पराजित करेगा। अयोध्या में प्राण

प्रतिष्ठा कार्यक्रम से जुड़े सवाल पर राहुल गांधी ने कहा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा ने 22 जनवरी के कार्यक्रम को पूरी तरह से राजनीतिक और नरेंद्र मोदी फंक्शन बना दिया है। यह संघ और भाजपा का कार्यक्रम बन गया है। यही कारण है कि कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वह इस कार्यक्रम में नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा, हम सभी धर्मों के साथ हैं। हिंदू धर्म से जुड़े सबसे प्रमुख लोगों (शंकराचार्य) ने भी अपने विचार प्रकट किए हैं कि यह एक राजनीति कार्यक्रम है। इसलिए हमारे लिए ऐसे किसी कार्यक्रम में जाना बहुत मुश्किल है जिसे प्रधानमंत्री और संघ के इर्द-गिर्द तैयार किया गया है।

कांग्रेस नेता दावा किया कि यह चुनावी कार्यक्रम है, और इसके जरिये चुनावी माहौल तैयार किया जा रहा है। उनका कहना था कि कांग्रेस पार्टी का कोई भी व्यक्ति जो भी दर्शन के लिए जाना चाहता है, वह जा सकता है। उन्होंने कहा, ह्यजो सचमुच धर्म को मानते हैं, वो धर्म के साथ निजी रिश्ता रखते हैं। वे अपने जीवन में धर्म का प्रयोग करते हैं। जो धर्म के साथ सबको दिखाने का रिश्ता रखते हैं, वो धर्म का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं।

राष्ट्रीय कर्लिंग चैंपियनशिप में पुरुषों को दो वर्ग में स्वर्ण

नानकमत्ता, एजेंसी। तीसरी राष्ट्रीय कर्लिंग चैंपियनशिप में उत्तराखंड की पुरुष टीम ने सीनियर और जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया है। जम्मूकश्मीर के गुलमर्ग में पांच से नौ जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में टीम ने यह उपलब्धि हासिल की है। सीनियर टीम में सतविंदर सिंह, अजैब सिंह, अनिल कुमार, बलजिंदर सिंह और उपेंद्र शर्मा शामिल थे। जूनियर पुरुष टीम वर्ग में प्रदीप सिंह, अजय सिंह, गौरव शर्मा, सोहन सिंह शामिल थे। वहीं, सीनियर मिक्स कर्लिंग में अक्षय विवेक, ओजस, सानवी और मिक्स डबल्स में दीपिका व सूरज की जोड़ी को कांस्य पद से संतोष करना पड़ा। इधर, टीम का नेतृत्व कर रहे सतविंदर सिंह ने बताया कि टीम फरवरी में होने वाले खेलो इंडिया में भी प्रतिभागी करेगी। वहां पर राज सिंह, जरनैल सिंह, परविंदर सिंह, शुभम राना, सतपाल सिंह थे।

टैक्सी वालों से पूछ रहे अयोध्या की बुकिंग के सवाल

अल्मोड़ा, एजेंसी। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के लिए लोग तैयारियों में जुटे हैं। अल्मोड़ा के टैक्सी संचालकों से लोग फोन कर अयोध्या की बुकिंग के सवाल पूछ रहे हैं हालांकि अभी कोई बुकिंग का आंकड़ा नहीं मिला है। विश्व हिंदू परिषद प्रांत सेवा प्रमुख मंगल सिंह बिष्ट ने बताया कि जिले से भी कार्यकर्ता 18 जनवरी को अयोध्या रवाना होंगे। संगठन की ओर से कार्यकर्ताओं को अयोध्या ले जाने के लिए ट्रेन में बुकिंग की गई। टैक्सी यूनियन के कोषाध्यक्ष बालकृष्ण जोशी ने बताया कि लोग अयोध्या जाने के लिए बुकिंग की जानकारी ले रहे हैं। अभी बुकिंग नहीं आई है। इधर, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने बताया कि अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए फिलहाल कोई आमंत्रण पत्र नहीं मिला है।

पोल्ट्री वैली योजना से 2400 चूजे उपलब्ध कराए

खटीमा, एजेंसी। दक्षिणी दीर्घाकार बहुउद्देशीय सहकारी समिति में राज्य समेकित परियोजना के तहत सहकारिता विभाग की पोल्ट्री वैली योजना का शनिवार को जिला सहायक निबंधक डॉ. बीएस मनराल ने शुभारंभ किया। डॉ. मनराल ने दक्षिणी लैम्पस के सचिव और नोडल मदर यूनिट के एमडी सुरेश चंद्र सती को पशुपालन विभाग की ओर से 2400 चूजे उपलब्ध कराए। सती ने बताया कि खटीमा में यह पहली मदर यूनिट है। इसमें चूजों को 21 दिन तक मदर यूनिट में पाला जायेगा। इसके बाद समिति के सदस्यों को पहली व दूसरी बार में 250-250 चूजे निशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। वहां पर पोल्ट्री के नोडल अधिकारी और अपर जिला सहकारी अधिकारी नवल किशोर शर्मा, एडीओ जगदीश गिरी, सचिव मझोला लैम्पस दिनेश सिंह आदि थे।

192 लोगों का किया चालान

पिथौरागढ़, एजेंसी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने और मिशन मर्यादा में पुलिस ने अभियान चलाकर 192 लोगों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। वड्डा चौकी पुलिस ने ढाबा संचालक हरीश सिंह और अन्य ढाबा संचालक पूरन सिंह को गिरफ्तार किया। इधर कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने पर रविंद्र जोशी निवासी टकाना लाइन और पवन आर्या निवासी पौण पिथौरागढ़ को गिरफ्तार कर दोनों के वाहनों को सीज किया। एसपी लोकेश्वर सिंह का कहना है कि पुलिस का अभियान जारी रहेगा। नेपाल स्थित बैतड़ी जिले के शिवनाथ गांवपालिका 5 में पानी ढोने वाला ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मैलौली से सुल्लेखान जा रहा ट्रैक्टर हडकेचौर में 100 मीटर नीचे खाई में गिर गया। बैतड़ी जिला प्रहरी कार्यालय के प्रहरी निरीक्षक नंदराज जोशी ने बताया कि हादसे में घायल चालक सुरेश बोहरा (23) बजांग पाथीभरा गांवपालिका का निवासी है। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

38 दिन बाद आज से फिर बैंड-बाजा और बरात

अल्मोड़ा, एजेंसी। आज मकर संक्रांति से मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही शुभ घड़ी का योग प्रारंभ हो रहा है। आठ दिसंबर2023 से बैंड-बाजे की गूंज थम गई थी। ज्योतिषार्च डॉ. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि मकर संक्रांति से शुभ योग प्रारंभ हो जाएगा। जनवरी से मार्च तक 22 प्रमुख विवाह के लिए शुभ मुहूर्त हैं। इन तिथियों में विवाह आदि सभी तरह के मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 12 मार्च तक विवाह का शुभ मुहूर्त है। सोमवार से माघ की शुरूआत होगी। हिंदू धर्म में माघ को पवित्र माह माना जाता है। मान्यता है कि इस माह भगवान विष्णु और सूर्य देव की पूजा करने से मनुष्य को पाल से मुक्ति और मोक्ष प्राप्त होता है। पंडित पीतांबर गुरुरानी ने बताया कि माघ महीने को स्नान, दान और तप के लिए पवित्र माना गया है। इस माह जप, तप, व्रत, गंगा स्नान का विशेष महत्व है। माघ महीने में सूर्य देव, मां गंगा और भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस महीने में पवित्र नदियों में स्नान करने से पुण्य मिलता है। माघ में सभी देव ऋषि तीर्थ राज में जप-तप हेतु आते हैं। लोगों को तीर्थों में भी कल्पवास करना चाहिए। सभी दिनों में तुलसी की पूजा करने के साथ ही गीता का पाठ करें। राहु दोष से मुक्ति के लिए गर्म कपड़े या कंबल का दान करें। शनि दोषों से मुक्ति के लिए काले तिल का दान करना चाहिए। माघ में गंगा स्नान करने से पाप मिट जाते हैं और पुण्य की प्राप्ति होती है। माघ में पवित्र भोजन करना चाहिए। असत्य और किसी का अपमान नहीं करना चाहिए।

पुलिस जवानों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली

अल्मोड़ा, एजेंसी। पुलिस विभाग की तरफ से सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया। पुलिस जवानों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली। सोमवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ बाइक रैली के साथ हुई। सीओ विमल प्रसाद ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने पुलिस जवानों और परिवहन विभाग के कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ में किया 217.28 करोड़ की 65 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

प्रात : किरण, संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को देव सिंह मैदान, पिथौरागढ़ में अयोजित दीदी-बैंणा नारी शक्ति महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 217.28 करोड़ की कुल 65 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 82.82 करोड़ की कुल 37 योजनाओं का लोकार्पण एवं 134.45 करोड़ की 28 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के विकास को समर्पित विभिन्न घोषणाएं कि जिसमें आंवला घाट फेज-2 पेयजल योजना का निर्माण कार्य किए जाने, फगाली गाड़ से पनार पुल तक वैकल्पिक सड़क मार्ग का निर्माण कार्य किए जाने, मोस्टामानू मंदिर का सौंदर्यकरण किए जाने, नैनी-सैनी से जाजरदेवल तक हॉटमिक्स सड़क व नाली निर्माण कार्य किए जाने की घोषणा शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन के साथ भगवान श्री राम दरबार एवं कन्या पूजन भी किया। मुख्यमंत्री ने धारचूला की दारमा, व्यास घाटियों के वाइब्रेंट विलेज से आई महिलाओं के साथ बागेस्वरी चरखे एवं तकली से ऊन कताई की। साथ ही उन्होंने रांच में पारंपरिक विधि से कालिन भी बनाया। मुख्यमंत्री ने फिरका और बिंडा (मटका) के माध्यम से मट्ठा भी बनाया। साथ ही सिलबट्टे में हरा नून (नमक) पीसा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिण सिडकुल आस्थान में 253 उद्यमियों को व्यवसायिक भूखंड आवंटन स्वीकृति पत्र प्रदान किए। उन्होंने पर्यटन विभाग/ जिला प्रशासन की कॉफी टेबल बुक का विमोचन करने के साथ ही मिलेट द्वारा निर्मित भीटोली का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने 6 मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट, 6 अंतरराष्ट्रीय बालिका खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं एवं बहनों का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि अपनी जन्मभूमि पिथौरागढ़ में आना उनके लिए हमेशा भावुक क्षण होता हैं। उन्होंने कहा आज जिन 206 करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है, वो सभी जनपद के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। इस क्षेत्र के विकास के साथ ही आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों की भांति ही अपनी जन्मभूमि में माताओं बहनों का जो प्यार और दुलार उन्हें मिला है उससे वे अविभूत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद पिथौरागढ़ के विकास हेतु राज्य सरकार हर संभव कार्य कर रही है। पिथौरागढ़ में जल्द ही मेडिकल कॉलेज बनेगा। जिसके लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। मेडिकल कॉलेज हेतु लगभग 1 हजार से ज्यादा पदों की स्वीकृति पर मंत्रिमंडल द्वारा सहमति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा पिथौरागढ़ में पार्किंग पंपिंग योजनाएं प्रशासनिक भवन सड़कों के निर्माण कार्य में भी तेजी आई है। मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत पिथौरागढ़ के मंदिरों को भी जोड़ा गया है। उन्होंने कहा नैनी सैनी हवाई अड्डे में 19 सीटर विमान की ट्रायल लैंडिंग सफल हुई है। डीजीसीए की अनुमति आने पर यह विमान नियमित पिथौरागढ़ से चलेगा। उन्होंने कहा विकास की दौड़ में हमारे सीमांत जनपद सबसे आगे रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की मातृ शक्ति अपनी प्रतिभा एवं कौशल से आगे बढ रही हैं। उत्तराखंड राज्य निर्माण में मातृ शक्ति का सबसे बड़ा योगदान रहा। महिलाएं परिवार के साथ ही समाज और प्रदेश हितों का भी ख्याल रखती हैं। मातृ शक्ति के सहयोग से ही समाज, राज्य, राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव है। महिलाएं जिस भी कार्य को अपने हाथों में लेती हैं, उसे स्वाभाविक तौर पर पूरा करती हैं। परिश्रम और मातृ शक्ति एक दूसरे के पूरक हैं। राष्ट्र की मातृ शक्ति शिक्षित होने से उस राष्ट्र का वर्तमान के साथ भविष्य भी सुरक्षित रहता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत के मंत्र को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के मंत्र को पूरे उत्तराखंड की बहनों ने आत्मसात किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं, जो नए भारत की शानदार तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सुविधा और सुरक्षा के सिद्धांत पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। गांव-गांव में महिलाओं को घर, शौचालय, गैस, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और दूसरी आवश्यक जरूरतों पर भी सरकार पूरी संवेदनशीलता से काम कर रही है। आज देश एवं प्रदेश भर में महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण क्षेत्र में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया राज्य में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने के साथ ही मुख्यमंत्री नारी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, लखपति दीदी योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी योजना, नंदा गौरा मातृवंदना योजना और महिला पोषण अभियान जैसी विभिन्न योजनाएं प्रारंभ की हैं। उन्होंने कहा प्रदेश की जनता के हितों के लिए जो भी आवश्यक कदम हों, बिना देरी के उठाएं जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून लागू किया गया है साथ ही धर्मांतरण रोकने के लिए भी कानून बनाया गया है। प्रदेश में पहली बार सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई है। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ भी पहली कार्रवाई करने से राज्य सरकार पीछे नहीं हटी है उन्होंने कहा हम उत्तराखंड में समान नागरिक आचार संहिता को भी लागू करने की तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ माह पूर्व ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन किये थे, जिसके फलस्वरुप आदि कैलाश और जागेश्वर धाम में पर्यटकों को संख्या बढ़ रही है। यह राज्यवासियों के लिए हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री जी उत्तराखंड के पर्यटक स्थलों को देश व दुनिया में नई पहचान दिला रहे हैं। उन्होंने कहा 22 जनवरी का दिन इतिहास में अमर होने जा रहा है। इस दिन राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होगी। हम सभी के लंबे वर्षों का इंतजार खत्म होगा। सांसद अजय टम्टा ने सभी अतिथियों व महिलाओं का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार सभी जन समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने ,व प्रदेश देश का सर्वांगीण विकास के लिए कटिबंध है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के सहयोग व निर्देशन में नैनी सैनी एयरपोर्ट में 19 सीटर वायुयान की ट्रायल सफलता से हो चुकी है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से आदि कैलाश के रूप में हमें नए पर्यटन डेस्टिनेशन मिला है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री का आभार भी व्यक्त किया।

बेराई में बलिदानी प्रदीप रावत स्मृति द्वार का शिलान्यास

नई टिहरी, एजेंसी।
नरेंद्रनगर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बमुंड बेराई गांव में बलिदानी प्रदीप रावत की स्मृति में बनने वाले द्वार का शिलान्यास किया गया है। इससे पहले वीर सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिक ने 12 अगस्त 2018 को उरी सेक्टर में देश के लिए अपना बलिदान दिया था। सोमवार को बमुंड बेराई गांव में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री व शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने वीर सैनिक स्मृति द्वार का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बलिदानी प्रदीप रावत ने अपनी शिक्षा-दीक्षा ऋषिकेश में ग्रहण की थी। 19 मार्च 2010 में वे सेना में भर्ती हुए थे। 10 अक्तूबर 2013 को उनका चयन स्पेशल फ्रंटियर फोर्स में हुआ था। 2 अप्रैल 2017 को उनकी तैनाती उरी सेक्टर में हुई थी। 12 अगस्त 2018 में उन्होंने देश की सीमा पर अपना बलिदान दिया। कहा कि भाजपा सरकार राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

पीएम मोदी ने पौड़ी के बोक्सा समुदाय के लाभार्थियों से किया वर्चुअल संवाद

देहरादून, एजेंसी।
विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में उपस्थित बोक्सा समुदाय के जनमानस को आश्वासन दिया कि वे आगामी 19 जनवरी को सरकारी अमले के साथ बोक्सा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में जाकर लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर निस्तारण करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत के तहत पौड़ी की बोक्सा जनजाति के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद किया। भारत सरकार द्वारा कोटद्वार के अंतर्गत हल्दूखाता मल्ला व लच्छमपुर गांव को चयनित किया गया था। इसके तहत संवाद को सुनने के लिए कोटद्वार स्थित एवीएन पब्लिक में स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्षा ऋतु खंडूड़ी, सांसद पौड़ी तीरथ सिंह रावत,

जिलाधिकारी सहित जनजाति समुदाय के लाभार्थी पहुंचे। सांसद तीरथ सिंह रावत ने पीएम मोदी की इस योजना की सराहना की। समाप्त होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम में उपस्थित बोक्सा समुदाय के जनमानस को आश्वासन दिया कि वे आगामी 19 जनवरी को सरकारी अमले के साथ बोक्सा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में जाकर लोगों की समस्याओं की सुनवाई कर निस्तारण करेंगी। उनके द्वारा बोक्सा जनजाति समुदाय के छह अटल आयुष्मान के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरण, आठ उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरण, पांच लाभार्थियों को निशुल्क बीज वितरण, 105 लाभार्थियों को सब्जी बीज की मिनी किट, पांच लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरण किया गया। जबकि तीन नवजात शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया।

सीएम ने वर्चुअली किया कौतिक का शुभारंभ

बागेश्वर, एजेंसी।
सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कुमाऊं की काशी के नाम से विख्यात बागेश्वर के उत्तरायणी कौतिक को धार्मिक, सांस्कृतिक के साथ ही राजनीतिक महत्व का बताया। सीएम ने वर्चुअली मेले का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुमाऊं की काशी के नाम से विख्यात बागेश्वर के उत्तरायणी कौतिक को धार्मिक, सांस्कृतिक के साथ ही राजनीतिक महत्व का बताया। सीएम ने वर्चुअली मेले का उद्घाटन किया। मेले का औपचारिक उद्घाटन सांसद अजय टम्टा ने किया। नुमाइशखेत मैदान में मेले के शुभारंभ पर हुई सभा को वर्चुअली संबोधित करते हुए सीएम धामी ने कहा कि संस्कृति के संरक्षण में मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कहा कि उत्तरायणी मेले ने लोगों को आपस में जोड़ने का कार्य किया है। मकर संक्रांति पर पतित पावनी सरयू में त्रिमाघी स्नान और पौराणिक बागनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना का पौराणिक काल से विशेष धार्मिक महत्व रहा है। राष्ट्र और संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से जानने का अवसर प्रदान करने वाला यह सांस्कृतिक मेला, निश्चित रूप से आगामी पीढ़ी के लिए सामाजिक समरसता को प्रगाढ़ करने का कार्य करेगा। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी बद्री दत्त पांडे और अन्य सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से कुली बेगार जैसी कुप्रथा का अंत हुआ। उन्होंने कहा कि इस बार की मकर संक्रांति और माघ मास इसलिए भी खास है कि इस बार अयोध्या में बहुप्रतीक्षित राम मंदिर का शुभारंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्य कार्यक्रमों के पूर्व नियोजित होने और शासकीय कार्यों की व्यस्तता के चलते वह स्वयं मेले में नहीं पहुंच पाए।

डेढ़ घंटे की जद्दोजहद के बाद मोटाढाक ने जीती गिंदी

कोटद्वार, एजेंसी।
मकर संक्रांति के दिन मवाकोट में गिंदी कौथिग का आयोजन हुआ। पारंपरिक तरीके और विधि विधान के साथ मेला स्थल पर गिंदी को लाया गया। इसके बाद कौथिग शुरू हुआ और गिंदी (गेंद) के लिए कोटद्वार और मोटाढाक के बीच गुत्थमगुत्था हुई। करीब डेढ़ घंटे तक चली गुत्थमगुत्था के बाद मोटाढाक के कौथगेर गेंद को अपने पाले में ले जाने में कामयाब रहे। इस कौथिग में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने कहा कि मवाकोट का गिंदी कौथिग राजकीय घोषित किया जाएगा। शंकर दत्त जोशी गेंद मेला एवं क्षेत्रीय विकास समिति मवाकोट

की ओर से आयोजित मवाकोट गेंद मेले का उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने किया। उन्होंने कहा कि यह मेला ऐतिहासिक और पौराणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मेला है। इसका संरक्षण व संवर्द्धन करना हमारी जिम्मेदारी है। पूजन कर गिंदी को लाया गया और शाम 4ः00 बजे बाद गिंदी खेली गई। कोटद्वार और मोटाढाक के कौथगेरों के बीच करीब एक घंटे तक गुत्थमगुत्था हुई और अंत में मोटाढाक के कौथगेर गेंद को अपने पाले में ले जाने में कामयाब रहे। इस मौके पर लोगों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर संदेश कला मंच के कलाकारों के साथ छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

न यातायात नियंत्रित किया न ही सड़क किनारे से हटाए वाहन

बागेश्वर, एजेंसी। उत्तरायणी कौतिक के शुभारंभ से पहले निकलने वाली झांकी मेले का मुख्य आकर्षक होती है। झांकी को देखने के लिए सैकड़ों लोग उमड़ते हैं। इस दौरान तहसील मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पर रोक रहती है। सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहन भी हटा दिए जाते हैं। इस बार ऐसा कुछ नहीं हुआ। एक ओर से झांकी निकल रही थी तो दूसरी ओर से वाहनों की आवाजाही जारी थी। सड़क किनारे खड़े दोपहिया भी जस के तस थे। झांकी के दौरान हुई इन अव्यवस्थाओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बीते वर्षों तक रवानगी से पूर्व झांकी को व्यवस्थित तरीके से लाइनबद्ध किया जाता था। मुख्य अतिथि तहसील गेट से हरी झंडी दिखाकर झांकी को रवाना करते थे। इस दौरान सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोक दी जाती थी। इस साल का दृश्य एकदम बदला नजर आया। झांकी में शामिल होने वालों को कतारबद्ध नहीं किया गया। झांकी में शामिल होने वाले विद्यार्थी और कलाकार चक्कर काटते देखे गए। झांकी की रवानगी 11 बजे होनी थी लेकिन कोई हरी झंडी दिखाने वाला ही नहीं था। 11 बजते ही झांकी बिना हरी झंडी के रवाना होने लगी। सड़क पर पहुंचते ही झांकी में शामिल लोगों के कदम जाम ने ठिठका दिए। सड़क किनारे कतार से दोपहिया वाहन खड़े थे। बीच सड़क पर निजी वाहन, माल वाहक वाहन और सरकारी विभागों के वाहन दौड़ रहे थे। यह हालात तब हुए जब तीन दिन पहले की यातायात परिवर्तन का प्लान जारी हो गया था। पुलिस कर्मी पिछले तीन दिन से तहसील परिसर के आसपास खड़े वाहनों को हटाने की चेतावनी दे रहे थे लेकिन सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाने की जहमत नहीं उठाई। बागेश्वर। करीब साढ़े 11 बजे झांकी को हरी झंडी दिखाने पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पहुंचे तो उनके साथ आए वाहनों के काफिले ने हालात अधिक खराब कर दिए। जब तक झांकी को हरी झंडी दिखाई जाती, झांकी तहसील गेट से आगे बढ़ गई थी।

कुमाऊं के नौ मंदिरों की 70 करोड़ की डीपीआर तैयार

अल्मोड़ा, एजेंसी। मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत कुमाऊं में चयनित 16 में से नौ मंदिरों की डीपीआर तैयार हो चुकी है। जल्द ही इनके कायाकल्प का कार्य शुरू होगा। शेष सात मंदिरों की डीपीआर 15 फरवरी तक तैयार होने की संभावना जताई जा रही है। कुमाऊं मंडल के प्राचीन मंदिरों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए मंदिर माला मिशन संचालित किया गया है। पहले चरण में मिशन के तहत कुमाऊं के 16 मंदिरों का चिन्हीकरण किया गया था। हाट कालिका मंदिर, बागेश्वर में बागनाथ मंदिर, बैजनाथ मंदिर, चंपावत में पाताल रुद्रेश्वर, मां पूर्णागिरी मंदिर, मां बाराही देवी मंदिर, बालेश्वर मंदिर, नैनीताल में नैना देवी मंदिर, कैंचीधाम मंदिर जबकि ऊधमसिंह नगर में चैती मंदिर शामिल हैं।

कुमाऊं कमिश्नर ने इन आठ कमरों का किया निरीक्षण

नैनीताल, एजेंसी।
कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने नैनीताल के पास एक निर्माणाधीन एस्ट्रो पार्क और गांधी ताकुला आश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने एस्ट्रो पार्क में बन रहे 8 कमरों और होटल का निरीक्षण किया। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने सोमवार को नैनीताल के समीप ताकुला गांव स्थित निर्माणाधीन एस्ट्रो पार्क और गांधी ताकुला आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एस्ट्रो पार्क में बन रहे 8 कमरों और होटल का निरीक्षण किया। बताया कि 2021-22 में पैसा आवंटन कार्यदाई मंडी संस्था को दे दिया था, लेकिन कार्यदाई संस्था के कार्य में लापरवाही देखने को मिल रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को हर 15 दिन में कार्य की प्रगति रिपोर्ट देने की

बात कही। उन्होंने गर्मियों के सीजन से पहले निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे सीजन के समय पर्यटकों को बेहतर सुविधा मिल सके। इसके बाद आयुक्त ने गांधी ताकुला आश्रम का निरीक्षण किया। बताया कि आश्रम एडीबी की फंडिंग से कुछ साल पहले बना था, जो वर्तमान में पर्यटन विभाग को हस्तान्तरित किया गया। इस दौरान उन्होंने पार्क में साफ सफाई नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत को साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। परिसर के भीतर बेहतर रख रखाव की बात कही। व्यू पाइंट के आसपास घास और झाड़ियों का कटान और विद्युत तार को हटाने के निर्देश दिए। यह आश्रम एक धरोहर है। निरीक्षण के दौरान ताकुला गांव के ग्रामीणों ने आयुक्त को बिजली, पानी, गैस आदि की समस्या बताई।

सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई टैक्सी

अल्मोड़ा, एजेंसी।
हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे पर क्वारब के पास हल्द्वानी से आ रही एक टैक्सी सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। घटना में एक यात्री को गंभीर चोट आई, उसे उपचार के लिए हायर सेंटर भेजा गया है। सोमवार सुबह करीब चार बजे बागेश्वर निवासी चालक हल्द्वानी से सवारी लेकर आ रहा था। क्वारब के पास उसकी टैक्सी अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। घटना के बाद यात्रियों में अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना में घायल हरीश पुत्र देव सिंह, निवासी गड़िया, बागेश्वर को 108 की मदद से बेस अस्पताल पहुंचाया।

जिला स्तरीय एथलेक्टिस प्रशिक्षण का समापन

टनकपुर (चंपावत), एजेंसी। स्पेशल कंपोनेंट प्लान के तहत अनुसूचित जाति के बालकों का जिला स्तरीय एथलेटिक्स विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया है। स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर में अंडर-16 और 19 आयु वर्ग के विशेष प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह बोरा युवाओं को पैदल चाल, दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि का प्रशिक्षण दिया। मुख्य अतिथि जिल पंचायत सदस्य किरन देवी और विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला क्रिकेट एसोसिएशन चंपावत लक्ष्मण सिंह पाटनी ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। जिला क्रीड़ाधिकारी भुवन चंद्र पंत ने बताया कि इस तरह की खेल प्रशिक्षण युवाओं को खेल की बारीकियां सिखाने के लिए समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं।

केजरीवाल सरकार छह शहीद जवानों के परिवार को देगी एक-एक करोड़ की सम्मान राशि, मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

देश और समाज की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों के परिवारों के साथ खड़ी है केजरीवाल सरकार- आतिशी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

केजरीवाल सरकार ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले दिल्ली के छह शहीद जवानों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देगी। केजरीवाल सरकार दिल्ली पुलिस में तैनात एएसआई ओम प्रकाश व एएसआई राघेश्याम, भारतीय सेना में तैनात मेजर रघुनाथ व कैप्टन जयंत जोशी, दिल्ली सिविल डिफेंस कर्मी पुनीत गुप्ता और फायर ऑपरेटर प्रवीर कुमार के परिवार को यह सम्मान राशि देगी। इस संबंध में राजस्व विभाग से आए प्रस्ताव को सीएम अरविंद केजरीवाल अपनी मंजूरी दे दी है। इस बाबत दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने बताया कि दिल्ली सरकार सेना, पुलिस, पैरामिलिट्री, दिल्ली सिविल डिफेंस, होम गार्ड के जवानों की बहादुरी का सम्मान करती है। हमारी सरकार वर्दी पहनने वाले हर एक उस जवान की कद्र करती है जो अपनी जान पर खेल कर देश और समाज की रक्षा करते हैं। दिल्ली सरकार इनके जज्बे को सलाम करती है। राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि सरकार में आते ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों के परिवारों को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने शुरू किया। इस सम्मान राशि से शहीदों के परिवारों के नुकसान की भरपाई तो नहीं की जा सकती, लेकिन उनके परिवार को एक सम्मानजनक जीवन जीने में थोड़ी मदद जरूर मिलेगी।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने 6 बहादुर सिपाहियों की शहादत को नमन करते हुए उनके परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार हमेशा शहीदों के परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। दिल्ली सरकार की यह योजना देश की सेवा कर रहे उन सभी वदीर्धारी सैनिकों को यह आत्म विश्वास देती है कि सरकार और समाज उनके परिवार के साथ है।

बता दें कि, केजरीवाल सरकार इस योजना के तहत दिल्ली के निवासी सेना, पुलिस, पैरामिलिट्री, दिल्ली सिविल डिफेंस, होम गार्ड के जवान आते हैं जो ड्यूटी के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देते हैं। सरकार उनकी बहादुरी को सलाम करती है और उनका परिवार बेहतर ढंग से सम्मानपूर्वक जीवन जी सके, इसके लिए उन्हें एक-एक करोड़ रुपये की सम्मान राशि प्रदान करती है।

इन छह शहीद जवानों में भारतीय सेना के दो जवान, दिल्ली पुलिस के दो जवान, दिल्ली सिविल डिफेंस के एक जवान और दिल्ली फायर सर्विसेज के एक जवान शामिल है। शहीदों को सम्मान देने की इस योजना के तहत दिल्ली सरकार दिल्ली निवासी या दिल्ली में ड्यूटी पर तैनात उन सभी वदीर्धारियों के परिवारों को 1-1 करोड़ रुपये की सम्मान राशि देती है जो ड्यूटी के दौरान बहादुरी दिखाते हुए शहीद हुए।

इन छह शहीदों के परिवारों को मिलेगी सम्मान राशि

1- एएसआई ओम प्रकाश, दिल्ली पुलिस

एएसआई ओम प्रकाश ओखला इंडस्ट्रियल एरिया पुलिस स्टेशन में तैनात थे। घटना के दिन वो सी-लाल चौक पर पिकेट ड्यूटी पर तैनात थे। जब वो अपने सहयोगी के साथ चौक पर वाहनों की जांच कर रहे थे, तभी लगभग 11:45 बजे उन्हें एक मोटरसाइकिल पर उनकी तरफ आते तीन लोग दिखे। जब उन्होंने नियमों का उल्लंघन कर रहे मोटरसाइकिल सवारों को रोकने की कोशिश की, तो मोटरसाइकिल सवारों ने उन्हें टक्कर मार दी। मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से एएसआई ओम प्रकाश गिर गए और उनका सिर सड़क से टकरा गया, उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्हें एम्स ले जाया गया। वहां कुछ समय तक इलाज चलने के बाद वो शहीद हो गए।

2- मेजर रघुनाथ, भारतीय सेना

द्वारका निवासी मेजर रघुनाथ भारतीय सेना की तीसरी बटालियन, पैराशूट रेजिमेंट (स्पेशल फोर्सेज) में थे। संभावित घुसपैठ के बारे में एजेंसियों की खुफिया जानकारी के आधार पर 5 मई 2022 को सुखदार, जम्मू-कश्मीर में उनके द्वारा एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया। लगभग 10:45 बजे, मौसम खराब हो गया। घने कोहरे और बारिश से हालात बिगड़ गए और इस दौरान मेजर रघुनाथ, लाइन ऑफ कंट्रोल के पास जोखिम भरे इलाके से ऑपरेशन के दौरान फिसलकर सलामाबाद नाले में गिर गए और उनके सिर पर गंभीर चोट लगी। बचाव दल उन्हें नजदीकी अस्पताल लेकर गई लेकिन तब तक मेजर रघुनाथ शहीद हो चुके थे।

3- पुनीत गुप्ता, दिल्ली सिविल डिफेंस

पांडव नगर निवासी पुनीत गुप्ता परिवहन विभाग में तैनात थे और घटना के दिन फील्ड ड्यूटी पर तैनात थे। वाहनों की जांच के दौरान रात 12:40 बजे ढांसा की ओर से एक ट्रक टेढ़े-मेढ़े तरीके से आ रहा था। ट्रक को पुनीत गुप्ता रुकने का इशारा किए, लेकिन ट्रक ने रुकने की बजाय उन्हें टक्कर मार दी। वो गिर गए और ट्रक से कुचल गए। घटना के तुरंत बाद उन्हें बेहोशी की हालत में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

4- प्रवीण कुमार, फायर ऑपरेटर

प्रवीण कुमार भोरगढ़ फायर स्टेशन में तैनात थे। सीआईएसएफ कैंप के पास एच-ब्लॉक में एक डिस्पोजेबल प्लेट बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने की घटना सामने आई है। आज बुझाने के अभियान के दौरान इमारत का पिछला हिस्सा ढह गया, जिससे प्रवीण कुमार सहित कई अग्निशमन कर्मी झुलस गए। उन्हें तुरंत लोक नायक अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन जलने के बाद सेप्टिसेमिक शॉक के कारण इलाज के दौरान प्रवीण कुमार जी शहीद हो गए।

प्रधानमंत्री संग्रहालय में खुली प्रधानमंत्री नरेन्द्र गैलरी, राष्ट्रपति पहली आंगतुक बनीं

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

लंबी प्रतीक्षा के बाद आखिरकार प्रधानमंत्री संग्रहालय में दर्शकों को अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीर्घा भी देखने को मिलेगी। मंगलवार से यह आम लोगों के लिए खुल जाएगा। इस संग्रहालय का उद्घाटन 14 अप्रैल 2022 को नरेंद्र मोदी ने ही किया था, लेकिन अभी तक खुद उनकी दीर्घा नहीं थी, क्योंकि वह पीएम रहते ऐसा नहीं चाहते थे, लेकिन दर्शकों की यह मांग खूब थी। उद्घाटन के बाद से संग्रहालय में लगभग 7.5 लाख आगंतुक आ चुके हैं।

आखिरकार यह मामला गृह मंत्री अमित शाह के पास गया, जिसपर पिछले वर्ष ही मोदी की भी दीर्घा का निर्माण तय किया गया। अब अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व लोकसभा चुनाव के ठीक पहले अब इसके जरिए प्रधानमंत्री के बाल्य जीवन, मुख्यमंत्री व बतौर प्रधानमंत्री लिए गए निर्णयों, उसके देश पर प्रभाव, विदेश यात्रा और उनके मायने समेत अन्य अनछूए पहलुओं से रूबरू हो सकेंगे। जिसे डिजिटल डिस्प्ले के रूप में प्रदर्शित किया गया है। सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस दीर्घा की पहली आगंतुक बनीं।

नरेंद्र मोदी की दीर्घा को सुशासन, पर्यावरण, नए भारत की बुनियाद, अंतरराष्ट्रीय सद्भाव, विज्ञानोदय, सांस्कृतिक धरोहर, जन भागीदारी और सुरक्षा के आठ खंडों में बांटा गया है। इसी तरह, राम मंदिर के निर्माण और अन्य मंदिरों के कायाकल्प को संस्कृति नामक खंड के हिस्से के रूप में प्रदर्शित किया गया है। जबकि विज्ञानोदय में चंद्रयान, सूर्ययान समेत सरकार में अन्य उपलब्धियों को रखा गया है। विकास खंड में सेवाओं का डिजिटलीकरण, ईज आफ डूईंग बिजनेस, मेक इन इंडिया समेत अन्य को रखा गया है। इस दीर्घा में प्रवेश करते ही दोनों ओर मोदी की तस्वीर और लाल किला की प्राचीर से वर्ष 2021 में दिया गया उनका भाषण यही समय है सही समय है, लिखा है। सुशासन में अत्योदय, सबका साथ, सबका विकास को स्थान दिया गया है। जन भागीदारी में मन की बात, परीक्षा पर चर्चा, जनता से संवाद को रखा गया है। राष्ट्रपति ने संग्रहालय में डेढ़ घंटे बिताए। वह पुरानी इमारत में संविधान गैलरी भी गईं। तोशखाना को दिलचस्पी से देखा, जहां देश-विदेश के प्रधानमंत्रियों को मिले उपहार प्रदर्शित हैं। इस क्रम में पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के निजी विंग का दौरा भी किया। संग्रहालय की नई इमारत में राष्ट्रपति ने विभिन्न प्रधानमंत्रियों की दीघाओं में जाने से पहले आजादी एवं एकजुटता दीर्घा देखी। राष्ट्रपति ने संग्रहालय की सराहना की और आगंतुक पुस्तिका में भी लिखा कि मुझे विश्वास है कि हर भारतीय नागरिक जो यहां आएगा और संग्रहालय की विभिन्न दीघाओं को देखेगा, उसे गर्व महसूस होगा।

इस अवसर पर पीएम संग्रहालय और पुस्तकालय (पीएमएमएल) कार्यकारी परिषद के सदस्य, अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा, उपाध्यक्ष ए सूर्य प्रकाश, निदेशक संजीव नंदन सहाय, विनय सहस्त्रबुद्धे और स्वपन दासगुप्ता सहित अन्य भी उपस्थित थे।

भगवान राम सबके हैं और सब भगवान राम के हैं : दीपेंद्र

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को कहा कि भगवान राम सबके हैं तथा और सब लोग भगवान राम के हैं और उनकी पार्टी इसी विचारधारा पर विश्वास करती है। श्री हुड्डा ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया ब्रीफिंग में कहा, मैं उस राज्य से आता हूं जहां हम अपना दिन भगवान राम के नाम से शुरू करते हैं। भगवान राम सबके हैं और सभी की भगवान राम में आस्था है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भगवान राम का आशीर्वाद लेने के लिए अयोध्या गये थे और वह स्वयं पहली बार अयोध्या नहीं गये, बल्कि पिछले साल भी उन्होंने अयोध्या और राम मंदिर का दौरा किया था। उन्होंने कहा, हमने सरयू नदी में पवित्र डुबकी लगायी और ब्रह्मांड में शांति के लिए प्रार्थना की। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी हरियाणा में घर-घर कांग्रेस अभियान शुरू करेगी तथा उन्होंने भगवान राम से प्रार्थना की और इसके लिए उनका आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों का सम्मान करती है और मानती है कि सभी को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से सुंदरकांड पाठ का पाठ शुरू करने के बारे में पूछे जाने पर श्री हुड्डा ने प्रतिप्रश्न करते हुए कहा कि आप गठबंधन सहयोगी है और कांग्रेस को उनके फैसले से कोई दिक्कत क्यों होगी। उन्होंने कहा देश में हर पार्टी को धार्मिक अनुष्ठान करने और करने का अधिकार है। हमें कोई समस्या क्यों होनी चाहिए? हम खुश हैं। गौरतलब है कि सोमवार को मकर संक्रांति के मौके पर श्री हुड्डा, सुप्रिया श्रीनेत और उत्तर प्रदेश इकाई के कई कांग्रेस नेता अयोध्या पहुंचे थे और सरयू नदी में डुबकी लगाने के साथ ही राम लला की पूजा-अर्चना भी की थी।

80 साल की बुजुर्ग महिला को पीट-पीटकर मार डाला

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

जैतपुर के सौरभ विहार में 80 वर्षीय वृद्धा की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद बदमाश घर में रखे सोने के आभूषण लूटकर ले गए। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए घटना का कुछ घंटे बाद ही सीसीटीवी कैमरों की सहायता से खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो आरोपित गिरफ्तार कर लिए। पुलिस ने उनके पास से लूटे गए आभूषण भी बरामद किए है। दोनों आरोपित घर में लूट करने के इरादे से घुसे थे।

सभी के लिए प्रेम और दया की भावना रखें

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सिख इतिहास में दस गुरुओं के जीवन में ऐसे कई वाक्य हुए हैं जो हमें सिखाते हैं कि हमें अपना जीवन कैसे जीना चाहिये? उनके जीवन की इन घटनाओं से हमें यह पता चलता है कि हमें प्रभु को पाने के रास्ते पर चलने के लिए अपने अंदर सद्गुणों को ढालना होगा। उनमें से एक मुख्य सद्गुण है प्रेम। हमें सभी के प्रति चाहे वो हमारे परिवार, मित्र, अनजान व्यक्ति या दुश्मन ही क्यों न हों, यहाँ तक कि पेड़-पौधे और जानवरों आदि के लिए भी अपने अंदर प्रेम व दया की भावना को जागृत करना होगा। जब हम यह अनुभव करते हैं कि हम एक शरीर नहीं बल्कि एक आत्मा हैं तो तब हम इस सृष्टि के प्रति और ज्यादा जागरूक हो जाते हैं। हम हमेशा इस बात का ख्याल रखते हैं कि किन चीजों से इस धरती की संपदा को कायम रखा जा सकता है? इसके अलावा हम इस धरती पर रहने वाले छोटे से छोटे जीव-जंतुओं के दर्द के प्रति और भी ज्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। इसके साथ-साथ हम जानवरों और पेड़-पौधों के प्रति भी दया का भाव रखते हैं और उनकी पीड़ा को महसूस करने लगते हैं।

सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिन्द सिंह जी के जीवन से एक बहुत ही महत्वपूर्ण घटना हमें यह सिखाती है कि कैसे हमें दूसरों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करना चाहिये? उन्होंने उस समय के शासक जो लोगों को हानि पहुंचाते थे, उनके साथ युद्ध किया। उनके प्रिय शिष्य भाई कन्हैया थे, जिन्हें युद्ध के मैदान में घायल सिपाहियों को पानी पिलाने की सेवा दी गई थी लेकिन भाई कन्हैया केवल अपनी तरफ के सिपाहियों को ही नहीं बल्कि दुश्मनों के घायल सिपाहियों को भी पानी पिलाते थे। तो कुछ लोग गुरु गोबिन्द सिंह जी के पास गए और उन्होंने उनसे भाई कन्हैया के इस व्यवहार की शिकायत की। तब गुरु गोबिन्द सिंह जी ने भाई कन्हैया से इसका जवाब पूछा तो भाई कन्हैया ने गुरु साहब को यह कहा कि, मैं जहाँ भी आपकी ज्योति देखता हूँ, मैं वहीं पानी पिला देता हूँ। तो गुरु गोबिन्द सिंह जी ने यह फरमाया कि यही एक ऐसा व्यक्ति है जिसने मेरी शिक्षा को सही रूप में समझा और उस पर अमल किया। तब उन्होंने भाई कन्हैया को यह भी हुकूम दिया कि अब आगे से पानी ही नहीं बल्कि उन सिपाहियों की मरहम-पट्टी भी किया करो।

इसीलिए न सिर्फ सिख इतिहास से बल्कि सभी धर्म-ग्रंथों से हमें यही शिक्षा मिलती है कि हम एक सदाचारी जीवन व्यतीत करें क्योंकि सदाचारी जीवन की चाबी ही हमारे रूहानियत के सभी दरवाजों को खोल सकती है। सदाचारी जीवन का अर्थ यह है कि हम अपने जीवन में से अवगुणों को बाहर निकालें और सद्गुणों को अपने अंदर ढालें। अगर हमें भाई कन्हैया की तरह सभी जीवों में परमात्मा की ज्योति देखनी है तो हमें सबसे प्रेम करना होगा और दूसरों के प्रति नम्रता, ईमानदारी और दया का भाव अपने अंदर पैदा करना होगा ताकि हम चाहे

भाजपा ने दारा सिंह चौहान को विधान परिषद उपचुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान को राज्य विधान परिषद के उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया। चौहान हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनाव में हार गए थे। पार्टी ने एक बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद उपचुनाव के लिए केंद्रीय चुनाव समिति ने दारा सिंह चौहान के नाम को स्वीकृति दी है। चौहान 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार के रूप में घोसी से विधायक चुने गए थे लेकिन पिछले साल भाजपा में शामिल होने के लिए उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद वहां हुए उपचुनाव में वह भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे लेकिन उन्हें समाजवादी पार्टी (सपा) के सुधाकर सिंह के हाथों करारी शिकस्त झेलनी पड़ी थी। सपा में शामिल होने से पहले चौहान भाजपा में ही थे। चौहान अत्यंत पिछड़ी जाति से आते हैं। विधान परिषद उपचुनाव में उनका जीतना लगभग तय माना जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें उम्मीदवार बनाने का भाजपा का फैसला राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है।

राम जी ने अपनी सेवा के लिए मोदी जी को सेवक चुना:मीनाक्षी लेखी

जीतेन्द्र शर्मा ,संवाददाता

केंद्रीय कला एवम संस्कृति मंत्री मीनाक्षी लेखी ने आज आईसीसीआर द्वारा मथुरा रोड स्थित पुराना किला में 18 से 21 जनवरी तक अंतर्राष्ट्रीय रामायण उत्सव की जानकारी मीडिया से साझा करते हुए कहा इस बार जब करीब सात सौ साल के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम अपने घर विराजमान हो रहे है तो राम जी ने देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को अपना सेवक बनने का उत्तरदायित्व सोपा हैं श्रीमती लेखी ने मीडिया के स्वालो के जवाब में बताया इस बार यह रामायण उत्सव देश ही नहीं कई दूसरे देशों में भी आयोजित होगा साथ ही हम इस महान उत्सव को हर उस नगर शहर कस्बे के साथ भी जोड़ रहे है जहां जहां से प्रभु श्री राम जी का संबंध रहा यही वजह यह आयोजन पूरे वर्ष अलग अलग तारीखों पर अलग अलग स्थानों पर भी किया जाएगा। श्रीमती लेखी के अनुसार ऐसा शायद पहली बार होगा जब रामायण के सभी किरदार राम लक्ष्मण आदि के किरदार भी महिला कलाकारो द्वारा निभाए जाएंगे। इस वर्ष चित्रकूट, अयोध्या, सीतामढ़ी, कर्नाटक, वाराणसी, कन्याकुमारी,सहित रामायण से जुड़े अन्य नगरों में किए जाएंगे।

इस रामायण उत्सव का उद्घाटन कला एवं संस्कृति मंत्री मीनाक्षी लेखी करेगी, इस अंतरराष्ट्रीय रामायण मेला में राम भक्ति से सरोबोर देश में होने वाले कार्यक्रमों के अलावा विदेश में होने वाले रामलीलाओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा। ताकि अयोध्या की तरह पूरी दिल्ली भी राममय हो होगी सुबह 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलने वाली इस अंतर्राष्ट्रीय रामायण मेला में दर्शको का प्रवेश निशुल्क होगा। इस बार इंडोनेशिया, मलेशिया, श्रीलंका, थाईलैंड, कंबोडिया, सिंगापुर एवं रसियन फेडरेशन द्वारा वहां होने वाले रामलीला का प्रदर्शन अंतर्राष्ट्रीय रामायण मेले में किया जाएगा । आईसीसीआर ह्यरामायण परंपरा के माध्यम से दुनिया को जोड़ना वाली विषय पर आधारित एक बहुआयामी प्रस्तुति प्रस्तुत करने जा रहा है। जिसमें सात देशों की रामलीला का लाइव बैले प्रदर्शन के अलावा इस चार दिवसीय रामायण मेला में कला और शिल्प प्रदर्शनियों के लिए भी एक मंच होगा। पहले दिन का कार्यक्रम वाराणसी के थिएटर निर्देशक-सह-कवि व्योमकेश शुक्ला द्वारा निर्देशित ह्यराम की शक्ति पूजाह्न की उपयुक्त थीम पर भारतीय रामायण समूह, वाराणसी द्वारा उद्घाटन प्रदर्शन के साथ शुरू होगा। इस अनूठे प्रदर्शन में महिलाओं को भगवान राम और लक्ष्मण की भूमिकाओं में दिखाया गया है, जो सामान्य जीवित विरासत से बिल्कुल अलग है। इस कार्यक्रम के बाद थाईलैंड के खोन नृत्य मंडली द्वारा रामायण का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें रावण द्वारा सीता के अपहरण के आसपास का दृश्य दिखाया जाएगा।

मलेशिया के ललित कला मंदिर द्वारा अगली शाम प्रदर्शन उनकी रामायण सामग्री में भारतीय नृत्य रूपों की समृद्धि को दर्शाएगा। शाम में लाओस के रॉयल बैले मंडली लुआंग प्रबांग द्वारा फ्रा-लाक फ्रा-लैमह्न शीर्षक से एक प्रस्तुति पेश की जाएगी, जो ह्यगोल्डन डियर और सीता के अपहरणह्न की थीम पर आधारित होगी। इसमें नामचीन कलाकार राम, लक्ष्मण, सीता और रावण के साथ-साथ जटायु (सतायु) और हनुमान की मुख्य भूमिकाएँ, आकर्षक पोशाक डिजाइनिंग, संगीत संगत और तेजी से विकसित होने वाली स्क्रिप्ट के साथ चरित्र निभाते नजर आएंगे।

तुलसीदास द्वारा रचित रामचरितमानस पर आधारित प्रसिद्ध कथक नृत्य प्रतिपादक पं. अनुज मिश्रा का नृत्य होगा। कार्यक्रम का समापन प्रसिद्ध मोहिनीअट्टम नृत्य प्रतिपादक जयप्रभा मेनन द्वारा सीता उवाच विषय पर नृत्य प्रदर्शन होगा, जो चुने हुए विषय पर अपना अनूठा सौंदर्यशास्त्र लाने के लिए मशहूर हैं। श्रीलंका के पूर्वी विश्वविद्यालय के स्वामी विपुलानंद इंस्टीट्यूट ऑफ एस्थेटिक्स स्टडीज के छात्र चुने हुए विषय पर एक व्यापक संस्करण प्रस्तुत करेंगे, जबकि सिंगापुर के कल्पवृक्ष समूह की मीरा बालासुब्रमण्यम और स्वाति थिरुनल, दोनों कर्नाटक में उल्लेखनीय हिंदुस्तानी शैली की; संगीतमय कविता पर अपना प्रदर्शन प्रस्तुत करेंगी। आई सी सी आर के डायरैक्टर जनरल कुमार तुहीन और डिप्टी डॉयरेक्टर अंजुरंजन ने मंत्री महोदय का स्वागत किया और कार्यक्रम के बारे में विस्तार से मीडिया की बताया।

फामेर्सी एवं फि जीयोथेरेपी के पाठ्यक्रम भी शुरू होंगे आईपी कैम्पस में

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के द्वारका कैम्पस में नए सत्र में एक दर्जन से ज्यादा नए पाठ्यक्रम शुरू किए जाने की शृंखला में फामेर्सी एवं फि जीयोथेरेपी के भी कई नए पाठ्यक्रम चलाने की कवायत शुरू हो गई है। फामेर्सी और फि जीयोथेरेपी के नए पाठ्यक्रम यूनिवर्सिटी स्कूल औफ मेडिकल एंड ऐलायड साइयन्सेज के अंतर्गत सेंटर फॉर एक्सलेन्स इन फार्मास्यूटिकल साइयन्सेज में चलाए जाएँगे। इस सेंटर के परियोजना निदेशक डॉक्टर पंकज अग्रवाल ने बताया कि 60 सीटों के साथ दो वर्षीय डी॰ फार्मा, 100 सीटों के साथ चार वर्षीय बी॰ फार्मा, 60 सीटों के साथ दो वर्षीय एम॰ फार्मा और 50 सीटों के साथ साढ़े चार वर्षीय बैचलर औफ फिजीयोथेरेपी शुरू करने की कोशिश जारी है। इन प्रोग्राम से संबद्ध नियामक एजेंसियों की मंजूरी अगर मिल जाती है तो इन्हें जल्द-से-जल्द शुरू कर दिया जाएगा। डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि कोर मेडिकल कोर्सेज के साथ-साथ ऐलायड मेडिकल कोर्सेज और पारा-मेडिकल कोर्सेज की डिमांड भी बढ़ रही है। इसके मद्देनजर इन प्रोग्राम को कैम्पस में शुरू करने का फैसला लिया गया है। डॉक्टर अग्रवाल ने बताया कि इन प्रोग्राम को शुरू करने की सभी औपचारिक जरूरतों को पूरा करने एवं आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने पर युद्ध स्तर पर काम चल रहा है।

राममय माहौल के बीच आप का सुंदरकांड पाठ, पत्नी संग प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचे अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को रोहिणी के हनुमान मंदिर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी सुनीता भी साथ हैं। वह आम आदमी पार्टी द्वारा कराए जा रहे सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए हैं। पार्टी राजधानी में कई जगह सुंदरकांड पाठ करा रही है।

अरविंद केजरीवाल लगभग तीन बजे रोहिणी के प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर पहुंचे। मौके पर आप कार्यकताओं की भी भीड़ थी।

राममय माहौल के बीच आम आदमी पार्टी सुंदरकांड का पाठ करा रही है। पार्टी दिल्ली और देश के सभी लोगों की सुख शांति और तरक्की के लिए सुंदरकांड पाठ करा रही है। महीने के पहले मंगलवार को पाठ आप ने कहा है कि सुंदरकांड पाठ के आयोजन के लिए नया संगठन बनाया है। यह संगठन आप विधायकों और पार्षदों के साथ मिलकर हर महीने के पहले मंगलवार को सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करेगा।

इंडिया बनाम भाजपा का पहला चुनावी मुकाबला है चंडीगढ़ मेयर चुनाव- आप

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव से पहले इंडिया बनाम भाजपा के बीच पहला मुकाबला चंड़ीगढ़ मेयर चुनाव में होने जा रहा है। आगामी 18 जनवरी को होने जा रहा चंडीगढ़ मेयर का चुनाव इंडिया गठबंधन मिलकर लड़ेगा। मंगलवार को आम आदमी पार्टी ने इस बात एलान किया। आप के सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि यह इंडिया बनाम भाजपा का पहला मैच होगा, जो देश की राजनीति की तकदीर, तस्वीर, दशा और दिशा बदलने वाला होगा। साथ ही यह चुनाव 2024 के लोकसभा चुनाव का आगाज भी होगा। इंडिया गठबंधन यह चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगा और ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि जब-जब टीम इंडिया का सामना दुनिया की किसी टीम से हुआ है, भारतवासियों ने हमेशा टीमठ इंडिया को जिताया है। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी भारतवासी एकजुट होकर टीम इंडिया को जिताएंगे। टीम इंडिया की जीत का यह रथ चंडीगढ़ तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कश्मीर से कन्याकुमारी और मणिपुर से मुम्बई तक जाएगा और 2024 लोकसभा चुनाव में केंद्र में बैठी तानाशाह और निकम्मी भाजपा सरकार से देश की जनता को मुक्ति दिलाएगा।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पंजाब से राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में एक अहम प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि गठबंधन बनने के बाद इंडिया अपना पहला चुनाव लड़ने जा रहा है। यह इंडिया बनाम भाजपा का पहला चुनावी मैच होगा। इंडिया गठबंधन आगामी 18 जनवरी को होने जा रहा चंडीगढ़ मेयर का चुनाव मिलकर लड़ेगा। यह चुनाव कोई आम चुनाव नहीं है। यह चुनाव इस देश की राजनीति की तकदीर, तश्वीर, दशा और दिशा बदलने वाला चुनाव है। य़ह चुनाव आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव की नींव रखेगा।

सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि इंडिया गठबंधन बतौर गठबंधन पहली बार चुनाव के रण के मैदान में भाजपा का सामना करने जा रहा है। यह चुनाव इंडिया बनाम भाजपा के पहले चुनाव के नाम से जाना जाएगा। हमारा यह मानना है कि इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती से चंडीगढ मेयर चुनाव लड़ेगा और एक ऐतिहासिक निर्णायक जीत दर्ज करेगा। इस चंडीगढ़ चुनाव को कोई साधारण आम चुनाव मानना गलत होगा। यह एक ऐसा चुनाव होगा, जिसमें पहली बार सीधा मुकाबला इंडिया बनाम भाजपा होने जा रहा है। हमारा यह मानना है कि जीत दर्ज कराने के बाद इंडिया गठबंधन का यह जीत रूपी रथ चंडीगढ़ तक ही सीमित नहीं रहेगा। यह कश्मीर से कन्याकुमारी और मणिपुर से लेकर मुम्बई तक जाएगा।

आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि जब-जब टीम इंडिया का सामना दुनिया की किसी भी टीम से हुआ है, भारतवासियों ने हमेशा टीम इंडिया को जिताया है। हमारा यह मानना है कि 18 जनवरी को होने वाले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भी भारतवासी एकजुट होकर टीम इंडिया को जिताएंगे। इस चुनाव के बाद स्कोर कार्ड इंडिया एक और भाजपा शून्य होगा। हमारा यह मानना है कि इंडिया गठबंधन की 18 जनवरी को होने वाली क्लीन स्वीप के बाद यह एक 2024 लोकसभा चुनाव के लिए आगाज होगा। इंडिया गठबंधन का भाजपा से पहला मुकाबला 18 जनवरी को होने जा रहा है, यह 2024 लोकसभा चुनाव का आगाज होगा। यह चुनाव टोन सेट करेगा कि आने वाले समय में इंडिया बनाम भाजपा के बीच जो भी चुनावी मुकाबले होंगे, उसके क्या नतीजे होंगे? सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि यह एक और बड़ी चीज साबित करेगा, वो यह है कि जब इंडिया गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ता है तो एक और एक दो नहीं, एक और एक मिलकर ग्यारह होता है। चंडीगढ़ का मेयर चुनाव यह साबित करेगा। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत का संदेश देश के कोने-कोने तक पहुंचेगा। आज देश के लोगों को तानाशाह और निकम्मी सरकार से मुक्ति चाहिए, चंडीगढ़ मेयर चुनाव इसकी एक आस जगाएगा कि अगर इंडिया गठबंधन एकजुट होकर चुनाव लड़ता है तो इंडिया गठबंधन ही वो चुनाव जीतता है

बुराड़ी अस्पताल पर भ्रष्ट अस्पताल प्रशासन के खिलाफ अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

सफाई कामगार यूनियन (एसकेयू) के नेतृत्व में बुराड़ी अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने अपने अस्पताल में व्याप्त भ्रष्टाचार, यौन-उत्पीड़न व शोषण के खिलाफ आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। ज्ञात हो कि वेतन भुगतान अधिनियम 1936 के प्रावधान के बावजूद सफाई कर्मचारियों को पिछले डेढ़ महीने से उनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। अधिनियम के अनुसार अनिवार्यतः हर महीने की सात तारीख तक वेतन का भुगतान करना होता है। इस संदर्भ में यह ज्ञात हो कि सफाई कर्मचारी समाज के सबसे सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित हिस्से से आते हैं और इसलि

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, बुधवार, 17 जनवरी, 2024

राममय माहौल के बीच आम आदमी पार्टी का सुंदरकांड पाठ

पत्नी संग प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचे अरविंद केजरीवाल, क्या बोले भाजपा सांसद ?

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मंगलवार को रोहिणी के हनुमान मंदिर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी सुनीता भी साथ हैं। वह आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा कराए जा रहे सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए हैं। पार्टी राजधानी में कई जगह सुंदरकांड पाठ करा रही है। अरविंद केजरीवाल लगभग तीन बजे रोहिणी के प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर पहुंचे। मौके पर आप कार्यकताओं की भी भीड़ थी। राममय माहौल के बीच आम आदमी पार्टी सुंदरकांड का पाठ करा रही है। पार्टी दिल्ली और देश के सभी लोगों की सुख शांति और तरक्की के लिए सुंदरकांड पाठ करा रही है। महीने के पहले मंगलवार को पाठ-आप ने कहा है कि सुंदरकांड पाठ के आयोजन के लिए नया संगठन बनाया है। यह संगठन आप विधायकों और पार्षदों के साथ मिलकर हर महीने के पहले मंगलवार को सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करेगा।

क्या बोले भाजपा सांसद?

मनोज तिवारी ने कहा कि ।ND। गठबंधन की पार्टियां भगवान राम और सनातन धर्म के बारे में गलत बातें करती हैं और अरविंद केजरीवाल उनका समर्थन करते हैं। यह अच्छा है कि वे ह्यसुंदरकांड पाठह्ल का आयोजन कर रहे हैं, लेकिन मुझे चिंता है कि इस आयोजन के दौरान कोई घोटाला नहीं होगा। कौन जानता है कि पैसा कहां से आएगा, और वे किसके पैसे का उपयोग करेंगे। भले ही दिल्ली और भारत की जनता ने उनका सनातन विरोधी चेहरा देख लिया हो। अच्छा है कि वे लोगों से डरते हैं।

दिल्ली में धूप होगी लेकिन कोहरा भी छाएगा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

ठंडक के इस मौसम में दिल्ली के तापमान में अचानक कोई बदलाव नहीं आने वाला है। मौसमी प्रभाव से ठंडक की तीव्रता धीरे धीरे कम हो जाएगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईमडी) वैज्ञानिक सोमा सेन ने दिल्ली और उत्तर भारत में मौसम की स्थिति पर मीडिया से बातचीत में प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही। सोमा सेन के अनुसार दिल्ली और उत्तर भारत में हम न्यूनतम तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि हो सकता है कि धूप खिलने के कारण तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी हो लेकिन कोहरा छाया रहेगा। सोमा सेन ने यह भी कहा है कि पड़ोसी क्षेत्रों में कम बादलों की स्थिति भी जारी रह सकती है, जिसके कारण हरियाणा और पंजाब में अगले दो से तीन दिनों तक गंभीर ठंडे दिन की स्थिति देखी जाएगी।

सौरभ भारद्वाज ने अपने विधानसभा क्षेत्र से की सुंदरकांड पाठ की शुरूआत

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के पॉश इलाके चिराग दिल्ली में मंगलवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज भी पहुंचे। उन्होंने इस दौरान काफी संख्या में इलाके के लोगों के साथ सुंदरकांड पाठ में हिस्सा लिया। आयोजन में हिंदू, मुस्लिम और सिख धर्म से जुड़े लोग भी शामिल हुए। आम आदमी पार्टी ने हर महीने एक मंगलवार को दिल्ली के सभी विधानसभाओं में सुंदरकांड पाठ का आयोजन करने का निर्णय लिया है। उसके बाद वार्ड स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित होने लगा। आने वाले समय में मंडल स्तर पर भी इसका आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में ग्रेटर कैलाश के चिराग दिल्ली में भी सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज मंगलवार को पूरे दिल्ली में अलग-अलग विधानसभा में किया जा रहा है। जिसको विधायक, पार्षद और स्थानीय लोग मिलकर इसका आयोजन कर रहे हैं। चाहे बीजेपी के लोग हों, कांग्रेस के या फिर आम आदमी पार्टी के लोग सभी को आमंत्रित किया गया है। कहा कि इसमें सभी धर्म के लोग पहुंच रहे हैं। हनुमान जी का आशीर्वाद दिल्ली वालों पर बना रहे यही प्रार्थना है। बीजेपी इस सुंदरकांड पाठ को लेकर आरोप लगा रही है, इस पर उन्होंने कहा कि बीजेपी को इससे क्या समस्या है? उनको हमने रोका नहीं है। आज भी सुंदरकांड पाठ कर सकते थे, कल भी कर सकते थे, आने वाले समय में भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पत्नी और परिवार के साथ रोहिणी में सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए हैं।

दिल्ली के कई इलाकों में 18, 19 जनवरी को जल आपूर्ति प्रभावित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में 18 और 19 जनवरी को सोनिया विहार जल शोधन संयंत्र में फ्लोमीटर लगाने और रखरखाव कार्य के कारण जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक नोटिस में बताया गया है कि निवासियों को पर्याप्त पानी जमा करने की सलाह दी जाती है और अनुरोध पर पानी के टैंकर उपलब्ध होंगे। नोटिस के अनुसार, ह्लसोनिया विहार जल शोधन संयंत्र में फ्लोमीटर लगाने और अन्य रखरखाव कार्यों के कारण दक्षिणी दिल्ली में इस संयंत्र से होने वाली जल आपूर्ति 16 घंटे तक प्रभावित रहेगी। जल आपूर्ति 18 जनवरी को सुबह 10 बजे से 19 जनवरी की सुबह तक प्रभावित रहेगी। डीजेबी ने बताया कि कैलाश नगर, सराय काले खां, जल विहार, लाजपत नगर, मूलचंद अस्पताल, ग्रेटर कैलाश, वसंत कुंज, देवली, अंबेडकर नगर, ओखला, कालकाजी और गोविंदपुरी में जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इसके अलावा दिल्ली की श्याम नगर कॉलोनी, ओखला सब्जी मंडी, अमर कॉलोनी, दक्षिण पुरी, पंचशील पार्क, शाहपुर जट, कोटला मुबारकपुर, सरिता विहार, सिद्धार्थ नगर, अपोलो, मालवीय नगर, छतरपुर और एनडीएमसी क्षेत्र के कुछ हिस्सों में 16 घंटे तक जल आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

देश की सबसे बड़ी जन यात्रा 'भारत संकल्प यात्रा'

- राम मंदिर ही नहीं भारत को जोड़ने के लिए उतरना पड़ेगा सड़कों पे और सभी समुदायों के लोगों को जोड़ना आवश्यक-अशोक सिंह।

जितेन्द्र शर्मा, संवाददाता

देश के करोड़ों लोगों को जोड़ने के लिए मुंबई से 20 जनवरी से शुरू हो रही भारत संकल्प यात्रा विभिन्न राज्यों से शुरू होकर 12 फरवरी को दिल्ली पहुंचेगी। इस संकल्प यात्रा का लक्ष्य भारत को विकसित हिंदू राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। संकल्प यात्रा के दौरान अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर एक नए भारत निर्माण की दिशा में अग्रसर होंगे। संकल्प यात्रा महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ सामाजिक न्याय के मामलों को लेकर जनता के बीच जाएगी। हाल ही में गठित ह्लसमाज विकास क्रांति पार्टीह्व के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह ने नई दिल्ली स्थित कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संकल्प यात्रा और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अपना एजेंडा निर्धारित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य देश के हर नागरिक को सशक्त बनाना है। संकल्प यात्रा एक व्यक्तिगत प्रयास नहीं है बल्कि सभी वर्गों के लोगों को शामिल करने का एक सामूहिक प्रयास है। संकल्प यात्रा का उद्देश्य देश की ताकत बने किसानों, देश का भविष्य विद्यार्थियों और युवाओं तथा महिलाओं की सुरक्षा को अपने मुख्य एजेंडे में रखते हुए विकास की गति प्रदान करना है। उन्होंने कहा, महंगाई पर नियंत्रण रखना, उद्योग धंधों को सरकारी सहूलियत दिलवाकर उनको मजबूत करना आज के समय की मांग है। उन्होंने कहा, समाज में फैले भ्रष्टाचार को खत्म करना और जनता तक आसानी से सुविधाएं पहुंचाना पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए समाज के प्रबुद्ध वर्गों को इससे जोड़ने की कवायद शुरू की गई है। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के सचिव सुनील सक्सेना, मीडिया प्रभारी राजकपूर सिंह, महिला समिति की अध्यक्ष रूबी मिश्रा और दिल्ली की सचिव नेहा शर्मा विशेष रूप से मौजूद थीं।

केजरीवाल का बंगला बनाने में नियमों के उल्लंघन का नहीं दिया जवाब, एनजीटी ने ठोका जुमार्ना

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नए बंगले के निर्माण में पर्यावरण नियमों के उल्लंघन के आरोपों वाली याचिका पर जवाब दाखिल नहीं करने पर दिल्ली सरकार पर और पीडब्ल्यूडी विभाग पर जुमार्ना लगाया है। एनजीटी ने दिल्ली सरकार पर मामले में जवाब दाखिल नहीं करने पर 10 हजार रुपए और पीडब्ल्यूडी विभाग पर 15 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया है। एनजीटी ने 9 मई 2023 को सुनवाई करते हुए दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया था। एनजीटी ने आरोपों की सत्यता की जांच के लिए चार सदस्यीय संयुक्त कमेटी का गठन किया था। एनजीटी ने जांच के लिए जो कमेटी गठित की थी, उसमें दिल्ली के मुख्य सचिव, पर्यावरण और वन विभाग के प्रधान सचिव, दिल्ली अर्बन आर्ट कमीशन के प्रतिनिधि और उत्तरी दिल्ली के जिलाधिकारी शामिल हैं। एनजीटी ने कमेटी को निर्देश दिया था कि मुख्यमंत्री के नए बंगले के निर्माण में अगर पर्यावरण नियमों का उल्लंघन किया गया हो तो उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। याचिका नरेश चौधरी ने दायर किया है। याचिकाकर्ता की ओर से वकील गौरव कुमार बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री के नए बंगले के निर्माण में पर्यावरण नियमों की अनदेखी की गई है। बीस से ज्यादा पेड़ों को काटा गया है। इस निर्माण के लिए दिल्ली अर्बन आर्ट कमीशन की स्वीकृति लेनी होती है। दिल्ली अर्बन आर्ट कमीशन ने इस निर्माण की स्वीकृति नहीं दी थी। लेकिन बिना उसकी स्वीकृति के ही ये निर्माण कार्य कराए गए। ऐसा करना दिल्ली नगर निगम कानून का उल्लंघन है।

हड्डी में तकलीफ के बाद जेल से अस्पताल पहुंचे सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के कथित शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को इलाज के लिए मंगलवार को एलएनजेपी अस्पताल लाया गया। करीब 11 बजे उनको जेल से एलएनजेपी अस्पताल लाया गया। सूत्रों के अनुसार, उन्हें आथोर्पेडिक समस्याएं थीं। उन्हें कुछ हड्डी संबंधी समस्याएं थीं, जिसके इलाज और परामर्श के लिए उन्हें वहां लाया गया था। पुलिस बल के साथ सिसोदिया अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सफेद जैकेट, सफेद पैंट और एक काले रंग का कैप पहना था। बता दें, 26 फरवरी 2023 को जब सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 20 जनवरी तक कोर्ट ने बढ़ाई है न्यायिक हिरासतः शराब घोटाले के ईडी केस में कोर्ट ने 10 जनवरी को सिसोदिया और आप नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत को 20 जनवरी तक के लिए बढ़ा दिया था। सीबीआई और ईडी ने आरोप लगाया है कि इन्होंने शराब दुकान के लाइसेंस के लिए कुछ अपात्र लोगों को पैसा लेकर फायदा पहुंचाया। हालांकि, सिसोदिया ने इन आरोपों से इनकार किया है। बता दें, 22 मार्च 2021 को सिसोदिया ने नई शराब नीति की घोषणा की थी। 17 नवंबर 2021 को नई नीति यानी एक्साइज पॉलिसी 2021-22 लागू की गई। इसके बाद सरकार शराब के कारोबार से बाहर आ गई। और पूरी शराब की दुकानें प्राइवेट हाथों में चली गई। नई नीति के पीछे सरकार का तर्क था कि इससे माफिया राज खत्म होगा और राजस्व में बढ़ोतरी होगी। हालांकि, इसके बाद विवाद बढ़ गया। तब 28 जुलाई 2022 को सरकार ने नई शराब नीति रद्द कर फिर पुरानी पॉलिसी लागू कर दी थी।

दिल्ली की हवा का हाल खराब

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली की वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार देखा गया। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) गंभीर से वापस बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया। अब यह बात अलग है कि राजधानी के चार इलाकों की हवा गंभीर श्रेणी में ही बनी रही। यहां का एक्यूआई 400 ऊपर दर्ज किया गया। हाल फिलहाल वायु प्रदूषण की यही स्थिति बने रहने की उम्मीद है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सोमवार को दिल्ली का एक्यूआई 88 अंकों के सुधार के साथ 359 अंक दर्ज हुआ। इसे बहुत खराब श्रेणी में रखा जाता है। एक दिन पहले यह 447 यानी गंभीर श्रेणी में था। सोमवार को दिन भर धूप निकलने और हवा की रफ्तार थोड़ी बढ़ने के चलते ही इसमें सुधार हुआ। उधर मानकों के मुताबिक हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 100 से कम होने और पीएम 2.5 का स्तर 60 से कम होने पर ही उसे स्वास्थ्यकारी माना जाता है। दिल्ली की हवा में सोमवार शाम चार बजे पीएम 10 का औसत स्तर 260 और पीएम 2.5 का औसत स्तर 167 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर पर रहा। यानी हवा में अभी भी ढाई गुना से ज्यादा प्रदूषण मौजूद है।

गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल को देखते दिल्ली में ट्रैफिक एडवाइजरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

गणतंत्र दिवस को लेकर दिल्ली में तैयारियां जोरों पर है। अभी परेड रिहर्सल चल रहा है। इस कारण चार दिन तक कई मार्ग बंद रहेंगे। इसे लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल को देखते हुए 17, 18, 20 और 21 जनवरी को विजय चौक से इंडिया गेट तक यह रिहर्सल की जाएगी। इस दौरान कई मार्ग बंद रहेंगे। यातायात परिवर्तित होने की वजह से कई मार्गों पर भीड़भाड़ होने की संभावना है। इसे देखते हुए पुलिस ने लोगों से निवेदन किया है कि वह समय लेकर घर से बाहर निकलें। नियम और सड़क अनुशासन का पालन करें। सभी चौराहे तैनात यातायात पुलिस कर्मियों के निर्देश का पालन करें। किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी के मुताबिक, विनय मार्ग शांतिपाठ आने वाले और नई दिल्ली और उससे आगे जाने वाले वाहन चालक सरदार पटेल मार्ग, मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग आरएमएल के पास बाबा खड़क सिंह मार्ग और पार्क स्ट्रीट मंदिर मार्ग से निकले और उत्तरी दिल्ली नई दिल्ली की ओर बढ़े। गणतंत्र दिवस परेड के लिए कर्तव्य पथ पर रिहर्सल जोरों शोरों पर चल रहा है।

आरोपी नीलम की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में चूक के मामले की आरोपी नीलम की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर नीलम की जमानत याचिका पर 18 जनवरी को फैसला सुनाएंगी। आज सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से वकील अखंड प्रताप सिंह ने नीलम की जमानत का विरोध करते हुए कहा कि इस मामले में आरोप बेहद गंभीर हैं। एफआईआर में दर्ज मामलों में उम्रकैद और फांसी तक का प्रावधान है। बता दें कि कोर्ट ने 13 जनवरी को सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके पहले कोर्ट ने इस मामले के आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन का पॉलीग्राफी, नार्को और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जबकि ललित झा, महेश कुमावत और अनमोल का पॉलीग्राफी टेस्ट और नीलम का पॉलीग्राफी टेस्ट कराने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने इन आरोपियों के खिलाफ यूएपीए की धारा 16ए के तहत आरोप लगाए हैं। बता दें कि 13 दिसंबर को संसद की विजिटर गैलरी से दो आरोपी चैंबर में कूदे। कुछ ही देर में एक आरोपी ने डेस्क के ऊपर चलते हुए अपने जूतों से कुछ निकाला और अचानक पीले रंग का धुआं निकलने लगा। इस घटना के बाद सदन में अफरातफरी मच गई।

सफाई अभियान के नाम पर की जा रही है खानापूर्ति : संजय गौड़

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में दो-दो सफाई अभियान चलाये जा रहे हैं। एक अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा पार्षद और कार्यकर्ता चला रहे हैं तो दूसरा अभियान आम आदमी पार्टी शासित दिल्ली नगर निगम की ओर से चलाया जा रहा है। लेकिन दोनों अभियान ही खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं हैं। यह कहना है बाबरपुर ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष संजय गौड़ का। संजय गौड़ कहते हैं दिल्ली नगर निगम में सत्ता में आने के एक साल बाद मेयर व सत्ताधारी नेताओं द्वारा अचानक सफाई अभियान शुरू करना कुंभकरणी नींद से जागने और दिल्ली की जनता को गुमराह करने जैसा है क्योंकि चुनाव से पूर्व किये वायदे कोरी घोषणा बनकर रहे गए। पिछले एक साल जो दिल्ली में जगह-जगह चाहें कालोनियां हो, बाजार हो, ग्रामीण क्षेत्र हों गंदगी के ढेर लगे रहते है, तो दिल्ली की मेयर 50 दिन के अभियान में केवल 3-4 वार्डों की कुछ सड़कों की सफाई से कैसे पूरी दिल्ली को साफ करने की दुहाई दे रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ व्यवस्था और सफाई के मामले में दिल्ली सबसे निचले पायदान पर जिसके लिए दिल्ली नगर निगम और सफाई व्यवस्था से जुड़ी दिल्ली सरकार व केन्द्र सरकार की संस्थाएं भी जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की बदहाल सफाई व्यवस्था किसी से छिपी नही है, गलियों और सड़कों पर गड्ढे, उसके किनारे गंदगी, नाली व नालों का उपर तक बहना नगर निगम की विफलता को सीधे तौर पर दशार्ता है। उन्होंने कहा कि सफाई का दिखावे का अभियान केवल नेताओं द्वारा फोटो खिचवाने तक और अपना प्रचार करवाने तक ही सीमित न रह जाए। संजय गौड़ कहते हैं मेयर शैली ओबराय का यह दावा बेबुनियाद है कि वो 50 दिनों में दिल्ली को साफ कर देंगी। उन्होंने कहा कि जहां दिल्ली को बुनियादी सफाई रखने के लिए 50 हजार कर्मचारियों की भर्ती की जरुरत है, वहीं दिल्ली नगर निगम मात्र 6500 ठेकेदारी पर अस्थाई कर्मचारियों की भर्ती की योजना नाकाफी साबित होगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पहले अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करें और रेगुलर कर्मचारियों को पक्का करे, उसके बाद डेली वेजेस कर्मचारियों की भर्ती निगम की तरफ से करे जिसकी लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ रही है। संजय गौड़ कहते हैं कि दिल्ली में नगर निगम की अगर कोई प्राथमिक जिम्मेदारी है तो वह सफाई व्यवस्था की है जिसमें पिछले एक वर्ष में निगम पूरी तरह विफल रहा है। वहीं मेयर द्वारा केवल दिखावा करने के लिए जनता से अपील करने से गंदगी खत्म नही होगी क्योंकि जमीनी सफाई व्यवस्था पूरी तरह जीरो है और इनके जनप्रतिनिधि सिर्फ प्रचार और मौका परस्ती की राजनीति के सिवाय कुछ नही करते। उन्होंने कहा कि इसी तर्ज पर आम आदमी पार्टी ने चुनाव से पूर्व कूड़े के ढेरों को खत्म करने का वादा किया था, परंतु एक वर्ष बीतने के बावजूद ओखला, गाजीपुर, भलस्वा में कूड़े के पहाड़ निगम की नाकामी के कारण कम होने की जगह और उँचे हो रहे है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के लालच में मुख्यमंत्री चुनाव अभियान के दौरान डेली कूड़े के पहाड़ों पर जाकर भ्रमण किये थे और सत्ता में आने के बाद दिल्ली वालों को जहरीली हवा में रहने को छोड़ दिया।

आठ नये अस्पतालों से दिल्ली का स्वास्थ्य सिस्टम होगा और बेहतर : सुभाष चन्द्र लाला

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के स्वास्थ्य सिस्टम को सुधारने तथा और बेहतर बनाने की ओर कदम बढ़ा चुका है। दिल्ली सरकार इस ओर बड़ी परियोजनाएं दिल्ली की जनता को गिफ्ट करने वाली है। यह कहना है आम आदमी पार्टी विश्वास नगर वार्ड के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र लाला का। सुभाष चन्द्र लाला कहते हैं दिल्ली के लिए 2024 लोगो के स्वास्थ्य सिस्टम को नये आयाम देने वाला साबित होगा। दिल्ली सरकार की योजना इस साल दिल्ली को आठ नये अस्पताल देने की है। ऐसा होने से दिल्ली का स्वास्थ्य सिस्टम और मजबूत होगा और लोगो को उनके घरों के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेगी। सुभाष लाला कहते हैं दिल्ली सरकार की इस योजना के तहत इस साल दिल्ली के लोगो के लिए तकरीबन तेरह हजार नये स्वास्थ्य बिस्तर मिलने की उम्मीद है। ये बिस्तर बन रहे आठ अस्पतालों के माध्यम से मिलेगें। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो चार नये अस्पताल मई तक तैयार हो जायेगें जिनके माध्यम से करीब चार हजार बैड उपलब्ध हो सकेगें जबकि चार नये अस्पताल साल के अंत तक तैयार हो जायेगें जिनके माध्यम से तकरीबन नौ हजार और बैड मिलेंगे और दिल्ली का स्वास्थ्य सिस्टम और अधिक मजबूत दिखेगा। सुभाष लाला कहते हैं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली का स्वास्थ्य विभाग दिन रात सिस्टम को मजबूत करने में लगा हुआ है। मोहल्ला क्लिनिक हो या अस्पताल सभी योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। सबसे ज्यादा बैड रघुबीर नगर अस्पताल में 1565 रहेंगे जो मई तक तैयार हो जाएगा वहीं शालीमार बाग में 1430 बैड का अस्पताल तैयार हो रहा है जो साल के अंत तक होने की सम्भावना है तो सिरस्पुर में 1164 बैड का अस्पताल भी अगले साल के अंत में तैयार होगा। जबकि ज्वालापुरी, हस्तसाल और मादी पुर में 699 बैड के अस्पताल बनने जा रहे है।

फेस्टा द्वारा निकाली गई श्री राम शोभा यात्रा का सभी धर्म ने किया जोरदार स्वागत

- सदर बाजार में जगह-जगह गुंजे श्री राम के जयकारे - पम्मा

जितेन्द्र शर्मा, संवाददाता

अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा रामलला समारोह के उपलक्ष पर फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (पंजी.) द्वारा श्री राम शोभा यात्रा का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा, अध्यक्ष राकेश यादव की जिसमें मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री व संसद सदस्य श्री हर्षवर्धन जी, भाजपा वरिष्ठ नेता राजकुमार भाटिया, पूर्व मेयर जयप्रकाश जेपी भाई, निगम पार्षद उषा शर्मा, पूर्ण निगम पार्षद प्रवीण जैन सहित हजारों की तादाद में व्यापारी नेता व स्थानीय श्री राम के जयकारे लगाते हुए पूरी शोभा यात्रा के साथ चल रहे थे। खास बात इस शोभा यात्रा की यह रही के सभी धर्म के लोग बढ़-चढ़कर शोभा यात्रा का स्वागत कर रहे थे। फेडरेशन के वाइस चेयरमैन राजकुमार सपरा, कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, महासचिव राजेंद्र शर्मा, सतपाल सिंह मांगा कमल कुमार, उपाध्यक्ष दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष राज सचदेवा, मुकेश अग्रवाल, कन्हैयालाल रूघवानी, रमेश सचदेवा, मुकेश शर्मा, कमल अग्रवाल, राजीव खट्टर, संजीव सपरा, सदर बाजार बारी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष चंदर धवन सहित विभिन्न संगठन के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने बताया जिस प्रकार श्री राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर 22 तारीख का पूरे दुनिया व देश को बड़ा उत्साह इसी प्रकार सदर बाजार के व्यापारी बेचैनी से इस दिन का इंतजार कर रहे हैं। शोभा यात्रा कुतुब रोड चौक से शुरू होकर तेलीवाड़ा, चौक मिठाई पुल, आजाद मार्केट, बहादुरगढ़ रोड, 12 टूटी चौक, सदर थाना रोड, नबी करीम सिंगड़ चौक, कुतुब रोड, कुतुब रोड चौक, मैंन सदर बाजार मार्केट होते हुए 12 टूटी चौक पर समापन हुई। जिसमें व्यापारी अपनी बाइक स्कूटर व गाड़ियों के साथ श्री अयोध्या मंदिर की झांकियां लेकर चल रहे थे। सतपाल सिंह मांगा, कमल कुमार ने बताया 22 तारीख को 12 टूटी चौक पर फुल स्क्रीन लगाकर वहां पर अयोध्या का पूरा आयोजन देखा जाएगा राजेंद्र शर्मा ने बताया इस सवासर पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

जनता की सेवा ही मेरी पहली प्राथमिकता:निशा मिश्रा

आलमनगर,मधेपुरा नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 में वार्ड पार्षद सदस्य निशा मिश्रा व समाजसेवी रिंटू मिश्र के द्वारा बढ़ते ठंड को देखते हुए जगह-जगह पर निजी कोष से अलाव की व्यवस्था की गई। इस दौरान वार्ड पार्षद सदस्या निशा मिश्रा ने बताया कि मानव सेवा ही मेरा पहला कर्तव्य है। जिस उम्मीद से जनता ने हमें चुनकर नगर पंचायत के पार्षद पद को शोभित किया है। मैं उस जनता का आभारी हूं और मैं अपने वार्ड के विकास के लिए तात्पर खड़ी उतरने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। समाजसेवी सह पार्षद प्रतिनिधि रिंटू मिश्र ने बताया कि वार्ड मे कई योजनाएं चल रहा है ।मुझे ठंड देखा नहीं गया तो मैं अपने निजी कोश से अपने वार्ड के विभिन्न जगहों पर अलाव की व्यवस्था किया हूं।

पर्स छिनतई के दौरान टैम्पो से गिरी शिक्षिका, मौत

मुजफ्फरपुर। बाइकर्स गिरोह के तांडव में आज एक शिक्षिका की जान चली गई। घटना जिले के कांटी थाना क्षेत्र के दामोदरपुर हाउसिंग बोर्ड के समीप की है ।बाइकर्स गिरोह द्वारा छिनतई की घटना को अंजाम देने के कारण एक निजी स्कूल की शिक्षिका की ऑटो से गिर कर मौत हो गई। शिक्षिका एक निजी विद्यालय में कार्यरत थी और अपनी बेटी के साथ ऑटो से शहर जा रही थी। इसी बीच बाइकर्स गिरोह के द्वारा ऑटो में बैठी शिक्षिका से पर्स छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया ।घटना के दौरान ही शिक्षिका ऑटो से नीचे गिर गई और उसकी मौत हो गई। इसके बाद मामले की सूचना कांटी थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। मृत शिक्षिका की पहचान कांटी थाना क्षेत्र के कस्बा, नगर परिषद क्षेत्र निवासी स्वर्गीय अतुल कुमार की पत्नी मंजू कुमारी के रुप में हुई है।

20 जनवरी तक बंद रहेंगे स्कूल

मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी ने ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में 20जनवरी तक कक्षा 1से 8तक के लिए शिक्षण गतिविधियों पर रोक लगा दिया है ।पहले यह आदेश 16जनवरी तक के लिए था। आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में ठंड की स्थिति में कोई सुधार नहीं होने और न्यूनतम तापमान में गिरावट एवं शीतलहर जारी रहने के कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है ।इस कारण जिले के सभी सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालयों में 8वीं कक्षा तक के छात्रों का पठन पाठन 20जनवरी तक प्रतिबंधित रहेगा। कक्षा 9 से ऊपर की कक्षाओं की शैक्षणिक गतिविधियाँ पूर्व के आदेश के अनुरूप पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 03:30 बजे के बीच पर्याप्त सावधानी के साथ जारी रहेगी। मिशन दक्ष तथा बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित किये जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा।

अव्यवस्थित माहौल में चले शिक्षा संवाद कार्यक्रम में वरीय उपसमाहर्ता ने एचएम की जमकर ली क्लास

प्रात : किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा कुमारखंड प्रखंड के जवाहर प्लस टू हाई स्कूल रामनगर बेला में मंगलवार को आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम में कुछ देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। विद्यालय प्रधान प्रिंसिपल सरदार की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम के दौरान जैसे ही मंच पर वरीय उपसमाहर्ता अभियान त्रिवेदी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियदर्शी राजेश पायरट पहुंचे की वहां मौजूद कुछ छात्रों ने हो हंगामा करते हुए विद्यालय प्रधान के बारे में कुछ कहने लगा। इसके बाद वरीय उप समाहर्ता ने छात्रों को डांट लगाते हुए चुप रहने और बारी आने पर अपनी बात रखने को कहा। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए वरीय उपसमाहर्ता अभिराम त्रिवेदी ने शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजन की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि छात्रों और अभिभावकों को संवाद कार्यक्रम के माध्यम से सरकार द्वारा उनके लिए चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक गुणवत्ता बहाल करने के लिए लाभकारी योजन की जानकारी दी जाती है। जैसे की छात्रवृत्ति पोशाक साइकिल योजना मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना सहित अन्य प्रकार की योजनाएं इसमें शामिल है। उन सभी योजनाओं की बारी-बारी से व्याख्या करते हुए उन्होंने उसकी पात्रता और लाभ लेने के तरीके की जानकारी दी । कार्यक्रम को प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियदर्शी राजेश पायरट ने भी संबोधित किया। माथे पर वरीय उप समाहर्ता ने छात्रों एवं अभिभावकों से उनकी समस्या जानना चाहा। छात्र कृष्णा कुमार झा ने कहा कि पढ़ाई की व्यवस्था सही नहीं है और स्कूल में एचएम द्वारा समय-समय पर छात्रों का दोहन किया जाता है। छात्र अमन प्रियदर्शी ने कहा कि परीक्षा देने के समय स्कूल परिसर से करीब 10 छात्रों का साइकिल चोरी हो चुका है लेकिन स्कूल प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। छात्र गोलू कुमार ने भी विद्यालय प्रधान की जमकर शिकायत की। वहीं छात्र चंदा कुमारी, विद्या कुमारी ने स्कूल में पढ़ाई की समुचित व्यवस्था नहीं रहने चारदीवारी नहीं रहने आए दिन छात्राओं को विभिन्न प्रकार की समस्या उत्पन्न होने की जानकारी पदाधिकारी को दी गई। मौके पर अभिभावक लाल झा ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि के तहत इंटर पास छात्र को 25 हजार के बदले 10 हजार की राशि ही प्राप्त हुई है। वही अवधेश कुमार ठाकुर ने कहा कि स्कूल में चारदिवारी नहीं रहने से पठन-पाठन पर इसका प्रतिकूल असर देखने को मिलता है। वहीं अधिकांश छात्र-छात्राओं ने प्राइवेट व्यक्ति को विद्यालय प्रधान द्वारा स्कूल में रखकर उनकी सेवा लेने और छात्रों का दोहन करने का आरोप लगाया गया। छात्रों के आप को सुनकर वरीय उप समाहर्ता ने स्वीकार करते हुए कहा कि उन्होंने जो व्यवस्था देखी उससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि यहां की स्थिति काफी बदतर है। विद्यालय में शैक्षणिक माहौल का घोर अभाव है। उन्होंने विद्यालय प्रधान की जमकर क्लास ली और इसकी शिकायत लिखित रूप में जिला पदाधिकारी को करने तथा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। मौके पर बीडीओ प्रियदर्शी राजेश पायरट, थानाध्यक्ष पतरिन पासवान, स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ो छात्र-छात्रा तथा अभिभावक मौजूद थे।

कड़ाके की ठंड का कहर जारी, अंचल प्रशासन ने सार्वजनिक जगहों पर जलाया अलाव

प्रात : किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा पूरे प्रदेश में कड़ाके की ठंड का कहर जारी है इसी बीच मधेपुरा जिला के कुमारखंड प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से धूप नही निकला है। कड़ाके की ठंड पछुवा हवा और हार कपा देने वाली ठंड से पूरा जनजीवन बेहाल है। मंगलवार को कुमारखंड अंचलाधिकारी शशि कुमार ने प्रखंड के चिन्हित सार्वजनिक जगह पर लोगो को ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने की व्यस्था की गई। सीओ शशि ने बताया पछुवा हवा की वजह से ठंड बढ़ा गया है। बचाव के लिए सार्वजनिक स्थान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुमारखंड, एसबीआई के समीप , कुमारखंड मुख्य बाजार , मंदिर परिसर , बस पड़ाव समेत चिन्हित स्थानों पर राजस्व कर्मचारी पंकज कुमार के द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था किया गया है। समुदियायक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में मरीज अन्य लोग ठंड से बचने के लिए अलाव तापते नजर आए। वही कुमारखंड मुख्य बाजार में अलाव तापते नजर आए लोग।

राम प्राचीनता और आधुनिकता के समागम है, राम राष्ट्र की आत्मा और सांस्कृतिक पहचान है : धर्मेन्द्र

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान सह सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम के तहत जयनगर प्रखंड के देवधा गांव स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर में भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि उद्धव कूंवर के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान सह सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम चलाया गया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उद्धव कूंवर ने कहा कि यह स्वच्छता अभियान सभी सनातनियों का पुनीत कार्य है जो ईश्वर द्वारा उपासनीय है क्योंकि उसके चिन्तन से ही हम मनुष्य को आत्मा के स्वरूप को समझने में सहायता मिलती है। आत्मज्ञान हम सभी मानव के अन्दर महान् बल पैदा करता है सारे विश्व में उसका महत्त्व आच्छादित है। पर उसे पाते वही हैं जो उसके प्रशासन में रहते हैं अर्थात उसकी आज्ञाओं का पालन करते है। हम सभी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर कचड़ा मुक्त वातावरण बनाकर एक स्वच्छ भारत का निर्माण करना है। वहीं युवा भाजपा नेता धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा ने कहा कि ब्रह्मविद्या का एक गूढ़ तत्त्व है जब तक हम सभी लोगों में ऐसे कार्यक्रम के प्रति विश्वास या जिज्ञासा नहीं पैदा होगी की इस समाज का अन्तिम निर्णायक कोई ईश्वर है तब तक वे हर मनुष्य केवल सांसारिक कर्मों में ही व्यस्त रहेंगे। मनुष्य के विचार और अनुभव का क्षेत्र जितना अधिक विकसित होता है उतना ही उसे इन्द्रियों और उसके विषयों की निस्सारता समझ में आने लगती है। जिन कार्यों में लोग प्रमादवश अपनी शक्ति और सामर्थ्य ही गँवाया करते हैं। परंतु हम सभी उन्हें रोक कर आत्म-शोधन की साधना में लगा सकते हैं । ऐसे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को समझने की सीधी कसौटी यही है कि जिन कार्यों से आत्म-हीनता, असंतोष और अशान्ति उत्पन्न होती हो उन्हें न करना और जिनसे दिव्य तत्त्वों की वृद्धि होती हो आत्म-सुख, सन्तोष और शान्ति मिलती हो उनका विकास करना ही ईश्वर की आज्ञाओं का पालन करना है। वहीं नगर मंडल अध्यक्ष सुरज गुप्ता ने कहा कि तीर्थ व मंदिरों की साफ-सफाई अभियान से जुड़कर अपने शहर गांव पूर्णरूपेण स्वच्छ करना हम सबों का ध्येय है एवं इसके मद्देनजर पूरे जयनगर क्षेत्रों के शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों के मठ मंदिरों में स्वच्छता अभियान माननीय प्रधानमंत्री के आदेशानुसार चलाया जा रहा है । आज के स्वच्छता अभियान सह सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष उधव कुंवर , नगर मंडल अध्यक्ष सूरज गुप्ता, धर्मेन्द्र भारद्धाज उर्फ बौआ झा, पंकज राठौड़, राजेश गुप्ता, किशुनदेव सहनी, योगेन्द्र शाह, संतोष राऊत, संतोष शाह, गोपाल पूर्वे, सूरज महतो, विशेश्वर पंडित अन्य लोगों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना श्रमदान किया।

सहरसा से दिल्ली के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की तैयारी

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। सहरसा रेलवे की ओर से बड़ी सौगात मिली है। अब सहरसा से दिल्ली जाने के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस चलेगी। रेलवे ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। सहरसा से दिल्ली जाने के लिए फिलहाल सिर्फ एक ही ट्रेन है, जो है सहरसा-नई दिल्ली एक्सप्रेस। यह ट्रेन पुरानी है और इसमें सुविधाएं भी कम हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस के चलने से सहरसा से दिल्ली की यात्रा आसान और सुखद हो जाएगी। रेलवे ने बताया कि सहरसा से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। ट्रैक का मेंटेनेंस कराने के बाद ट्रेन चलाने की योजना है। बताया जाता है कि कि कुछ दिन पहले ही पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य ट्रैक इंजीनियर मुकेश कुमार सहरसा आए थे। यहां से मुकेश कुमार ने सहरसा और समस्तीपुर के बीच रेलखंड का ट्रैक निरीक्षण किया था। वंदे भारत को लेकर क्या कहना है अधिकारी का हाजीपुर जोन के सीपीआरओ वीरेंद्र कुमार ने बताया कि 2024 के आखिर तक रेलवे की कोशिश है कि देश के हर राज्य से वंदे भारत ट्रेन को चलाया जाए। वंदे भारत ट्रेन की स्पीड करीब 160 किमी की होती है। इसलिए हर जगह ट्रैक का मेंटेनेंस काम किया जा रहा है। जैसे-जैसे ट्रैक ठीक होते जा रहे हैं, वहां से वंदे भारत चल रही है। सहरसा से भी भविष्य में वंदे भारत चलेगी ।इस खबर से सहरसा के लोगों में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि वंदे भारत एक्सप्रेस के चलने से सहरसा से दिल्ली की यात्रा आसान और सुखद हो जाएगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन से जुटी कुछ खास जानकारी वंदे भारत एक्सप्रेस की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा है। यह ट्रेन करीब 800 से ज्यादा यात्रियों को ले जा सकती है। वंदे भारत एक्सप्रेस को भारत में ही बनाया गया है। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पहली बार 2019 में वाराणसी से दिल्ली के लिए चली।

पांच कार्टून देशी नेपाली शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिला कि एक शराब कारोबारी पीला रंग की स्कूटी पर शराब लादकर ले जा रहा है सूचना की सत्यापन करने बताए मार्ग पर पहुंचे पुलिस को देखकर शराब तस्कर स्कूटी छोड़कर सेरिमा नहर के तरफ भागने लगा जिसका पीछा करते हुए रहिका पुलिस ने खदेड़ कर पकर लिया तथा स्कूटी पर लदे पांच कार्टून शराब के साथ स्कूटी को जप्त कर थाना परिसर लाया गया। पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रहिका राजकिशोर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान नगर थाना क्षेत्र के गादीयानी मुहल्ला निवासी विजय साह के पुत्र इंद्र कुमार के रूप में की गई है ।गिरफ्तार व्यक्ति शराब मामले में नगर थाना से पूर्व में जेल जा चुका है। वही जयनगर दरभंगा जाने वाली मुख्य मार्ग सुगौना मस्जीद ब्रेकर के पास जयनगर की ओर से जा रही मारुति कार को पीछे से जा रही पिकअप चालक ने मारुति कार में धक्का मार दिया जिससे कार क्षति ग्रस्त हो गया ।इसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंचे पुलिस बल को पिकअप चालक के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी ।शराब के नशे में धुत चालक को हिरासत में लेते रहिका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने शराब पीने की पुष्टि की ।मारुति कार के चालक के शिकायत पर पिकअप चालक हायाघाट थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव निवासी रामनारायण राय के पुत्र बाला राय को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार दोनों व्यक्तियो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया। मौके पर एसआई चंदन कुमार सिंह के साथ अन्य पुलिस बल तैनात थे।

शिक्षा संवाद कार्यक्रम के जरिए दी गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

प्रात : किरण संवादाता

बोचहा। प्रखंड के उच्च विद्यालय रामपुर जयपाल एवं उच्च विद्यालय ककराचक स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा विभाग के लोक कल्याणकारी योजना के संबंध में स्कूली बच्चों, अभिभावकों को जाकारी दी गई। शिक्षा संवाद के माध्यम से मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना आदि की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को जानकारी के अभाव में आवेदन करने में असुविधा होती है और ना ही योजनाओं का समुचित लाभ मिल पाता है। शिक्षा संवाद कार्यक्रम में उच्च विद्यालय ककरआचक की प्रधानाध्यापिका बिंदु कुमारी ,उच्च विद्यालय रामपूर जयपाल के प्रधानाध्यापक तौकीर अहमद समेत प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी अशोक कुमार, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

भोटिया के लाला बीपीएसी 25 वां रैंक लाकर परचम लहराया

प्रात : किरण संवादाता

सहरसा। बिहार लोक सेवा आयोग 68वीं संयुक्त परीक्षा का परिणाम का फाइनल रिजल्ट सोमवार की शाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में कुल 322 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए हैं। कुल 767 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिया था, जिसमें कुल 322 अभ्यर्थी अंतिम रूप से सफल हुए हैं। वहीं सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के भोटिया गांव निवासी स्व. भोलन प्रसाद सिंह के पौत्र व पवन कुमार सिंह के सुपुत्र शिवम प्रतीक को 68 वीं बिहार लोकसेवा आयोग परीक्षा में 25 वां रैंक लाकर अपने गांव सहित अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवम को जिला सहकारिता विभाग का पद मिला है, शिवम कि पढ़ाई का प्रारंभ सेंट माइकल स्कूल पटना से 12 वी करने के उपरांत बीआईटीएस पिलानी राजस्थान से इंजीनियरिंग में स्नातक किया और यह शिवम का दूसरा प्रयास था। उनका का पढ़ाई जारी है आगे आईपीएस बनने का सपना है। शिवम के पिता पवन कुमार सिंह वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग में उप सचिव में पद पर कार्यरत है, चाचा कुंदन कुमार सिंह मधेपुरा में जिला योजना पदाधिकारी में पद पर पदस्थापित है। शिवम ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, माता पिता का प्रेरणा और अपने कुल देवी की असीम कृपा को माना है। सरपंच राज नारयण सिंह, डॉ अरुण कुमार सिंह, होटल कार्डो परदेसी सुशील कुमार सिंह, प्रो लाल प्रसाद सिंह, राजवीर सिंह, सत्येंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, नंदन सिंह सहित अन्य लोगों ने इस सफलता पर शिवम प्रतीक को बधाई देते मंगल भविष्य की कामना की है

एससी-एसटी एक्ट में दो फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिले के सौर बाजार थानांतर्गत पामा गांव से पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट मामले में फरार चल रहे युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान हुई जो की कारी मेहता के पुत्र रूपेश कुमार उम्र 19 वर्ष एवम दूसरा युवक गजो मेहता के पुत्र आशीष कुमार उम्र 19 वर्ष साकिम पामा वार्ड नंबर 1 के निवासी के रूप में हुई है। पतरघट ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया कि गिरफ्तार युवक काफी लंबे वक्त से एससी-एसटी एक्ट मामले में फरार चल रहा था। जिसको पतरघट की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दबिश देकर घर से 15/01/2024 को समय 17; 30 बजे दूसरा 16/01/2024 समय 5:10 बाजे पुरवाहन गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत सहरसा भेज दिया है।

अगले दो दिनों तक कोल्ड डे की स्थिति बने रहने की सम्भावना

प्रात : किरण, संवाददाता

मुजफ्फरपुर। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 17से 21जनवरी तक के लिए मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान जारी किया है। पूवार्नुमान के अनुसार ,अगले दो दिनों तक कोल्ड -डे की स्थिति बने रहने की संभावना है। इसके बाद 20जनवरी से दिन के तापमान में वृद्धि होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। तभी लोगों को ठंड से राहत मिल सकती है ।मौसमीय वेधशाला के अनुसार, पिछले तीन दिनों के दौरान दिन और रात का अधिकतम और न्यूनतम तापमान औसत क्रमशः 18.1 एवं 9.6 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 95 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 70 प्रतिशत, हवा की औसत गति 6.5 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 0.8 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 0.6 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 13.6 एवं दोपहर में 19.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा तथा सुबह में मध्यम से घने कुहासा देखा गया। 17से 21 जनवरी तक के लिए जारी मौसम पूवार्नुमान के अनुसार ,पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान प्रायः साफ एवं मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। सुबह में मध्यम से घने कुहासा छा सकता है। अधिकतम तापमान 15 से 18 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 20 जनवरी से दिन के तापमान में वृद्धि हो सकती है ।औसतन 3 से 4 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की संभावना है। पूवार्नुमानित अवधि में सर्द वाली पछिया हवा चलने से ठंढ़ व कनकनी बरकरार रहने का अनुमान है। जिसके चलते कोल्ड-डे की स्थिति अभी भी एक-दो दिनों तक बरकरार रहने की सम्भावना है ।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में करीब 80 से 90 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 65 प्रतिशत रहने की संभावना है। किसानों को सलाह दी गई है कि वर्तमान मौसम आलू की फसल में पिछेती झुलसा रोग के फैलाव के लिए अनुकूल है। किसान फसल की नियमित रुप से निगरानी करें। इस रोग से आलू फसल की पत्तियों के किनारे से झुलसना प्रारंभ होती है जिसके कारण पूरा पौधा झुलस जाता है। इसके बचाव हेतु 2.0 से 2.5 ग्राम इण्डोपिल एम0 45 फफूँदी नाषक दवा का प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर छिड़काव करें। इस छिड़काव के 8-10 दिनों बाद पुनः रीडोमिल दवा का 5 से 20 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बना कर छिड़काव करें। कटवर्म या कजरा पिल्लू कीट का प्रकोप फसल में दिखनें पर बचाव के लिए क्लोरपायरीफॉस 20 ई0सी0 दवा का 25 से 3 मि०ली० प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें ।पिछात गेहूँ में दीमक कीट का प्रकोप दिखाई देने पर बचाव हेतु क्लोरपायरीफॉस 20 ई0सी0 दवा का 2 लीटर प्रति एकड़ की दर से 20-30 किन बालू में मिलाकर शाम के समय खेत में छिड़काव कर सिंचाई करें। समय से बोयी गई गेहूँ की 40 से 50 दिनों की फसल में दूसरी सिंचाई करें। अग बोई गई गेहूं की फसल जो 60 से 65 दिनों की हो गई है, उसमें तीसरी सिंचाई करें।

सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा बढ़ा दी गई है सतर्कता

प्रात : किरण संवादाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल बाह्य सीमा चौकी पिपरौन के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक कामयाबी मिली है। दैनिक नाका ड्यूटी के दौरान मुख्य आरक्षी कुलदीप राज की अगुवाई में नाका पार्टी के द्वारा की गयी कार्यवाही में भारत-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 284/14 से 500 मी० भारतीय क्षेत्र की तरफ लायी जा रही देशी शराब नेपाली 300 एम एल 3057 बोतल 375 एम एल 12 बोतल को जब्त किया गया है ।जब्त किया गया नेपाली शराब की बोतलों को अग्रिम कार्यवाही हेतु हरलाखी थाने को सुपुर्द करने की प्रक्रिया जारी है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय में भी इसी प्रकार के अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा मृत्युंजय श्रीवास्तव द्वितीय कमान अधिकारी, कार्यवाहक कमडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

मिशन शक्ति के तहत गठित समिति की बैठक

प्रात : किरण संवादाता

सहरसा। जिलाधिकारी वैभव चौधरी की अध्यक्षता में मिशन शक्ति के तहत गठित समिति की बैठक की गई। जिलाधिकारी के द्वारा मिशन शक्ति के तहत संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ओं,जिला हब फॉर एमपावरमेंट,वन स्टॉप सेंटर,अल्पवास गृह,पालना घर संचालन के संबंध में समीक्षा किया गया तथा अल्पवास गृह,पालना घर संचालन तथा रिक्त पदों पर नियोजन संबंधित निर्देश दिया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत विभागीय निदेर्शानुसार सभी गतिविधियों को ससमय आयोजित करने एवं सभी सदस्यों को क्रियान्वयन में सहयोग करने का निर्देश दिया गया। अन्य योजनाओं को भी विभागीय निदेर्शानुसार संचालित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा महिला हेल्पलाईन के टॉल फ्री नम्बर 181 का प्रचारित करवाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी,जिला परियोजना प्रबंधक,जीविका,जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,सर्वशिक्षा अभियान एवं एल॰डी॰एम॰सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक उपरांत जिला पदाधिकारी महोदय के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जागरूकता हेतु एल ई डी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया साथ ही नुक्कड़ नाटक दल को भी सभी प्रखंडों में जागरूकता हेतु रवाना किया गया।

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या– 94 वर्ष 2023–24

बिहार सरकार

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 24.01..2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 25.01..2024 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 25.01..2024 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार भवन अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मू० (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	Provision of Residential Office Building at 12 Strand Road, Patna for the year 2023-24. (Office Room)	14.70	29,400=00	2,500=00	01 माह
2	Provision of Residential Office Building at 12 Strand Road, Patna for the year 2023-24. (Office)	9.74	19,500=00	1,250=00	01 माह

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prd.bihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना

PR. No. 015372 (BCD) 2023-24

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

सम्पादकीय

बेरोजगारी का संगीन साया

एक तो आशंका है कि इस वर्ष विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी का शिकार हो सकती हैं। दूसरी तरफ टेक कंपनियां अब बड़े पैमाने पर एआई का इस्तेमाल कर रही हैं। इस कारण पहले जितने कर्मचारियों की जरूरत पड़ती थी, अब उतनी नहीं रह गई है।नए साल की शुरूआत के साथ टेक्नोलॉजी क्षेत्र की कंपनियों में कर्मचारियों की छंटनी की खबरें आने लगी हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, फेसबुक सभी ने एलान किया है कि इस वर्ष वे अपनी कर्मचारियों की संख्या में कटौती करेंगी। इसकी दो वजहें बताई गई हैं। एक तो आशंका है कि इस वर्ष विश्व की विकसित अर्थव्यवस्थाएं मंदी का शिकार हो सकती हैं। दूसरी तरफ ये कंपनियां अब बड़े पैमाने पर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर रही हैं। इस कारण पहले जितने कर्मचारियों की जरूरत पड़ती थी, अब उतनी आवश्यकता नहीं रह गई है। इस बीच टीसीएस और इन्फोसिस जैसी भारत की भी बड़ी कंपनियों ने अपनी पिछली तिमाही की जो रिपोर्ट जारी की है, उसके परिणाम निराशाजनक आए हैं। इसका प्रभाव इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों पर अवश्य पड़ेगा। मतलब यह कि हाई टेक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए संकटपूर्ण दिन आने वाले हैं। वैसे यह सूरत सिर्फ टेक क्षेत्र की नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की श्रम एजेंसी अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने चेतावनी दी है कि नए साल में दुनिया भर में बेरोजगारी बढे का अंदेशा है।आईएलओ ने कहा है कि साल 2022 में वैश्विक बेरोजगारी दर 5.3 प्रतिशत थी, जो पिछले साल थोड़ी बेहतर होकर 5.1 प्रतिशत रही। लेकिन आईएलओ के अध्ययन के मुताबिक 2024 में श्रम बाजार परिदृश्य और बेरोजगारी के बिगडे की आशंका है। इस साल वैश्विक बेरोजगारी दर बढ़कर इस साल 5.2 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। आईएलओ के मुताबिक जी-20 के सदस्य अधिकांश देशों में अतिरिक्त आय में कमी आई है। महंगाई बने रहने की वजह से जीवन स्तर में जो गिरावट हुई है, वह जल्द सुधरने वाली नहीं है। आईएलओ ने दुनिया भर में बढ़ती गैर-बराबरी और सुस्त उत्पादकता पर चिंता जताई है। लेकिन आईएलओ ने अपने एक अन्य अध्ययन के आधार पर कहा है कि चीन, रूस और मेक्सिको को छोड़कर जी-20 के सदस्य देशों में 2023 में औसत वास्तविक वेतन में गिरावट आई हुई। ब्राजील, इटली और इंडोनेशिया में वास्तविक वेतन में सबसे तेज गिरावट देखी गई। तो उभरता आर्थिक परिदृश्य सबके सामने है, जिस पर नीति निमार्ताओं को चिंता करने की जरूरत है।

खडगे: भरोसे का नाम!

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे न केवल कांग्रेस के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं, बल्कि विपक्ष के लिए भी भरोसे का चेहरा बने हैं। तभी अरविंद केजरीवाल से लेकर उद्धव ठाकरे सभी से सीटों के बंटवारे पर बात आगे बढ़ रही है। माना जा सकता है कि खडगे यदि इंडियाइ के अध्यक्ष बने तो विपक्ष 2024 का लोकसभा चुनाव कुछ राज्यों में कायदे से लड़ेगा। मैं विपक्ष की जीत की उम्मीद में नहीं हूं। लेकिन देश, राजनीति और लोकतंत्र से सरोकारों में मेरी चाहना है कि विपक्ष मजबूती से लड़े और उसे अच्छी संख्या में सीटें मिलें ताकि वह जिंदा रहे और लोकतंत्र सुरक्षित बने। भारत राष्ट्र-राज्य की एकता और अस्तित्व के लिए जरूरी है, जो मौजूदा सत्ता याकि नरेंद्र मोदी व भाजपा की रीति-नीति के विरोधियों का लोकतंत्र में विश्वास कायम रहे। यदि देश में पचास-पचपन प्रतिशत आबादी भाजपा के खिलाफ वोट देती है तो जरूरी है कि इन वोटों, समुदायों की आवाज, इनका प्रतिनिधित्व विधायिका में सम्मानजनक बना रहे !उस नाते 2024 का चुनाव खत्म होते विपक्ष के लिए आर-पार का है। ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, अरविंद केजरीवाल से अखिलेश यादव, मायावती, लेफ्ट फ्रंट सबके लिए यह चुनाव आखिरी है। यदि लोकसभा चुनाव में इनका पूरा सफाया (इसकी आंशका है) हुआ तो इन सभी विरोधी नेताओं का सियासी वजूद मिटेगा। भाजपा का सीट लक्ष्य चार सौ पार का है। और ऐसा होना बंगाल, पंजाब, दिल्ली, यूपी, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र में भाजपा की छप्पर फाड़ जीत से ही संभव है इसलिए कांग्रेस और उसके अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे का रोल अहम है। खडगे की कमान में विपक्षी एलायंस में संजीदगी से सीट बंटवारे पर बात हो रही है। उनके कारण जहां कांग्रेस में समझदारी बनी है वही प्रदेश कांग्रेस नेताओं के किंतु-परंतु खत्म हुए हैं। उधर दूसरी पार्टियों के नेता भरोसे में हैं। कांग्रेस की सभी पार्टियों से प्रदेशवार बात हो रही है। कांग्रेस में अहमद पटेल की मृत्यु के बाद जो संकट था वह खत्म होता लगता है। हकीकत है कि अहमद पटेल के बाद राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और पार्टी मुख्यालय एआईसीसी में राजनीतिक नेटवर्किंग, मेलजोल, संपर्क-संबधों का ढर्रा बुरी तरह बिखरा। वैक्यूम बना। इसलिए भी क्योंकि राहुल गांधी अपनी धुन में अकेले और दो-तीन विश्वस्तों (जो बदलते रहे हैं) की नौकरशाही एप्रोच की राजनीति के अभ्यस्त हैं वही सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा की अपनी सीमाएं हैं इसलिए कांग्रेसियों में यह शिकायत आम है कि अध्यक्ष के घर-दफ्तर व एआईसीसी और राहुल-प्रियंका के घर-दफ्तरों में कार्यकताओं और शुभेच्छुओं के लिए एक्सेस तो मोदी-शाह के यहां से भी अधिक कठिन है। कांग्रेस का हर बड़ा नेता, प्रादेशिक क्षत्रप अपने आपको सर्वज्ञ नरेंद्र मोदी से कम सर्वज्ञ नहीं समझता है और लगातार चुनाव हारते जाने के बावजूद आलाकमान नेता अपने को राजनीति व चुनाव का ग्रैंडमास्टर समझते हैं। कांग्रेसी नेताओं का मिजाज जमीनी कार्यकताओं से मिलने, उन्हें करो-मरो की राजनीतिक लड़ाई के लिए प्रेरित करने का कतई नहीं है। सभी शिकायत करते मिलते हैं- हमें पूछता कौन है? मिलने का वक्त कौन देता है ?बहरहाल, मल्लिकार्जुन खडगे की अध्यक्षता से कुछ बदला लगता है। दरअसल मल्लिकार्जुन खडगे चुनाव लड़-लड कर, उन्हें जीतते हुए नेता बने हैं। हिसाब से खडगे का जैसा जो राजनीतिक जीवन और अनुभव है वह जहां कांग्रेस में संभावनाओं का प्रमाण है वही राजनीतिबाजों के लिए अनुकरणीय भी। फिलहाल शरद पवार (83 वर्षीय) को छोड़ खडगे सभी पार्टियों के मौजूदा सक्रिय नेताओं में सर्वाधिक उम्रदराज (81 वर्षीय) हैं लेकिन सेहत-सक्रियता-समझ और संजीदगी में मजबूत हैं। मामूली बात नहीं है जो खडगे 1972 से लगातार बारह दफा विधानसभा-लोकसभा चुनाव लड़े और ग्यारह बार जीते। इतना ही नहीं उनकी कन्नड़, हिंदी, अंग्रेजी में पकड़ धाराप्रवाह भाषण की है।मैं इस सबका उल्लेख इसलिए कर रहा हूं क्योंकि नीतीश कुमार या शरद पवार आदि में किसी की जगह यदि इंडियाइ के संयोजक, अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे बनते हैं तो विपक्षी एलांयस में बिखराव नहीं बनेगा।

शरद पवार खुद उम्र और सेहत की वजह से महाराष्ट्र में अपने को समेटे हुए हैं। नीतीश कुमार के अरमान हैं लेकिन उन पर भरोसा अब जनता दल यू के भीतर भी नहीं रहा होगा। वे पार्टी में भाजपा के करीबी नेताओं की कठपुतली बन गए लगते हैं। सो, वे कब पाला बदल लें, क्या बोल जाएं, इसका चुनाव घोषणा तक सस्पेंस रहेगा।यों विपक्ष को चेहरे की जरूरत नहीं है। न नरेंद्र मोदी के आगे उसे कोई चेहरा प्रोजेक्ट करना चाहिए। सन् 2024 के लोकसभा चुनाव में विरोधी पार्टियों को सिर्फ और सिर्फ वह नेता चाहिए जो विरोधी नेताओं को परस्पर जोड़े रखे और उनके दिल-दिमाग में यह सत्य पैठाए कि यह उनकी राजनीति का आखिरी चुनाव है !सवाल है क्या मल्लिकार्जुन खडगे उत्तर भारत के विरोधी नेताओं को समझा सकेंगे? वे कांग्रेस को क्या हिंदी भाषी राज्यों में लडे लायक बना सकेंगे? मुश्किल है। अपना मानना है वे खुद अपनी पार्टी के उत्तर भारतीय नेताओं, क्षत्रपों को भी नहीं समझा सकते हैं कि उन्हें क्यों कर लोकसभा चुनाव में करो-मरो की मेहनत करनी है! कांग्रेस के लिए जरूरी है जो वह राज्यसभा, एआईसीसी और प्रदेशों में बैठे सभी मठाधीशों को लोकसभा चुनाव लड़ाए। जो काम भाजपा करती है और माहौल बनाती है वह कांग्रेस-विपक्ष को भी करना होगा। भाजपा ने हालिया विधानसभा चुनावों में अपने कई मठाधीश नेताओं को विधानसभा चुनाव में उतारा। इससे यह नैरेटिव बना कि नरेंद्र मोदी-अमित शाह चुनाव जीतने के लिए सब कुछ दांव पर लगाए हुए हैं लेकिन कांग्रेस में ऐसे आइडिया पर काम करवाने की सोच और हिम्मत न राहुल, प्रियंका, सोनिया गांधी में है और न मल्लिकार्जुन खडगे बैठकों में उत्तर भारत के कथित बड़े नेताओं को लोकसभा चुनाव में झोंकने के मूड में हैं !सचमुच यदि यूपी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़, उत्तराखंड, बिहार, गुजरात मतलब भाजपा के गढ़ों में कांग्रेस सभी आला नेताओं को चुनाव लड़ाने का इरादा बनाए तो चालीस-पचास उम्मीदवारों की उसकी ऐसी लिस्ट बनेगी, जिससे अपने आप कांग्रेस के करो-मरो मोड में चुनाव लगने की हवा बनेगी। कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, चरणदास महंत, सीपी जोशी, सचिन पायलट, प्रमोद तिवारी, हरीश रावत, राज बब्बर, पीएल पुनिया, आनंद शर्मा, अजय माकन, अरविंदर सिंह लवली, भूपेंदर सिंह हुड्डा, दीपेंदर सिंह हुड्डा, अजय राय, गोविंद सिंह डोटासरा, जीतू पटवारी, या राज्यसभा के तमाम कांग्रेसी सांसदों, विधायक नेताओं, प्रदेश अध्यक्षों, दिग्गज विधायकों को लोकसभा चुनाव लड़वाना चाहिए ताकि हिंदी भाषी प्रदेशों में तीन-चार दर्जन सीटों पर कांग्रेस के कड़े मुकाबले का मनोविज्ञान बने।पर इस तरह की किसी आक्रामक एप्रोच में एआईसीसी और मल्लिकार्जुन खडगे फिलहाल दिखलाई नहीं दे रहे हैं। जबकि हिसाब से कांग्रेस का सबसे बड़ा संकट राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, हरियाणा जैसे राज्यों में भाजपा से सीधे मुकाबले का है।

गुरु गोबिंद सिंह के 357वें प्रकाश पर्व : सदैव प्रेरणा देते रहेंगे गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने। अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है।

योगेश कुमार गोयल
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने।

अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। दरअसल कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें संत सिपाही भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। ह्यबिचित्र नाटक को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह दशम ग्रंथ का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरू जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी।

कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल पोंटा शब्द का अर्थ होता है पांव और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को ह्यपंज प्यारेह्न चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने ह्यखालसा वाणीह्न भी दी, जिसे ह्यवाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें पंच ककार (केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा) कहा जाता है।

गुरु गोबिंद सिंह ने ही गुरु ग्रंथ साहिब को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है। गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। नांदेड़ में दो हमलावरों से लड़ते समय गुरु गोबिन्द सिंह के सीने में दिल के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जिसके कारण 18 अक्तूबर 1708 को नांदेड में करीब 41 वर्ष की आयु में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

राहुल का यात्रा से सभी विपक्षी दलों को लाभ

अभी जो ममता या अखिलेश बार बार कांग्रेस सेपूछने, उसे हैसियत बतलाने के लिए कह रहे हैं कि आप बंगाल या यूपी में हो क्या? इसलिए यात्रा दौरान वे यह महसूस करेंगे तो समझ आएंगा कि देश में यह जो डर खत्म हो रहा है,लोग भावनाओं के जाल से निकलना चाह रहे हैं और राहुल की न्याय की बात, रोजगार की बात, महंगाई की बात, सरकारीशिक्षा के जरिए उनके बच्चों के भविष्य की बात अब लोगों के दिमाग मेंपहुंच रही है तो जाहिर है यात्रा विपक्ष के दिमाग के जालों को भी साफ करेगी। मामूली बात नहीं जो अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात की। भरोसा दिया कि सीट शेयरिंग में कोईपरेशानी नहीं होगी। क्यों? इसे समझना मुश्किल नहीं है। उन्हे हाल में ईडी काचौथा सम्मन आया है। उनके पास बीच का कोई रास्ता नहीं है। या तो मोदी के सामने समर्पण कर दें या खड़हे, राहुल गांधी के साथ और दूसरे विपक्षी नेताओं उद्धव ठाकरे, लालू यादव, तेजस्वी, स्टालिन जैसे नेताओं के साथ मिलकर मोदी से चुनावी लड़ाई लड़े। केजरीवाल को भी समझ में आ गया है कि मोदी से अगर अभी अभय दान मिला भीतो वह स्थाई नहीं होगा। लोकसभा चुनाव के बाद तो और बड़ा हमला होगा।तीसरी बार जीते हुए नरेंद्र मोदी का मुकाबला कोई नहीं कर पाएगा। खुद भाजपा और संघभी नहीं। मगर अभी यह बात ममता बनर्जी और अखिलेश यादव कोपूरी तरह समझ में नहीं आ रही है।उन्हें अपने बंगाल और उत्तर प्रदेश की ताकत पर बड़ा घमंड है।

शकील अख़्तर
लेखक वरिष्ठ पत्रकार है

सवाल है राहुल गांधी की न्यास यात्रा से क्या होगा?होगा यह कि जैसे जैसे राहुल आगे बढ़ते जाएंगे इन्डिया गठबंधन के घटक दलोंको होश आता जाएगा! अभी जो ममता या अखिलेश बार बार कांग्रेस सेपूछने, उसे हैसियत बतलाने के लिए कह रहे हैं कि आप बंगाल या यूपी में हो क्या? इसलिए यात्रा दौरान वे यह महसूस करेंगे तो समझ आएंगा कि देश में यह जो डर खत्म हो रहा है,लोग भावनाओं के जाल से निकलना चाह रहे हैं और राहुल की न्याय की बात, रोजगार की बात, महंगाई की बात, सरकारीशिक्षा के जरिए उनके बच्चों के भविष्य की बात अब लोगों के दिमाग मेंपहुंच रही है तो जाहिर है यात्रा विपक्ष के दिमाग के जालों को भी साफ करेगी।

मामूली बात नहीं जो अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात की। भरोसा दिया कि सीट शेयरिंग में कोईपरेशानी नहीं होगी। क्यों? इसे समझना मुश्किल नहीं है। उन्हे हाल में ईडी काचौथा सम्मन आया है। उनके पास बीच का कोई रास्ता नहीं है। या तो मोदी के सामने समर्पण कर दें या खड़हे, राहुल गांधी के साथ और दूसरे विपक्षी नेताओं उद्धव ठाकरे, लालू यादव, तेजस्वी, स्टालिन जैसे नेताओं के साथ मिलकर मोदी से चुनावी लड़ाई लड़े। केजरीवाल को भी समझ में आ गया है कि मोदी से अगर अभी अभय दान मिला भीतो वह स्थाई नहीं होगा। लोकसभा चुनाव के बाद तो और बड़ा हमला होगा।तीसरी बार जीते हुए नरेंद्र मोदी का मुकाबला कोई नहीं कर पाएगा। खुद भाजपा और संघभी नहीं।

मगर अभी यह बात ममता बनर्जी और अखिलेश यादव कोपूरी तरह समझ में नहीं आ रही है।उन्हें अपने बंगाल और उत्तर प्रदेश की ताकत पर बड़ा घमंड है। मगर दोनों यह भूल रहे हैंकि लोकसभा जीतने के बाद फिर जो पश्चिम बंगाल और उत्तरप्रदेश के चुनावों में मोदीजी लडेंगे तोइन दोनों दलों का नामो निशान भी मिट जाएगा।

विपक्ष में सभी अनुभवी नेता हैं। इसलिए ये क्या यह नहीं जानते कि हैट ट्रिक के बाद मोदीजी किसतरह व्यवहार करेंगे? चक्रवर्ती सम्राट की तरह। कोई विपक्ष रहना ही नहींचाहिए। और अगर विपक्ष में रहने का शौक ही है तो मायावती की तरह चुपचाप बैठे रहिए।

मायवती ने सोमवार को अपने जन्म दिन घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी लोकसभा काचुनाव अकेले ही लड़ेंगी। मतलब भाजपा को बाहर से समर्थन देते हुए। सपा औरकांग्रेस के वोट काटते हुए। सपा को यह बात समझना चाहिए। विपक्ष के जोपूर्व मुख्यमंत्री हैं उनमें सबसे युवा अखिलेश यादव हैं। उनके पास राजनीति करने का बहुत समय पड़ा हुआ है। जिस पीडीए की वह बात करते हैं उसका बड़ाहिस्सा उनके पास है। पिछड़ा मुख्यतः उनकी अपनी जाति के यादव, दलित मेंमायावती की जाति को छोड़कर बाकी दलितों का एक हिस्सा और अल्पसंख्यकों का भी एक बड़ा हिस्सा।

आखिर 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें इतना वोट ऐसे हीनहीं मिला। सपा बनने के बाद से पहली बार उसने 32 प्रतिशत वोट निकाला है।1993 में मुलायम सिंह यादव ने पार्टी बनाई थी और उस वक्त 18 प्रतिशत वोट पायाथा। जो अब बढ़ते-बढ़ते 32 प्रतिशत तक पहुंच गया है। और यहां अखिलेश यादव के लिए यह बातसमझने की है कि यह वोट उन्हें तभी तक मिलेगा और बढ़ भॉ सकता है जब तक वे ताकतवर दिखेंगे, मुकाबले में दिखेंगे। जिस दिन मायावतीजैसे वे कमजोर दिखे उनका जनाधार भी खिसक जाएगा। क्योंकि मूलतः उनका आधारकमजोर पृष्ठभूमि के लोग ही हैं। वे ऐसे कमजोर नेता के साथ नहीं रह सकतेजो उन्हें मुसीबत में बचा नहीं सकता हो।

सोमवार को मायावती ने समाजवादी पार्टी पर खूब हमले किए। मायावती, बीजेपी को खुशकरने के लिए हर उस आदमी पर हमले करती हैं जिससे बीजेपी को चुनौती मिलनेकी संभवना होती है। लेकिन अखिलेश के लिए मायावती पहले नंबर की शत्रु नहींहैं। उन्हें तो भाजपा से ही मुकाबला करना होगा। और इस समय बहुत मजबूत होगई भाजपा को हिलाने के लिए उन्हें कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दलों कीपूरी मदद चाहिए। वे मायावती नहीं बन सकते। मायावती अपनी पारी खेल चुकीहैं। भतीजे को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। मगर कोई पूछे कि आपउत्तराधिकार में छोड़कर यूपी में क्या बचाए हुए हैं? केवल एक विधायक! बाकी लोकसभामें उनके सपा के साथ गठबंधन में लड़ने से दस जीते थे वह अब भाजपा के साथअप्रत्यक्ष गठबंधन में कितने रह जाएंगे, कोई नहीं जानता। तो मायावती कहतो यह रही हैं कि मेरे एक मात्र उत्तराधिकारी आकाश आनंद। मगर उसेराजनीतिक रूप से क्या मिलेगा, कहना मुश्किल है। बाकी पैसों, वैसों के साथतो इतने मामले मुकदमे आएंगे कि उस युवा लड़के के लिए सामान्य रूप से जीनाभी मुश्किल हो जाएगा। और सबसे बड़ी बात वे कांशीराम जी नहीं हैं कि जिनकेद्वारा मायावती को उत्तराधिकारी बना देने के बाद दलितों ने उन्हे स्वीकारकर लिया था। खुद मायवती की स्वीकृति दलितों में कम होती चली जा रही है।मुसलमानों में खत्म हो गई है। एक लोकसभा सदस्य अमरोहा के दानिश अली कोउन्होंने पार्टी से इसलिए निकाल दिया कि वे भाजपा के खिलाफ मुखर हो रहेथे। तब ऐसे में अल्पसंख्यक वोट का उनके साथ रहना मुश्किल है।

तो इन परिस्थितियों में अखिलेश यादव को फायदा ही फायदा है। लेकिन अगर वे यूपीके सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता के रूप में भाजपा हराने के अलावा कुछ औरसोचेंगे जैसे कांग्रेस को दबाना तो वे अपना ही सबसे बड़ा नुकसान करेंगे।

राहुल गांधी की इस दूसरी यात्रा का बड़ा फायदा यूपी में अखिलेश को भी मिलेगा।यूपी में पिछला 2022 का विधानसभा चुनाव वे हारे तो इसकी प्रमुख वजह गरीब,पिछड़ों, अति पिछड़ो, दलितों में बैठ गया डर भी था। राहुल इस बार सबसेज्यादा समय यूपी को ही दे रहे हैं। पूरे 11 दिन। और उद्देश्य सीधा सीधासबको मालूम है कि लोगों के मन में जो डर बैठ गया है उसे निकलाना। जोनिराशा आ गई है कि अब कुछ नहीं हो सकता। युवाओं को रोजगार, मंहगाई हटाना,सरकारी अस्पतालों और सरकारी स्कूलों की अब वापसी नहीं होने वाली। केवलधर्म की राजनीति चलेगी। तो इसे दूर करके बताना कि नहीं आम आदमी के रोजीरोटी की बात फिर से होगी।

राहुल की यह यात्रा सिर्फ और सिर्फ एक पार्टी भाजपा को नुकसानपहुंचाएगी। मगर यह नहीं है कि केवल एक पार्टीम् उनकी पार्टी कांग्रेस कोफायदा पहुंचाएगी। बल्कि सभी विपक्षी दलों को फायदा मिलेगा। इसलिए क्योंकि जब डर कामाहौल हटेगा तो उसका फायदा सभी को मिलेगा। और डर एक ऐसी चीज है जब हटेगीतो जैसे अब कुछ ही दिनों बाद वसंत आने वाला है। कोहरा एकदम से छंट जाएगा।वैसे ही डर की ठिठुरन भी सूरज के तेज निकलने से एकदम से गायब हो जाएगी।और जैसे सूर्य के ताप का फायदा सबको मिलता है वैसे ही राहुल की इस न्यायभारत जोड़ो यात्रा का फायदा सभी विपक्षी दलों को मिलेगा। बशर्त की वेमायवती न बन जाएं।

होईहें वही जो राम रचि राखा

प्रदीप कुमार

सत्ताधिकारी जब धर्म की ओर गति करते धमार्नुरागी धर्मनिष्ठ होते हैं, तो देश और धर्म सशक्त, जनता सुखी और सज्जन हो जाती है। दूसरी तरफ धर्माधिकारी जब राजनीतिन्मुख हो जाते हैं, तो धर्म की हानि तो होती ही है, स्वयं उनके प्रतिष्ठा की भी हानि होती है। यही नहीं समाज भी भोगोन्मुखी हो जाता है। यही आज की परिस्थिति भी है और लगभग यही हो भी रहा है।

सोमवार 22 जनवरी 2024 को न सिर्फ भारत बल्कि पूरा विश्व, एक ऐसी धारा का साक्षी बनेगा जिसके लिए सनातनियों ने, हिंदुओं ने, न केवल कुछ वर्ष बल्कि कई शताब्दी तक संघर्ष ही नहीं किया बल्कि अपना तन, मन, धन सब न्योछावर कर दिया, जान का बलिदान भी दिया।

आज पूरा भारत लगभग राममय हो चुका है। लोगों ने अपने सोशल मीडिया का डीपी, मोबाइल का रिंगटोन, स्टेटस सब राममय ही कर दिया है। प्रभात फेरियाँ निकाली जा रही है, मंदिरों की साफ-सफाई करना शुरू कर दिया गया है, और हाय झ हेलो की जगह जय श्री राम बोलना भी आरंभ कर दिया है। न सिर्फ अयोध्या, पूरे भारत के लोगों ने अपने दुकानों पर, घरों पर, भगवा पताका लहरा रखा है। एक तरफ अयोध्या जी से आई अक्षत और आमंत्रण पत्र पाकर लोग खुद को भाग्यशाली समझ रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर कोई शुद्ध घी पहुंचा रहा है, तो कोई विशाल अगरबत्ती बनाकर भेज रहा है। जिसे जो बन पड़ रहा है, वह अपना योगदान देने में लगा है। राम मंदिर न्यास परिषद ने इस पावन अवसर पर देश-विदेश के अनेक गणमान्यों को निमंत्रण भेजा है और अधिकांश लोग उस निमंत्रण को पाकर खुद को भाग्यशाली समझ रहे हैं, वहीं कुछ लोगों ने इस पुनीत आमंत्रण को ठुकरा दिया है। ठुकराने वाले वही लोग हैं, जिन्होंने न सिर्फ हमारे आराध्य को सालों तक तंबू में रखा, बल्कि मंदिर निर्माण में हमेशा रोड़े अटकाए। हद तो तब हो गई जब इन्होंने राम को काल्पनिक तक कह डाला और रामसेतु तोड़ने की तैयारी भी कर ली थी।

उनका उद्देश्य सिर्फ सनातनियों को अपमानित करना, अपने तथाकथित वोट बैंक को कायम रखना और एक खास वर्ग के तुष्टिकरण का था। कहते हैं कि सत्ता जिसके पास रहती है उसकी तूती बोलती है। जब तक विरोधियों के हाथ सत्ता थी तो उन्होंने मंदिर का विरोध करने में कोई कमी नहीं छोड़ी, किसी ने अनेक राज्यों का सरकार गिराया तो किसी ने कार्य सेवकों पर गोलियां चलवा दी। जब सत्ता उनके हाथ से गई तब यह लोग तंज करना शुरू कर दिया की, मंदिर वहीं बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। जबकि नई सत्ताधारी पार्टी के मेनिफेस्टो में राम मंदिर तो शुरू से था और मंदिर वहीं बनाएंगे का नारा भी।

लगता है कि राम जी को भी स

संक्षिप्त खबरें

उप्रः अयोध्या में जलाई गई 108 फुट लंबी अगरबत्ती

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महंत नृत्य गोपाल दास ने मंगलवार को गुजरात से यहां लायी गयी 108 फुट लंबी अगरबत्ती जलाई। दास ने श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच ह्यह्लजय श्री रामह्लह्ल के नारे लगाते हुए अगरबत्ती को जलाया। दावा किया गया कि अगरबत्ती की सुगंध 50 किमी तक दूर तक महकेगी। इस अगरबत्ती की चौड़ाई करीब साढ़े तीन फुट है और वजन 3,610 किलोग्राम है, जिसे गुजरात के वडोदरा से यहां लाया गया है। अगरबत्ती को तैयार करने के लिए गाय के गोबर, घी, सार, फूलों के अर्क और जड़ी-बूटियों का इस्तेमाल किया गया। यह लगभग डेढ़ महीने तक जल सकती है। अयोध्या के राम मंदिर में श्रीरामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी।

बेटी को अगवा करने का विरोध करने पर गोली मारकर हत्या कर दी

बदायूं जिले के एक गांव में बेटी को कथित तौर पर अगवा करने का विरोध करने पर एक व्यक्ति की गोली मारकर कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने बताया कि घटना जिले के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव सादुल्लागंज की है और मृतक की पहचान सुधीर कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के भाई राजीव कुमार की शिकायत के हवाले से बताया कि सुधीर कर दोस्त सुरेंद्र उर्फ नन्हे ह्यह्लउनकी (सुधीर की) नाबालिग बेटी पर गलत नजर रखता थाह्लह्ल। शिकायत में आरोप लगाया कि सुरेंद्र सोमवार रात अपने दो दोस्तों के साथ नाबालिग को अगवा करने पहुंचा और जब सुधीर ने इसका विरोध तो सुरेंद्र ने उस पर कथित रूप से गोली चला दी। उसने बताया कि गोली सुधीर के पैर में जा लगी, जिसके बाद परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की शिकायत के विपरित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने बताया, ह्यह्लमामूली कहासुनी पर सुधीर के दोस्तों ने उसके पैर में गोली मार दी। अधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि सुरेंद्र को गिरफ्तार कर दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

दो लोगों पर गैगस्टर की कारार्वाई, तलाश में जुटी पुलिस

डिडौली। कोतवाली पुलिस ने दो अपराधियों को गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध किया है। कार्रवाई के बाद पुलिस दोनों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह के मुताबिक कस्बा डिडौली निवासी रोहित उर्फ लाल पुत्र महेंद्र सिंह व क्षेत्र के गांव पतेई खालसा निवासी सचिन सैनी पुत्र सोमपाल अपराधिक प्रवृति के हैं। दोनों के खिलाफ कोतवाली में अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनके गैंग का सरगना रोहित है। इनके खिलाफ लोग गवाही देने से भी डरते हैं। लिहाजा, रोहित व सचिन पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। जल्द दोनों को गिरफ्तार किया जाएगा।

रंजिशन युवक को सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

अमरोहा।रंजिशन युवक को घेरते हुए बीच सड़क पर दौड़ाकर पीटा गया। मारपीट में युवक घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ट आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लकड़ा निवासी उमर हुसैन का बेटा सद्दाम हुसैन सोमवार शाम बाजार से घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में मोहल्ले के ही निवासी मारूफ व फाजिल ने उसे घेर लिया। दोनों उसके साथ गाल गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला किया। सि में गंभीर चोट लगने से सद्दाम बेहोश होकर गिर पड़ा। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने मामले में आरोपी मारूफ व फाजिल पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दज की है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर में की सफाई

रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह मंगलवार सुबह दर्शन के लिए हनुमान सेतु मंदिर पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले मंदिर में भगवान पर चढ़े फूलों को हटाया और फिर पोछा लगाकर मंदिर परिसर की सफाई की। मंदिर में सफाई की फोटो अपने एक्स अकाउंट पर शेयर करते हुए राजनाथ सिंह ने लिखा, हनुमान तेहि परसा कर पुनि कीन्ह प्रनाम, राम काजु कीन्हें बिनु मोहि कहां बिश्राम। रक्षामंत्री ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्त देशवासियों से आह्वान किया है कि सभी लोग अपने आसपास के मंदिरों में स्वच्छता के लिए श्रमदान करें। आज लखनऊ में हनुमान सेतु मंदिर में जाकर स्वच्छतीर्थ अभियान के अंतर्गत श्रमदान किया और प्रभु श्रीराम के अनन्य सेवक हनुमानजी की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त किया।

भव्य मंदिर के साथ ही नव्य अयोध्या के भी दर्शन कराएगी रामनगरी

अयोध्या, एजेंसी

भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। साथ ही अयोध्या भी सजकर तैयार हो रही है। जिन लोगों ने कई वर्ष पूर्व अयोध्या में श्रीरामलला के दर्शन किए होंगे, वो जब नव्य दिव्य मंदिर में भगवान के नए विग्रह के दर्शन करने को आएंगे तो नव्य अयोध्या को देखकर विस्मित हो जाएंगे। सुंदर प्रवेश द्वार, रोड पर चमचमाते सूर्य स्तंभ, म्यूरल पेंटिंग, साफ सुथरी और चौड़ी सड़कें, स्वच्छ और निर्मल सरयू, सुंदर तट, राम की पैड़ी की अलौकिक आभा, एक ही पैटर्न पर बनाई गई दुकानें नई अयोध्या के दर्शन कराएगी। हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं को यहां धरातल पर उतारा गया है, जिसके बाद यह नगरी श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार है। अयोध्या नगरी में घुसते ही साफ सुथरी पक्की सड़क श्रद्धालुओं का स्वागत कर रही है। सड़क के बीच में लगे सूर्य स्तंभ, रात के अंधेरे में रामनगरी की सुंदरता को दुगुना बढ़ा रहे हैं। प्रवेश द्वार देखकर ही इस बात का एहसास हो जाता है कि आप किसी दिव्य नगरी में प्रवेश कर रहे हैं। पूरे रास्ते आपको दीवारों पर भगवान राम से जुड़ी अदभुत वॉल पेंटिंग देखने को मिलेगी जो आपको श्रद्धा से सराबोर कर देगी। सरयू नदी और यहां के घाटों का कायाकल्प कर दिया गया है।

करोड़ों रुपए खर्च कर योगी सरकार ने यहां नदी की स्वच्छता के साथ ही साफ सुथरे घाटों का निर्माण करवाया है। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि 12 महीने सरयू का जल घाटों पर बना रहे। इसके लिए एक्सपर्ट की टीम लगी हुई है। नदी की स्वच्छता और निर्मलता इतनी है कि किसी भी घाट पर स्नान किया जा सकता है। प्रतिदिन होने वाली सरयू आरती ने घाटों की पवित्रता को भी सुनिश्चित करने का काम किया है। अब सरकार इस पर क्रूज और बोट भी चलाने जा रही है जो श्रद्धालुओं के अनुभव को और भी अलौकिक बना देगा। एक अधिकारी ने बताया कि सरयू घाट से राम लला के मंदिर जाने वाले चौराहे में बड़ी सी वीणा लगी हुई है। इसे लता मंगेशकर चौक या वीणा चौक भी कहा जाता है। अयोध्या के विकास के क्रम में डबल इंजन की सरकार ने इसकी स्थापना की है। आजकल ये चौक अयोध्या का केंद्र बिंदु बना हुआ है। यहां शासन और प्रशासन के अधिकारियों के साथ साथ नेशनल और इंटरनेशनल मीडिया का भारी जमावड़ा है। सैंकड़ों यूट्यूबर, रील्स मेकर यहां अपने कैमरों के साथ शूट करते दिख जाएंगे। विशिष्ट अतिथियों के साथ ही आम लोग भी यहां वीणा के साथ सेल्फी लेने के लिए आतुर दिखाई देते हैं। इसके अलावा इस समय यहां विभिन्न तरह की गतिविधियां संचालित हो रही हैं। जैसे ललित कला विभाग के छात्र यहां से लेकर राम मंदिर तक सड़क पर रंगोली बना रहे हैं।

चौराहे के आस पास चाय-नाश्ते की दुकानों के कारण यहां भारी चहल पहल है। अयोध्या निवासी रमेश कश्यप कहते हैं कि राम की पैड़ी पुरातन अयोध्या के साथ ही नव्य अयोध्या के वैभव का भी सबसे अहम पड़ाव है। यह श्रद्धा का केंद्र तो है ही, साथ ही नदी किनारे सुकून से परिवार संग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखते हुए वक्त बिताने का मनोरम स्पॉट भी है। यहां आर्टिफिशियल चैनल के जरिए सरयू नदी का पानी लाया गया है तथा यह हेरिटेज सिटी के तौर पर अयोध्या के खोए वैभव को साकार करने की दिशा में सकारात्मक माध्यम बनकर उभरी है। यूपी सरकार ने 105.65 करोड़ रुपए के विभिन्न जीर्णोद्धार और विकास कार्यों को पूरा कर नव्य आभा और भव्य स्वरूप से राम की पैड़ी को सुशोभित किया है। राम की पैड़ी सरयू नदी के किनारे स्थित घाटों की एक श्रृंखला है। इन दिनों यहां विभिन्न चैनलों के स्टेज बने हुए हैं, जहां कई तरह के कार्यक्रम, लोगों के साक्षात्कार, साधु संतों से चर्चा की जा रही है। इन्हें देखते हुए यहां काफी भीड़ भी जुट रही है। हनुमानगढ़ी मंदिर के रास्ते में घुसने से पक्की सड़क, दोनों तरफ भगवा रंग में पुती हुई एक ही तरह की दुकान, यह सिलसिला श्री राम मंदिर तक बना रहता है। पूरी अयोध्या को दुल्हन की तरह सजा दिया गया है। लगातार झाड़ू लग रही है। साफ सफाई का पूर्णतः ध्यान दिया जा रहा है। सफाई कर्मियों को 8-8 घंटों की तीन शिफ्ट में बांटा गया है। देर रात तक सफाई कर्मी अपने काम में लगे हुए हैं। राम मंदिर के रास्ते पर जूते चप्पल और सामान रखने के लिए अलग से फ्री लॉकर है। दूर से श्री रामलला का मंदिर भव्य और दिव्य दिख रहा है। मंदिर के पास भंडारा चल रहा है। तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल से भक्त आ रहे हैं। बड़ी तादाद में सिख भी श्रीरामलला के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। साधु संत भक्ति में लीन हैं। माला जाप हो रहा है। राम जी के गाने बज रहे हैं।

सौर नाव (सोलर बोट) के जरिए सरयू यात्रा कराएगी उत्तर प्रदेश सरकार



अयोध्या, एजेंसी

अयोध्या को एक मॉडल सौर शहर में बदलने के उद्देश्य से, देश में पहली बार, सरयू नदी में ह्यसोलर पावर इनेबल्ड ई-बोटह्ल (सौर नाव) को उतारा गया है। एक बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने अयोध्या में सरयू नदी में इस नाव सेवा (बोट सर्विस) के नियमित संचालन की रूपरेखा तैयार कर ली है। इस नाव को सरयू घाट के किनारे ही बनाया (असेंबल) किया गया है तथा देश के विभिन्न कोनों से इसके कल-पुर्जे एवं अन्य साजो-सामान मंगाए गए हैं। फिलहाल एक नाव को तैयार कर लिया गया है तथा इसका परीक्षण किया जा रहा है। ऐसी संभावना हैं कि 22 जनवरी को श्री राम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा तथा आगे आने वाले दिनों में ऐसी अन्य नावों के नियमित संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा। बयान के मुताबिक यह सौर नाव स्वच्छ ऊर्जा के जरिए संचालन की परिकल्पना के आधार पर कार्य करती है। यह ह्यड्यूअल मोड ऑपरेटिंग बोटह्ल है जो 100 प्रतिशत ह्यसोलर इलेक्ट्रिक पावर बेसह्ल पर काम करती है। इसे सौर ऊर्जा से चार्ज करने के साथ ही विद्युत ऊर्जा के जरिए भी चलाया जा सकता है। इस नाव में एक बार में 30 लोग यात्रा कर सकेंगे तथा यह सरयू नदी में नया घाट से संचालित होगी। इस नाव यात्रा का समय 45 मिनट से एक घंटे तक रखा जाएगा जिसमें सरयू नदी के किनारे स्थित विभिन्न ऐतिहासिक मंदिरों एवं धरोहरों का दर्शन यात्री कर सकेंगे।

दीवार पर कमल का फूल बनाकर सीएम योगी ने लिखे स्लोगन

गोरखपुर, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कार्यकर्ता में खूब जोश का संचार किया। पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शुरू हुए दीवार लेखन अभियान के तहत उन्होंने मंगलवार को जटाशंकर स्थित श्री विश्वकर्मा भगवान पंचायत मंदिर की दीवार पर भाजपा का चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाया। इसके नीचे स्लोगन लिखे, फिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार। भाजपा महानगर इकाई की ओर से आयोजित दीवार लेखन अभियान में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस अभियान को भी विकसित भारत संकल्प यात्रा की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मतदाताओं से संवाद के कार्यक्रम होने हैं। चुनाव से पूर्व प्रदेश में तीन बड़ी रैलियां होनी है। इन आगामी कार्यक्रमों की दिशा में दीवार लेखन अभियान बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि सांसद, विधायक, सभी पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों को इसमें पूरी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभानी होगी। जहां भी स्पेस दिखे वहां कमल का फूल बनाकर दोनों स्लोगन (फिर एक बार मोदी सरकार और इस बार लक्ष्य चार सौ पार) लिखे जाने चाहिए। किसी की निजी संपत्ति पर लिखने से पूर्व उसकी अनुमति जरूर ले ली जाए। प्रयास हो कि कोई भी स्पेस स्लोगन से खाली न रहे। मुख्यमंत्री ने चुनाव में सफलता के लिए मतदाताओं से बूथ प्रबंधन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि हमारे बूथ जितने मजबूत होंगे, मतदाताओं से हमारा संवाद जितना बेहतरीन होगा, हमारे प्रत्याशी उतने ही भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। 2024 में हम सबका एक ही संकल्प होना चाहिए, एक बार फिर मोदी सरकार और भाजपा की सीटों की संख्या चार सौ पार। सीएम योगी ने कहा कि दीवार लेखन अभियान का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली से कर देश को एक नया संकल्प दिया है। विकसित भारत यात्रा की तरह ही यह अभियान फलीभूत हो, इसके लिए सभी को प्राणपण से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं से कहा कि हमें अपनी बात कहने में संकोच नहीं करनी चाहिए। बीते करीब दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने जो कार्य किए हैं, उन्हें जनता करीब से महसूस कर रही है। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से नागरिकों के मन में नया विश्वास पैदा हुआ है। देश-प्रदेश में वैश्विक स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य हुए हैं। हाइवे, रेलवे और एयर कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। नए एम्स, आईआईटी बने हैं। कई योजनाओं ने नए मानक गढ़े गए हैं। योजनाओं की सिर्फ घोषणा नहीं हुई है, बल्कि शत प्रतिशत संतृप्तिकरण के प्रयास हुए हैं। अपनी बात रखने के क्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं से फिर एक बार मोदी सरकार और इस बार भाजपा चार सौ पार के नारे भी लगवाए।

सरकारी योजनाओं का लाभ जनता के दरवाजे तक पहुंचाई जा रही : राजनाथ

लखनऊ, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि जनता के दरवाजे तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किया जा रहा है। कोई परिवार ऐसा नहीं होगा जिसे किसी न किसी योजना का लाभ ना मिला हो। राजनाथ सिंह लखनऊ के सीतापुर रोड स्थित मान लॉन में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में पहले भारत को कमजोर माना जाता था। कहा जाता था कि ये गरीबों का देश है। अब भारत को मजबूत और ताकतवर देश माना जाता है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया जाना चाहिए। अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के लोगों से प्रश्न करते हुए राजनाथ ने कहा कि मैं जो कुछ कर सकता था, उसे लखनऊ के लोगों के लिए किया है। मेरे काम से आप लोग संतुष्ट हैं या नहीं हैं। आप सभी लोग मुझे बताइये। ये देश मजबूत रहेगा और देशवासी मजबूत रहेंगे तो हम भी मजबूत रहेंगे। रक्षामंत्री ने कहा कि मोदी जब प्रधानमंत्री बने थे तब अर्थव्यवस्था के मामले में भारत 10वें स्थान पर था। अर्थव्यवस्था के मामले में भारत अब पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। राजनाथ ने कहा कि देश-दुनिया के अर्थशास्त्री पूछते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी क्या करिश्मा करते हैं। वो दिन दूर नहीं है, जब भारत टॉप थ्री देशों की सूची में भी शामिल हो जाएगा। अपनी बात को समाप्त करने से पहले रक्षामंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल लोगों से आज्ञा मांगी तो जनता के बीच से एक कार्यकर्ता ने उनसे आगे बोलने का आग्रह किया। अपनी बातों को पूरा करते हुए राजनाथ सिंह ने सभी को धन्यवाद किया।

चोरी के मामले में पुलिस ने कई लोगों से की पूछताछ

प्रात : किरण, संवाददाता

अमरोहा। पुलिस किराना की दो दुकानों से चोरी का खुलासा कर पाती इससे पहले ही चोरों ने बीच शहर स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठान से सवा लाख की चोरी कर ली। फजीहत के बाद पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।तेल व चीनी के थोक व्यापारी पराग अग्रवाल का श्री गिरिराज ट्रेडर्स के नाम से जामा मस्जिद के निकट प्रतिष्ठान है। रविवार शाम प्रति बंद कर वह घर चले गए। सोमवार सुबह पहुंचे तो भीतर का मंजर देखकर दंग रह गए। कैश की पेटी खुली हुई थी। सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। देखने पर पता लगा कि खिड़की के सरिये तोड़कर चोर प्रतिष्ठान में घुसे। चोरी की खबर लगते ही तमाम व्यापारी मौके पर पहुंच गए। सीओ दीप कुमार पंत एवं प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने मौका मुआयना किया। यहां मौजूद व्यापारियों ने हंगामा करते हुए पुलिस पर गश्त में लापरवाही का आरोप लगाया। कहा कि बीच शहर में भी दुकान व प्रतिष्ठान सुरक्षित नहीं हैं। कुछ दिन पूर्व भी दो किराना स्टोर से चोरी हुई थी। पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। पीड़ित व्यापारी पराग अग्रवाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि कई लोगों से पूछताछ की जा रही है।जल्द खुलासा किया जाएगा।

पूर्व सांसद ने भारत संकल्प यात्रा मे वितरित किए प्रमाण पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने विधानसभा धनौरा के ग्राम अहरौला तेजवन में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर जनसभा को संबोधित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा, हर वर्ग के विकास को सुनिश्चित कर ह्यअंत्योदयह्ल के संकल्प को नया आयाम दे रही है। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों के साथ देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर धनौरा विधायक मा. श्री राजीव तरारा जी, खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान सतेन्द्र सिंह, लाभार्थी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

किसी भी दशा में बख्शे न जाएं जबरन जमीन कब्जा करने वाले : योगी

गोरखपुर, एजेंसी

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भू माफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। कुछ लोगों ने भू माफिया द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भू माफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

आदित्यनाथ ने भाजपा के दीवार लेखन अभियान में भाग लिया

गोरखपुर, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी के दीवार लेखन अभियान में मंगलवार को यहां भाग लिया। उन्होंने यहां जटाशंकर स्थित श्री विश्वकर्मा भगवान पंचायत मंदिर की दीवार पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का चुनाव चिन्ह कमल का फूल बनाया और उसके नीचे नारा लिखा, ह्यह्लफिर एक बार मोदी सरकार, इस बार भाजपा चार सौ पार। भाजपा की महानगर इकाई की ओर से आयोजित दीवार लेखन अभियान में उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस अभियान को भी ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ल की तरह सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना है। भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से पार्टी के दीवार लेखन अभियान की शुरूआत की थी। नड्डा ने कहा था कि अप्रैल-मई में संभावित लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश भर के हर मतदान केंद्र पर इसी तरह की कवायद की जाएगी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा, ह्यह्ललोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मतदाताओं से संवाद करेंगे। चुनाव से पूर्व प्रदेश में तीन बड़ी रैलियां होनी हैं। इन आगामी कार्यक्रमों की दिशा में दीवार लेखन अभियान बहुत महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा, ह्यह्लसांसद, विधायक, सभी पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों को इसमें पूरी जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभानी होगी। जहां भी जगह दिखे, वहां कमल का फूल बनाकर दोनों नारे- फिर एक बार मोदी सरकार और इस बार लक्ष्य चार सौ पार- लिखे जाने चाहिए। किसी की निजी संपत्ति पर लिखने से पूर्व उसकी अनुमति जरूर लें। मुख्यमंत्री ने बूथ प्रबंधन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा, ह्यह्लहमारे बूथ जितने मजबूत होंगे, मतदाताओं से हमारा संवाद जितना बेहतरीन होगा, हमारे प्रत्याशी उतने ही भारी मतों से विजय प्राप्त करेंगे। 2024 में हम सबका एक ही संकल्प होना चाहिए कि ह्यह्लएक बार फिर मोदी सरकार और भाजपा की सीटों की संख्या चार सौ पार। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कल नई दिल्ली से दीवार लेखन अभियान की शुरूआत कर देश को एक नया संकल्प दिया है। उन्होंने कहा कि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ल की तरह ही यह अभियान भी सफल हो, इसके लिए सभी को पूरी निष्ठा से काम करना होगा। इस अवसर पर गोरखपुर के सांसद रवि किशन, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान पार्षद डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल और बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिलापंचायत अध्यक्ष ने मंदिर परिसर में साफ सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने विधान सभा धनौरा के ग्राम चुचैला कलां में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से वित्तीय वर्ष 2023-24 में पंचम राज्य वित्त आयोग योजना के अंतर्गत ह्यब्लाक धनौरा के ग्राम चुचैला कलां से डींगरा सम्पर्क मार्ग (कार्य की लम्बाई-लगभग 1300 मी.) की विशेष मरम्मत एवं सी. सी. निर्माण कार्य का फीता काट कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर इकराम प्रधान, हुकम सिंह प्रधान, जावेद प्रधान, पिन्टू शर्मा, जीतपाल प्रधान, तारा चंद प्रधान, नवीन प्रधान, जसवीर, मोनू, महेश व सभी क्षेत्रवासी मौजूद रहे।इसके पश्चात मा० जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा तक सभी मंदिरों और तीर्थस्थलों की स्वच्छता के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर आज नाइपुरा, गजरौला, अमरोहा जनपद में स्थित ह्यश्रीराम मंदिरह्ल में साफ सफाई कर श्रमदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ जिला पंचायत सदस्य पति पिन्टू भाटी, भाजपा के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हिरासत में एक व्यक्ति की मौत के 24 साल पुराने मामले में एक पूर्व थानाध्यक्ष को 10 साल कैद

मथुरा, एजेंसी

मथुरा जनपद की एक अदालत ने पुलिस हिरासत में एक आरोपी की मौत के तकरीबन 24 वर्ष पुराने मामले में एक तत्कालीन थानाध्यक्ष को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनायी है और उसपर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (चतुर्थ) ने इसी मामले में चार अन्य आरोपी पुलिस अधिकारियों को उनके विरुद्ध समुचित प्रमाण न मिलने पर दोषमुक्त कर दिया। सजा सुनाने के बाद सोमवार को न्यायालय में उपस्थित पूर्व थानाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा को सीधे जेल भेज दिया गया। वह इसी मामले में जमानत मिलने से पूर्व तीन वर्ष का कारावास भुगत चुके हैं। यह अवधि उनकी सजा में समायोजित कर ली जाएगी। यह जानकारी अपर जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता (चतुर्थ) हेमेंद्र कुमार भारद्वाज ने दी है।उन्होंने बताया कि यह मामला नरहौली (जो अब हाईवे के नाम से जाना जाता है) थाना क्षेत्र में आगरा-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर नवादा गांव में सेंट फ्रांसिस स्कूल में सात जून 2000 को पड़ी डकैती से संबंधित है तथा इस वारदात के दौरान डकैतों ने विरोध करने पर स्कूल के प्रधानाचार्य ब्रदर जॉर्ज क्रूजी की बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी थी। अपर जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता (चतुर्थ) के अनुसार इस वारदात के बाद ईसाई संगठनों एवं संस्थाओं में भारी रोष फैल गया था । तब नरहौली थाने के तत्कालीन प्रभारी सुनील कुमार शर्मा ने स्कूल के रसोइए विजय इक्का को शक के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया था। लेकिन इस बीच वरिष्ठ अधिकारियों ने पुलिस के खिलाफ ईसाई संगठनों के बढ़ते रोष को देखते हुए सुनील कुमार शर्मा को निलंबित कर थाने का प्रभार धर्मवीर सिंह को दे दिया था। भारद्वाज ने बताया कि सुनील कुमार शर्मा निलंबित होने के बाद भी मामले में दखल देते हुए विजय इक्का को थाने से पुलिस लाइंस ले गए और वहां उससे पूछताछ की गई। उनके मुताबिक तभी 17 जून की सुबह विजय इक्का का शव बाथरूम में लटका मिला। इससे पुलिस के खिलाफ रोष और भी ज्यादा फैल गया। सेंट फ्रांसिस स्कूल से जुड़े लोगों ने तत्कालीन थानाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा को ही विजय इक्का की मौत का दोषी माना। उन्होंने बताया कि प्रधानाचार्य फादर अलफॉन्स ने सुनील कुमार शर्मा के साथ-साथ उप निरीक्षक जमील मोहम्मद रावत, हेड कांस्टेबल राधेश्याम सिंह, कांस्टेबल दिनेश उपाध्याय एवं कांस्टेबल क्लर्क रामानंद यादव के खिलाफ सदर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पहले इस मामले की भी विवेचना पुलिस के स्तर पर हुई। लेकिन बाद में, इस मामले को उत्तर प्रदेश के आपराधिक अनुसंधान विभाग-अपराध शाखा को स्थानांतरित कर दिया गया। भारद्वाज ने बताया कि सीबी-सीआईडी ने थानाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा, उप निरीक्षक जमील मोहम्मद रावत, हेड कांस्टेबल राधेश्याम सिंह, कांस्टेबल दिनेश उपाध्याय, कांस्टेबल क्लर्क रामानंद यादव, थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह, अजय कुमार अग्रवाल, नेत्रपाल दीक्षित, विजय सिंह, सुरेंद्र सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी शील कुमार सिंह के खिलाफ अलग-अलग तिथियों में आरोप पत्र दाखिल किया। शर्मा के बाद थाने के प्रभारी रहे धर्मवीर सिंह की मृत्यु हो चुकी है। इसके अलावा अजय कुमार अग्रवाल, नेत्रपाल दीक्षित, विजय सिंह, सुरेंद्र सिंह एवं क्षेत्राधिकारी शील कुमार सिंह की अनुपस्थिति के चलते न्यायाधीश ने उन सभी की पत्रावली को अलग कर दिया तथा सुनील

संक्षिप्त खबरें

पूर्व कांड में दो आरोपी गिरफ्तार

संझौली (रोहतास) स्थानीय थाने की पुलिस ने मंगलवार को पूर्व के मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर छापामारी कर पूर्व के मामले में आरोपी बैरी गांव निवासी गौतम कुमार व दूसरा दिनारा थाना क्षेत्र के भलुनी गांव निवासी योगेश कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेजा गया।

पंचायत में असहाय लोगों के बीच हुआ कंबल वितरण

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के नोनहर पंचायत सरकार भवन में मंगलवार को बीडीओ अमित प्रताप सिंह की उपस्थिति में मुखिया आभा देवी और पंचायत के कर्मचारियों ने गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। गौरतलब हो कि बढ़ते ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी रोहतास नवीन कुमार ने जिला के सभी बीडीओ को गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल के वितरण का निर्देश दिया गया है। जिसके तहत बीडीओ अमित प्रताप सिंह ने नोनहर में कंबल का वितरण कराया। मौके पर पंचायत सचिव आफताब अंसारी, राजस्व कर्मचारी राजीव कुमार, ग्राम कचहरी सचिव अनिल कुमार राम, रोजगार सेवक सुरेश कुमार, आवास पर्यवेक्षक गणेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मिक्की राज मेहता, डब्लू पासवान, झनू सिंह, बिहारी पासवान सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

पतंग उड़ा भाजपा मिशन 2024 की हुई शुरूआत :- अर्जुन गुप्ता

काराकाट। अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भाजपा नेता अर्जुन गुप्ता ने अपने निजी गाँव काराकाट प्रखंड के मोथा में मकर संक्रान्ति के शुभ अवसर पर सैकडो ग्रामीण बच्चों को नरेंद्र मोदी के चित्र के साथ बीजेपी मिशन 2024 प्रिंट वाला सैकडो पतंग वितरण कर इस महाअभियान की शुरूआत कि श्री गुप्ता ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की तस्वीर लगी पतंग को लेकर सभी बच्चे काफी उत्साहित दिखे तथा सभी बच्चों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की जय जयकर की साथ ही अबकी बार मोदी सरकार के नारों के साथ इस अभियान की शुरूआत की गई श्री गुप्ता ने बताया की भारत सरकार के विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ है। जो की काराकाट प्रखण्ड अन्तर्गत 17 जनवरी को किरही एवम बुढ़वल ग्राम पंचायत, 18 जनवरी को चिकसिल एवम मूंजी ग्राम पंचायत तथा 19 जनवरी को काराकाट एवम जयश्री ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा होना तय है।

पत्रकार को हुआ मातृशोक

बक्सर। पत्रकार रमेश पांडेय और पत्रकार उमेश पांडेय की माता जी का निधन हो गया। इस घटना से पूरा परिवार मर्माहत है। ज्ञात हो कि मकर संक्रांति की रात 15 जनवरी को पत्रकार रमेश कुमार पाण्डेय और उमेश कुमार पाण्डेय की माँ को अचानक करीब 11 बजे सांस लेने में तकलीफ महसूस हुई। आनन फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया किंतु रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। पत्रकार की माँ विजयलक्ष्मी देवी की उम्र तकरीबन 78 वर्ष थी। स्व0 विजयलक्ष्मी देवी अपने पीछे एक भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। सबसे बड़े पुत्र पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता हैं जबकि उनसे छोटे भाई सुरेश कुमार पाण्डेय बक्सर सिविल कोर्ट के अधिवक्ता हैं।

भारत मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं ने निकाला विरोध मार्च

सासाराम (रोहतास) भारत मुक्ति मोर्चा के बैनर तले कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सासाराम के पोस्ट ऑफिस चौराहा से होते हुए समाहरणालय के समक्ष अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उमेश प्रजापति ने बताया कि वे लोग ईवीएम मशीन का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि ईवीएम मशीन एक तरह का चोर है, जो सत्ता के इशारों पर काम करती है। ऐसे में ईवीएम मशीन से निष्पक्ष चुनाव नहीं हो रहे हैं। जिसको लेकर वे लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा विभिन्न संगठनों को जोड़कर एक महा मोर्चा बनाया गया है।

उप मुखिया लगा अविश्वास प्रस्ताव

राजपुर (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के बरना पंचायत के उप मुखिया रीना देवी पर लगा अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इसके बाद एक सहमति से वार्ड सदस्यों ने कई प्रकार के उप मुखिया पर आरोप लगाए इसके बाद में मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में उप मुखिया रीना देवी के खिलाफ उनके पद से हटाने के पक्ष में आठ मत पड़े इस मत विभाजन में पंचायत सचिव अमित कुमार एवं वरना पंचायत के मुखिया योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण मतदान कराया गया।

विद्यालय में शिक्षा संवाद से बच्चों में पढ़ने की जग रही जिज्ञासा : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

सासाराम (रोहतास) रोहतास डीएम नवीन कुमार ने मंगलवार को दीप प्रज्वलित कर विद्यालय में शिक्षा संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उच्च विद्यालय चौखंडी एवं अनुसूचित जाति उच्च विद्यालय में पदाधिकारी सहित बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्रों व अभिभावकों को जानकारी देने के लिये बिहार के सभी माध्यमिक तथा उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ह्यशिक्षा संवादह्ल कार्यकम आयोजित किया जा रहा है।

वही बैठक में भाग लेने वाले पदाधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को शिक्षा विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी तथा इस संबंध में उनका फीडबैक भी लिया गया। जहां सभा को संबोधित करते हुए मंगलवार को डीएम ने बताया कि शिक्षा विभाग की लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों को समुचित जानकारी नहीं रहने की स्थिति में आए दिन उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिये आवेदन करने में उन्हें असुविधा होती है और कई बार जानकारी के अभाव में वे योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। साथ ही मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री बालक साइकिल योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यकम योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, बिहार शताब्दी मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन-छात्रवृत्ति योजना, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना,पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना और बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की जानकारी विस्तार में छात्रों व अभिभावकों को दी गई। इस मौके नगर निगम सासाराम आयुक्त येतेंद्र पाल, डीपीआरओ धर्मवीर कुमार व विभागीय पदाधिकारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित थें।

विद्यालय के छात्रों को शिक्षा संवाद कार्यक्रम से किया गया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) स्थानीय शहर के उच्च विद्यालय गढ़ नोखा में गुरुवार को शिक्षा संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। जिस कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार व शिक्षा पदाधिकारी सुमन कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि यदि समाज के जबतक लोग शिक्षित नहीं होंगे तबतक अपना बिहार नहीं बढेगा। इसके लिए सभी को शिक्षा की उंचाईयों को छूना होगा। वही सरकार ने सभी लोगों को शिक्षित करने के लिए अनेक प्रायोजित योजनाएं चला रखी है।

योजनाओं को घर-घर पहूंचाने के लिए हर लोगों का कर्तव्य है कि सभी लोग अपने-अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें। जब सभी बच्चे शिक्षित होंगे, तभी अपना बिहार आगे बढेगा। उन्होंने बिहार सरकार द्वारा शिक्षा को लेकर चलाए जा रहे प्रायोजित कार्यक्रम पर विस्तार से लोगों को जानकारी भी दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों से भी विद्यालय में शैक्षणिक माहौल तैयार करने का विशेष दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर नुकड़ सभा से भी छात्रों को जागरूक किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक कुमार रितेश, भाजपा नेता सुनीता गुप्ता, शिक्षक श्यामलाल सिंह, वार्ड प्रमोद शर्मा सहित विद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्राएं व अन्य शिक्षक उपस्थित थें।

लूटकांड : रुपये के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) नासरीगंज थाना क्षेत्र के सबदला निवासी रामाधार राय के पुत्र रितेश कुमार द्वारा थाना कैम्पस में पहुंच कर बताया गया कि नासरीगंज थाना क्षेत्र के गोपाल प्रसाद से दस लाख रूपया लेकर सबदला निवासी काजू सिंह को बाइक से देने जा रहे थे। उसी दौरान नासरीगंज थाना क्षेत्र के अमियावर के समीप एक बाइक से दो अपराधकर्मी एक बाइक को ओभरटेक कर बाइक को रूकवाया और पिस्टल का भय दिखाकर दस लाख रुपया से भरा बैग छीनकर दरिहट की ओर भाग गया है।

जिसके संबंध में रितेश कुमार के द्वारा स्थानीय थाना को लिखित आवेदन दिया गया। जिसके आलोक में स्थानीय थाना के द्वारा कांड संख्या 20/2024 दर्ज किया गया। इस घटना की जानकारी नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार के द्वारा डीएसपी कुमार संजय बिक्रमगंज को सुचित किया गया। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी नासरीगंज थाना पहुंच तत्काल कांड का उद्भेदन करने के लिए एक टीम का गठन किए। गठित टीम के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए इस कांड का सफल उद्भेदन किया गया और लुटे गए रुपए के साथ दो अपराधकर्मी को गिरफ्तार किया गया।

इस संबंध में बिक्रमगंज डीएसपी ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता करते हुए घटना के संबंध में बताया कि नासरीगंज थाना क्षेत्र के रितेश कुमार गोपाल प्रसाद का भरकोल स्थित जमीन का बिक्री करने के लिए पवनी निवासी काजू सिंह से दस लाख रुपया लिए और जमींन मालिक गोपाल प्रसाद को पांच लाख रुपया दिए और शेष पांच लाख रुपया अपने आप मे खर्च कर लिए। जब जमीन का बिक्री नही हुआ तो काजू सिंह अपना पैसा रितेश कुमार से मांग किए तो पैसे को गबन करने के नियत से रितेश कुमार अपने दोस्तों के साथ मिलकर लूट की घटना बनाए और 15 जनवरी को गोपाल प्रसाद रितेश कुमार को 5 लाख रुपया वापस किया तथा इस पैसा को रितेश कुमार अपने दोस्तों के साथ मिलकर 10 लाख रुपया की लूट होने का कांड स्थानीय थाना में दर्ज कराया। घटनास्थल के साक्षियों का बयान एवं गोपाल प्रसाद द्वारा लिए गए बयान से वादी के बयान में विरोधाभाष पाया गया। इसके बाद वादी से कड़ाई से पूछताछ के दौरान उसके द्वारा पैसा गबन के नियत से इस तरह की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया गया है।

व्यापार मंडल के भीष्म पितामह ने नामांकन कर चुनाव का किया आगाज

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र बिक्रमगंज व्यापार मंडल अध्यक्ष और प्रबंधकारिणी सदस्य पद को लेकर मंगलवार को नामांकन हुआ प्रारंभ। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए एक प्रत्याशी में निवर्तमान अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह उर्फ जवाहर सिंह ने अपने 1-1 प्रस्तावक और समर्थक सहित निदेशक मोहनी पैक्स अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, शिवपुर पैक्स अध्यक्ष राहुल कुमार, राम बच्चन चौधरी, लाल बिहारी सिंह, संजय कुमार सिंह लालन चौरसिया के समर्थन में व्यापार मंडल अध्यक्ष पद के लिए एक सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया।

जिस अवसर पर राजद के वरीय नेता मुन्ना राय के नेतृत्व में हजारों समर्थक ने फूल माला पहना निवर्तमान व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह का नारों के साथ स्वागत किया। वही चुनाव को लेकर मंगलवार को 6 प्रबंधकारिणी सदस्य ने भी अपना-अपना नामांकन पर्चा भरा। ज्ञात हो कि इस चुनाव को लेकर स्थानीय निवार्ची प्रखंड कार्यालय में सभी अध्यक्ष पद सहित 11 लोगों ने एनआर राशिद के कटाया है। जिस व्यापार मंडल चुनाव में प्रबंधकारिणी के सदस्य ही मतदाता स्वरूप अपना वोट देते सकते है। दूसरी तरफ इस संबंध में निर्वाचि पदाधिकारी सह बीडीओ अमित प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को नामांकन उपरांत पर्चा की जांच किया जायेगा। उसके बाद प्रत्याशियों के नाम वापसी और प्रतिक चिन्ह आवंटित की जाएगी। जिसका मतदान 30 जनवरी को मतदान प्रखंड परिसर में कराया जाएगा। जिसमें 1930 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष बिरेंद्र चौधरी, पैक्स अध्यक्ष-सुनील सिंह, अनिल पांडे, अनिल पांडे, श्रीकृष्ण सिंह, रमेश सिंह सहित हजारों लोग उपस्थित थें।

बैडमिंटन टूर्नामेंट का एमएलसी ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के कोइलवर प्रखंड के बहियारा में चल रहे जनकदेव प्रसाद मेमोरियल बैडमिंटन टूनार्मेंट का उद्घाटन एमएलसी जीवन कुमार, राममूर्ति प्रसाद, जिप सदस्य परिधि गुप्ता, मुखिया धीरेंद्र प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। टूनार्मेंट का पहला प्री क्वार्टर फाइनल मैच दूधिया रोशनी में कोईलवर बनाम दानापुर के बीच खेला गया। जिसमें कोईलवर टीम के सागर, संतोष की जोड़ी ने दानापुर के रितिक व जीतू की जोड़ी को सीधे दो सेटों में हराया। दूसरे मैच में दानापुर ए के नयन सागर व अंकित की जोड़ी ने नरवीरपुर के चांद व अमरनाथ के बीच खेला गया। दानापुर की टीम विजयी रही। जीते हुये टीमों का अगला मैच मंगलवार की रात खेला गया। विजयी टीमों को एमएलसी जीवन कुमार ने मेडल देकर सम्मानित किया। मौके पर जागा कुशवाहा, बबलू गोंड, पिंटू सिंह समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आम आदमी अलाव जलाकर ठंड में जुझते हुए, ठिठुरन भरी शितलहर में कांपती जिन्दगी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने एक ब्यान मे संवाददाताओं को बतलाया कि आज कल कड़ाके की ठंड मे लोगों का जीवन ठहर सा गया है.आम आदमी इस ठिठुरन भरी शितलहर में कांपता अलाव जलाकर ठंड से जुझ रहा है और आरा निगम प्रशासन अलाव के लिए लकड़ी-जलावन वितरण मे भारी अनियमितता कर रहा है।

आज शुबह भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी के नेतृत्व मे भाकपा माले की एक टीम ने आरा शहर के कई मुहल्लों का दौरा किया तो देखा कि लोग जगह जगह स्वयं लकड़ी या कुछ दूसरे प्रकार का जलावन जुटा कर अलाव जलाकर ठंड से जुझ रहे है.कहीं धुंआ तो कहीं बोरसी का सहारा ले रहे है लोग । भाकपा माले की टीम ने दुधकटोरा, नाजिरगंज, बलुअहिया मुसहर टोली,धरहरा मुसहर टोली, बेगमपुर,रघुटोला, अहिरपुरवा, मिराचक, गांगी, मिरगंज, कबिर मठिया मे देखा कि लोग जैसे तैसे ठंड का मुकाबला करने के लिए अलाव जला रहे है.इन इलाकों मे कहीं भी आरा निगम प्रशासन अलाव के लिए किसी प्रकार का इंतजाम नहीं किया है।पिछले दिनों निगम प्रशासन ने आरा शहर के सभी चौक -चौराहों पर अलाव जलाने का का दवा किया था पर कहीं भी नगर आयुक्त का अलाव इस इलाके मे नहीं दिख रहा है। भाकपा माले की टीम ने आरा नगर आयुक्त और मेयर से मांग की है कि आरा शहर के 45 सों वार्ड के गरीबों के मुहल्लों मे अलाव के लिए जलावन की व्यवस्था करें तथा सभी वाई पार्षदों को अलाव की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंपे।भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने जिला पदाधिकारी से मांग की है कि आरा शहर मे अलाव के अलावा सभी गरीबों के मुहल्लों मे कंबल का वितरण की जाय.आम गरीबों का इस ठंड मे काम नहीं मिल पा रहा है उनके सामने भोजन रोटी,भात की समस्या उत्पन्न हो गयी है इस लिए इस आपका की घड़ी मे गरीबों के मुहल्ला मे सामुदायिक किचन की भी व्यवस्था की जाय। भाकपा माले की टीम ने आरा नगर आयुक्त पर आरोप लगाया कि वे अलाव के नाम पर दिखावा तथा अनियमितता मचाए हुए है,तथा आमज आवाम के जीवन से खिलवाड़ कर रहे है।

राज्यपाल से मिले उन्हें भिक्षु धम्म छाया की प्रतिमा के अनावरण समारोह के लिए दिया निमंत्रण पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

आराः कारीसाथ बुधम शरणम संस्थानम ट्रस्ट आरा जिला अवस्थित आगामी 24 एवं 25 फरबरी 2024 को गौतम बुद्ध के महान शिष्य भिक्षुक धम्म छाया की प्रतिमा का अनावरण किया जायेगा । इस मौके पर उस क्षेत्र के लगभग बीस से पच्चीस हजार लोगो के शामिल होने की संभावना है। उस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है और बिहार के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यकर्म की भी प्रस्तुति दी जाएगी ।

इसी संदर्भ में कल संध्या 5 बजे बुधम शरणम संस्थानम ट्रस्ट का एक प्रतिनिधि मंडल ट्रस्ट के सचिव अरुण कुमार सिंह , प्रधान सलाहकार अभय सिन्हा , मुख्य समन्वयक डॉ शूल पाणी सिंह संस्था के नेतृत्व में बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिले और उन्हें भिक्षु धम्म छाया की प्रतिमा के अनावरण समारोह के लिए निमंत्रण पत्र दिया । उन्होंने इसको सहर्ष स्वीकार किया और 25 फरवरी 2024 को आरा जिला अंतर्गत कारीसाथ पधारकर प्रतिमा का अनावरण करेंगे साथ ही अन्य महत्वपूर्ण कार्यकर्म में शामिल होंगे ।

इस मौके पर बुधम शरणम संस्थानम ट्रस्ट , आरा के अध्यक्ष अर्जुन सिंह , कोषाध्यक्ष अमरकांत सिंह , कोर कमेटी के सदस्य नन्द गोपाल सिंह और प्रभात वर्मा भी मौजूद रहे । उपर्युक्त कार्यकर्म में बिहार विधान परिषद के उप सभापति डॉ. रामचंद्र पूर्वे , उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ , मंत्री सह राष्ट्रीय महासचिव , राजद श्याम रजक , बिहार विधान सभा , सदस्य रश्मि वर्मा , जद यू के राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन प्रसाद के अलावा पांच विश्ववियालय के कुलपति , विभिन्न क्षेत्रों से सम्मानित बुद्ध अनुनायी , तिब्बत से जुड़े धम्म भिक्षु भारी संख्या में शामिल होंगे । इस मौके पर वहां के स्थानीय विधायक , सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री आर के सिंह भी उपस्थित होगें ।

सड़क दुर्घटना में पिता और पुत्री की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

कोचस (रोहतास) जिला क्षेत्र के कोचस प्रखण्ड के परस्थुआं थाना के रूपीपुर गांव के पास एनएच 319 पर सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्री की मौत हो गई। जो सड़क पार करते समय बाइक सवार पिता-पुत्री तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर की चपेट में आ गए। जिससे पिता की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि बेटी की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई।

मृतक की पहचान राजेश्वर शर्मा 50 साल एवं उनकी बेटी रानी कुमारी 20 साल के रूप में की गई है। दोनों परसथुआ थाना क्षेत्र के करमछता गांव के निवासी थे। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्वर शर्मा अपनी बेटी रानी कुमारी को रूपीपुर स्कूल में इंटर की प्रैक्टिकल परीक्षा दिलाने लाए थे, अपने गांव वापस लौटने के लिए निकले थे, तभी दुर्घटना के शिकार हो गए। घटना के बाद पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटी गंभीर रूप से धायल थी। सूचना पर पहुंची परसथुआ थाने की टीम द्वारा घायल युवती को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोचस लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना के बाद पुलिस ने मौके से वाहन जब्त कर लिया है। दुर्घटना के बाद फॉर्च्यूनर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, और घटना स्थल से कुछ दूरी पर फॉर्च्यूनर भी सड़क से उतर कर खेत में चली गई थी। परसथुआ थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि फॉर्च्यूनर को जब्त कर लिया गया है।

दुर्घटना के बाद जुटे ग्रामीणों ने एनएच 319 को जाम कर दिया है। ग्रामीण मुआवजे और उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग कर रहे हैं थे जहां समाजसेवी तथा पदाधिकारी के समझाने के बाद काफी मशक्कत से जाम हटाया गया। शव को पुलिस ने कब्जा में लेते हुए सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ऐपवा ने राज्यव्यापी आहवान के तहत आरा प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एशोसिएशन (ऐपवा) के राज्यव्यापी आह्वान के तहत आरा प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया !महिला आरक्षण कानून को (पिछड़ी, दलित- आदिवासी और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए विशेष आरक्षण के साथ) 2024 के चुनाव में लागू किया करने,महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़क भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को तत्काल गिरफ्तार करने,बीएचयू की छात्रा के बलात्कारी भाजपा आईटी सेल के कुणाल पांडे समेत सभी बलात्कारियों को सजा की गारंटी की गारंटी करने, फुलवारी शरीफ की दो नाबालिग बच्चियों के बलात्कारी-हत्यारों को गिरफ्तार करने,रसोई गैस की कीमत 500 फिक्स करने,स्नातक (पीजी) तक लड़कियों की शिक्षा मुफ्त करने,वृद्धा,विधवा,विकलांग पेंशन न्यूनतम 3000 करने,सभी पंचायतों में स्वास्थ्य केंद्र बने और स्वास्थ्य सुविधाओं का निजीकरण करने,मनरेगा में 200 दिन काम 600 मजदूरी की गारंटी करने,शहरी महिलाओं के लिए रोजगार योजना लागू करने,स्वयं सहायता समूह की सभी महिलाओं को रोजगार की गारंटी करने,रसोईया,आशा समेत सभी स्कीम वर्कर्स को न्यूनतम 10000 मानदेय करने, महाजनी प्रथा पर रोक लगाने,माइक्रोफाइनेंस संस्थानों को नियंत्रित करने,दहेज प्रथा और महिलाओं पर हिंसा पर रोकने की मुकम्मल व्यवस्था करने आदि मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया !प्रर्दशन के बाद सभा आयोजित किया गया !प्रर्दशन का नेतृत्व ऐपवा नगर सचिव संगीता सिंह एवं नगर अध्यक्ष शोभा मंडल ने किया !प्रर्दशन के बाद सभा आयोजित की गई! प्रर्दशन को संबोधित करते हुए ऐपवा नगर सचिव संगीता सिंह ने कहा कि मोदी की सरकार में महिला सशक्तिकरण के बारे में बड़ी-बड़ी घोषणाएं की गई थी लेकिन इनकी सरकार ने महिलाओं पर जो शोषण-जुल्म का तांडव जारी है और तांडव सत्ता के संरक्षण में जारी है !बलात्कारियों को सजा देने की बजाय बलात्कारी प्रधानमंत्री के साथ फोटो खिंचवा कर शोभा बढ़ा रहे हैं!

प्रर्दशन को संबोधित करते हुए ऐपवा नगर अध्यक्ष शोभा मंडल ने कहा कि मोदी सरकार में मंहगाई चरम पर पहुंच गया है,रसोई गैस,खाद्य पदार्थ,पेट्रोल पदार्थों की कीमतें सरकार की बजाय कारपोरेट घरानें तय कर रही है !यानि देश में एक तरह पूंजीपतियों की सरकार चल रही है !इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव में देश की महिलाएं मोदी सरकार को गद्दी से उखाड़ फेंकने का काम करेगी।

शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तर की पढ़ाई प्राप्त करने तथा भविष्य उज्जवल बनाने हेतु किया गया संबोधित

प्रात : किरण संवाददाता

कैमुर भभुआ। जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा रामगढ़ प्रखंड स्थित नवभारत इंटर स्तरीय विद्यालय, राजेंद्र नगर, देवहलिया में आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम अंतर्गत उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों को शिक्षा विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में लाभान्वित होकर शिक्षा के क्षेत्र में उच्च स्तर की पढ़ाई प्राप्त करने तथा भविष्य उज्जवल बनाने हेतु संबोधित किया गया। जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित अभिभावकों के द्वारा सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यो एवं चलाई गई योजनाओं से लाभ प्राप्त करने हेतु संबोधित किया गया एवं फीडबैक प्राप्त किया गया।

वही संवाद के मौके पर उपस्थित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना कृष्णा मुरारी गुप्ता के द्वारा शिक्षा विभाग के द्वारा चलाई जा रही है मुख्यमंत्री बालक बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री शताब्दी बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना इत्यादि सभी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना शिक्षा विभाग, प्रधानाध्यापक सहित अन्य शिक्षक , जनप्रतिनिधि, अभिभावकगण उपस्थित थे।

विधानपार्षद जीवन कुमार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर आश्रम को कब्जा करने का आरोप लगाया

प्रात : किरण संवाददाता

आराः भारतीय जनता पार्टी के नेता विधानपार्षद जीवन कुमार ने आरा मे स्टेशन समीप स्थित कपूर्री ठाकुर के नाम पर बना संस्थान पर अवैध कब्जा किया गया। आरा सर्किट हाउस मे प्रेस वार्ता करते हुए विधानपार्षद जीवन कुमार ने कहा कि 24 जनवरी को जननायक कपूर्री ठाकुर जयंती को भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा पटना मिलर स्कूल मैदान मे भव्य समारोह किया जा रहा है। मैने उक्त कार्यक्रम हेतु भोजपुर जिला मे कोईलवर से प्रचार रथ को रवाना किया, जो जिले भर घुमकर जनमानस को 24 जनवरी को पटना चलने का अपील किया जाएगा।उसी दौरान आरा स्टेशन के समीप स्थित जननायक कपूर्री आश्रम को देखने पहुंचा तो वहाँ ताला लटका हुआ मिला।पता करने पर मालुम चला कि वह आश्रम किसी पार्टी विशेष के कब्जे मे है। प्रशासन से बात करने पर सटीक जवाब नही मिला।चाभी मांगने पर प्राप्त नही हुआ।वह आश्रम बिहार के सभी जनता के लिए है।कपूर्री ठाकुर सबके लिए है।उन पर किसी का एकाधिकार नही है।भारतीय जनता पार्टी हमेशा से महापुरुषों को सम्मान और जयंती मनाने का कार्य करती है। विधानपार्षद ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि जननायक कपूर्री ठाकुर आश्म को 24 जनवरी के पहले मुक्त किया जाएँ,नही तो भारतीय जनता पार्टी आंदोलन करेगी । राम मंदिर के मुद्दे पर कहा कि भगवान राम सबके है।वे देश ,दुनिया के जनमानस के आस्था के केन्द्र है।यह कोई भाजपा का कार्यक्रम नही,बल्कि भारतीय संस्कृति और आम जनमानस के हित का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम मे दूसरे समुदाय के लोग भी पूरे मन से लगे है।

विपक्षियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्षियों का काम ही है समाज मे द्वेष फैलाना और गलत राजनीति करना, लेकिन भारत की जनता समझदार है और उन्हे अगले चुनाव मे जवाब देगी। प्रेस वार्ता मे जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह,जिला मंत्री संतोष चंद्रवंशी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष रितु राज,सुरेंद्र प्रजापति, हरेन्द्र सिंह आदि थे।

विकसित भारत युवा की आवाज कैंपेन प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय बिक्रमगंज में मंगलवार को ह्यविकसित भारत 2047 युवाओं की आवाज कैंपेन के तहत प्रतियोगिता आयोजित की गई। अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और विकसित भारत के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए अपने विचार व्यक्त किए । विकसित भारत कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी चन्द्रशेखर कुमार ने कार्यक्रम के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए बताया कि विकसित भारत देश के सभी नागरिकों के सामूहिक सहयोग और उनके विकास को चिन्हित करता है । यह सभी के लिए केवल संकल्पना ही नहीं अपितु सबका लक्ष्य होना चाहिए । इस देश के विद्यार्थी ही भारत को विकसित बना सकता है और विश्व के एक अलग पहचान दिला सकता है । इसलिए देश के विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के साथ-साथ देश की राष्ट्रीय योजनाओं, प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग ले और देश का राजनीतिक परिदृश्य को सकारात्मक रूप से जनता के हित के रूप में परिणत करें । हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष विशाल कुमार ने विकसित भारत के

रामायण में रानी कैकेयी बनेंगी लारा दत्ता, हनुमान होंगे सनी देओल और कुंभकर्ण का रोल करेंगे बॉबी देओल!

रणबीर कपूर, साई पल्लवी और यश की स्टारकास्ट वाली फिल्म, नितेश तिवारी की रामायण की भी चर्चा उतनी ही जोरों पर है, जितनी कि राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा की। फिल्म मार्च 2024 में फ्लोर पर जाएगी, जिसमें रणबीर भगवान राम और साई पल्लवी सीता की भूमिका में होंगी, जबकि यश रावण का रोल प्ले करेंगे। मेकर्स ने भगवान हनुमान के रोल के लिए सनी देओल के साथ बातचीत शुरू की थी। रिपोर्ट के अनुसार नितेश तिवारी एंड कंपनी ने इस महाकाव्य की स्टार-कास्ट को लॉक करने की सोच ली है। करीबी सूत्रों के मुताबिक, नितेश तिवारी की रामायण में रानी कैकेयी के रोल के लिए लारा दत्ता से बातचीत चल रही है। सूत्र ने बताया- नितेश तिवारी ऐसे एक्टर्स को लेना चाहते हैं जो भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी कहानी के पात्रों को करने में सक्षम हों। उनका मानना है कि लारा दत्ता राजा दशरथ की तीसरी पत्नी रानी कैकेयी की भूमिका निभाने के लिए बिल्कुल सही हैं। यह एक बड़ा रोल है जो रामायण में पूरे संघर्ष को दिखाता है, और लारा नितेश तिवारी की फिल्म को लेकर एक्साइटेड हैं।

कुंभकर्ण बनेंगे बॉबी देओल?

सूत्र ने आगे कहा- वह मार्च में फिल्म के पहले शेड्यूल में रणबीर कपूर के साथ शूट करेंगी। कैकेयी को छोड़कर, बाकी कैरेक्टर्स के लिए कास्टिंग अभी चल रही है। नितेश तिवारी और उनकी कंपनी कुंभकर्ण की भूमिका निभाने के लिए बॉबी देओल को अपने साथ लाना चाहती है। हालांकि, उन्हें अभी तक फाइनल नहीं किया गया है। वह फिल्म कर सकते हैं या नहीं, इस पर अगले 2 महीनों में फैसला करेंगे। एनिमल की सफलता के बाद, बॉबी के पास इस समय इंडस्ट्री भर से ऑफर्स की बाढ़ आ गई है और वह आने वाले कुछ महीनों में अपनी पसंद चुनेंगे।

भगवान हनुमान बनेंगे सनी देओल?

सूत्र ने बताया- इस बीच, भगवान हनुमान के किरदार के लिए सनी देओल से बातचीत जारी है। रामायण की टीम सनी देओल के साथ लगातार बात कर रही है, हालांकि, अभी तक इस पर भी कुछ तय नहीं है। सिर्फ नितेश तिवारी ही नहीं, रणबीर कपूर भी भगवान हनुमान के रोल के लिए सनी देओल को अपने साथ लाना चाहते हैं।

कब रिलीज होगी रामायण?

अगर सब कुछ सही रहा, तो सनी देओल और यश रामायण- पार्ट 1 में एक कैमियो करेंगे, और यह दूसरे और तीसरे पार्ट में वे लीड रोल्स में होंगे। दोनों जुलाई 2024 के आसपास टीम में आ सकते हैं। रामायण के लिए वीएफएक्स ऑस्कर विनर कंपनी, डीएनईजी संभाल रही है और फिल्म 2025 तक रिलीज होगी।

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा वियतनाम में मना रहे हैं वेकेशन!

रश्मिका और विजय ने कई फिल्मों में काम किया है। फैंस को इनकी जोड़ी बहुत पसंद है। रिपोर्ट्स कहती हैं कि दोनों कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन दोनों ने ही इस रिश्ते को पब्लिकली स्वीकार नहीं किया है। अब दोनों की वेकेशन फोटोज वायरल हो रही हैं। विजय ने सोशल मीडिया पर वेकेशन की फोटोज शेयर की हैं। इसके अलावा रश्मिका भी इंस्टाग्राम पर हॉलिडे की फोटोज पोस्ट कर रही हैं। दोनों ने फोटोज अलग-अलग शेयर की हैं। हालांकि, उनके फैंस भी कम नहीं हैं और सबूत निकाल ही लिया है कि दोनों साथ में क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे हैं। इससे पहले दोनों की सगाई और शादी की खबरें वायरल हुई थीं। विजय ने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की हैं। वो स्ट्रीट फूड खा रहे हैं और खूब हंस रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, जब आपको हंसी के अटैक आए। इसी पोस्ट पर यूजर्स लिख रहे हैं कि कल रश्मिका का पोस्ट आएगा सेम प्लेस में। कुछ ने लिखा कि ये फोटोज रश्मिका ने ही ली हैं। कई लोग सगाई के बारे में भी पूछ रहे हैं। रश्मिका ने भी वेकेशन की कई फोटोज शेयर की हैं और उन्होंने बताया कि उन्हें हैट बहुत पसंद आई, जो उन्होंने पहनी है और उसे वो घर लेकर भी जाएंगी। रश्मिका और विजय के इंस्टाग्राम फैन पेज पर कुछ फोटोज शेयर की गई हैं। इनमें दिखाया गया है कि रश्मिका ने काला चश्मा पहना है और उसमें जो मोबाइल की रिफ्लेक्शन पड़ रही है, वो विजय के फोन की है।

पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगुली की भूमिका निभाने वाले हैं आयुष्मान

सिनेमा में बीते कुछ सालों से बायोपिक का बोलबाला है। अलग-अलग क्षेत्र की नामचीन हस्तियों की कहानियों को पर्दे पर उकेरा जा चुका है। इसी कड़ी में पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगुली की बायोपिक रोमांचक परियोजनाओं में से एक है। रिपोर्ट के अनुसार, आयुष्मान खुराना इस बाएं हाथ के बल्लेबाज की भूमिका निभाने वाले हैं। विक्रमादित्य मोटवानी को लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा समर्थित फिल्म का निर्देशन करने के लिए चुना गया है। पूर्व क्रिकेटर सौरभ गांगुली की बायोपिक को लेकर मेकर्स और आयुष्मान खुराना के बीच पिछले साल से ही चर्चा चल रही है। कथित तौर पर, अभिनेता ने हाल ही में औपचारिक रूप से इस परियोजना के लिए साइन अप किया है, और जल्द ही इसके लिए तैयारी शुरू करने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता लव रंजन और अंकुर गर्ग, जो अपने लव फिल्म्स बैनर के तहत इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं, उन्होंने आयुष्मान खुराना और विक्रमादित्य मोटवानी को साथ लाकर एक छक्का लगाया है।



वरुण धवन संग रोमांस करेंगी कीर्ति सुरेश

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और जवान के डायरेक्टर एटली ने अपनी अपकमिंग मूवी के लिए हाथ मिलाया है। आज मकर संक्रांति और पोंगल के मौके पर शुभ मुहूर्त के साथ इसकी अनाउंसमेंट कर दी गई है। वीडी 18 टाइटल (अभी फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है) से फिल्म की मुहूर्त पूजा की गई। मूवी में वरुण के अपोजिट कीर्ति सुरेश हैं और ये उनकी पहली हिंदी मूवी होगी। वीडी 18 के शुभ मुहूर्त के मौके पर वरुण धवन, कीर्ति सुरेश, अपनी वाइफ प्रिया के साथ एटली मौजूद थे। वरुण ने सोशल मीडिया पर बताया कि जल्द ही एक नई अनाउंसमेंट होगी, जिसमें फिल्म का टाइटल घोषित किया जाएगा। बताया जा रहा है कि वीडी 18 एक एक्शन मूवी है। फिल्म को मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे डायरेक्ट कर रहे हैं। स्टार्स की बात करें तो वरुण धवन, वामिका गब्बी और कीर्ति सुरेश लीड रोल में हैं। वरुण धवन की पिछली फिल्मों की बात करें तो वो भेड़िया और जुग जुग जियो में नजर आए थे। दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखाया था।



अब नो फिल्टर नेहा बस सुनाई नहीं दिखाई भी देगी नेहा धूपिया, पॉडकास्ट से ओटीटी पर आ रहीं हैं

फेमस एक्ट्रेस और बिजनेसवुमन नेहा धूपिया अपने बेहद सफल पॉडकास्ट, नो फिल्टर नेहा के छठे सीजन की शुरुआत के साथ एक बार फिर आ गई हैं। शो की होल्ट होने के अलावा, नेहा इसकी मेकर भी रही हैं। ये शो काफी फेमस हुआ था। अपनी पॉडकास्ट सीरीज के साथ, नेहा धूपिया ने बॉलीवुड सेलेब्स के साथ बातचीत करते हुए, लोगों को खूब एंटरटेन किया है। नेहा आगामी सीज़न में फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने नामों के साथ बातचीत करेंगी। कुल मिलाकर आठ एपिसोड होंगे, और अब से ये जियो सिनेमा पर आएगा। इसके अलावा, यह भी बताया गया है कि अगले सीज़न में टाइगर श्रॉफ और अनन्या पांडे के साथ बातचीत चल रही है। आगामी सीज़न में वीडियो-फर्स्ट थीम होगी, जबकि पिछले पांच सीज़न पॉडकास्ट थे जिसमें ऑडियो वर्जन में शो आता था। इस बार ऑडियो के साथ वीडियो भी होगा नेहा धूपिया ने कहा है कि नो फिल्टर नेहा में वो अपनी बातचीत से दर्शकों को बांधे रखेंगी, जहां हम मशहूर हस्तियां अपने बारे में काफी कुछ बताएंगे। इस बार, यह और अधिक इंट्रेस्टिंग है क्योंकि मेकर्स ने ऑडियो के साथ वीडियो को भी शामिल करने का डिसीजन लिया है।

शो में आ चुके हैं ये गेस्ट

लोकप्रिय हस्तियों ने नो फिल्टर नेहा पर इससे पहले काफी कुछ बताया है, और बड़े खुलासे किए हैं। यह एक ऐसा मंच है जो कई दिलचस्प किस्सों को सामने लाया है। सैफ अली खान, सोनू सूद, नीना गुप्ता, भूमि पेडनेकर, कियारा आडवाणी, आदित्य रॉय कपूर, पंकज त्रिपाठी, शिल्पा शेट्टी जैसी मशहूर हस्तियों के साथ किया गया चैट फेमस हुआ था। आगामी सीज़न वीडियो पर बेस्ड होगा और जियो सिनेमा पर प्रसारित होगा, हर एपिसोड के साथ एक्साइटमेंट बढ़ेगी।

हनुमान फिल्म की सफलता से उत्साहित हूं!

विवेक रंजन अग्निहोत्री भारतीय सिनेमा के उन निर्देशकों में से एक हैं जो समाज और जनता को आइना दिखाने के लिए, विचारोत्तेजक, उत्तेजक और सच्ची जीवन की कहानियों को दर्शाते हैं। फिल्म निर्माता की दो सच्ची घटना पर आधारित, द कश्मीर फाइल्स और द वैक्सीन वॉर ने दर्शकों की भावनाओं पर एक अलग प्रभाव डाला है। जहां पहले ने अपनी कहानी और दृढ़ विश्वास से देश को चौंका दिया और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई पुरस्कार प्राप्त किए, वहीं दूसरी फिल्म ने भारतीय महिला वैज्ञानिकों की भावना और कोरोना वैक्सीन के पीछे के दिमाग का सम्मान करता है। भारतीय सिनेमा के इंडिक फिल्म निर्माता विवेक रंजन अग्निहोत्री कभी भी अन्य फिल्म निर्माताओं और कहानीकारों के अच्छे सिनेमा की सराहना करने का मौका नहीं छोड़ते हैं और समय-समय पर उन्होंने अन्य इंडिक फिल्म निर्माताओं की फिल्मों को भी अपना खुला समर्थन दिखाया है। हाल ही में, उन्होंने महाकाव्य फेंटसी पैन इंडिया फिल्म हनुमान की प्रशंसा की। फिल्म निर्माता ने सोशल मीडिया पर लिखा, ‘हनुमान की सफलता से रोमांचित हूं!

प्रभास ने जारी किया अपनी अगली फिल्म राजा साब का पोस्टर

बाहुबली फेम प्रभास की फिल्म ‘सालार’ अभी तक सिनेमाघरों में जमी हुई है। फिल्म ने देश-दुनिया में जबरदस्त बिजनेस किया। अब फैंस को प्रभास की अगली फिल्म ‘राजा साब’ का बेसब्री से इंतजार है। यह पिछले कुछ दिनों से काफी सुर्खियां बटोर रही है। अब इसको लेकर नई अपडेट मिली है। प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म का पहला पोस्टर शेयर कर लोगों में जोश जगा दिया है। इसके फर्स्ट लुक पोस्टर में प्रभास नए और अतरंगी लुक में दिख रहे हैं। प्रभास लुंगी लहरा रहे हैं। प्रभास का ये साउथ इंडियन लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। काली शर्ट, लुंगी और स्लीपर पहने प्रभास को देख उनके फैंस की एक्साइटमेंट सातवें आसमान पर है। प्रभास के बैकग्राउंड में एक गली और उसमें खूब सारी आतिशबाजी देखने को मिल रही है। प्रभास ने पोस्टर शेयर कर लिखा, इस त्योहारी सीजन में ये लीजिए ‘द राजा साब’ की पहली झलक। आप सभी को शुभकामनाएं। प्रभास के लुक को देखकर लग रहा है कि नई फिल्म में वह गली के बादशाह टाइप का कोई रोल कर रहे हैं...बाकी उनका तेवर और फिल्म का टाइटल तो है ही ‘राजा साब।’

ब्रूनो मार्स के साथ काम करना चाहते हैं अरमान मलिक

कच्ची उम्र में संगीत को ही अपनी जिंदगी बनाकर आगे बढ़ने वाले अरमान मलिक ने प्लेबैक सिंगिंग के बाद अब पॉप म्यूजिक में इंटरनेशनल पहचान बनाने के लिए कदम बढ़ा दिए हैं। अब तक उनके करीब 6-7 इंग्लिश सॉन्ग आ चुके हैं। इनमें से ‘यू’ और ‘कंट्रोल’ के लिए उन्हें ईएमए अवॉर्ड भी मिला। चार्ली पुथ, जस्टिन बीबर को प्रेरणा मानने वाले अरमान की तमन्ना अब ब्रूनो मार्स के साथ काम करने की है। बीते दिनों उनका लखनऊ आना हुआ तो उन्होंने हमसे संगीत के आगाज, लखनऊ में पहली म्यूजिक परफॉर्मेंस, पॉप म्यूजिक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम कमाने और बॉलीवुड में गानों के रिप्लेसमेंट को लेकर बातें कीं।

मैंने भारत से इंटरनेशनल आर्टिस्ट की जर्नी शुरू कर दी

पॉप म्यूजिक की मेरी जिंदगी में बहुत अहमियत है। मैंने हमेशा चाहा कि मुझे बस एक प्लेबैक सिंगर के तौर पर ही दुनिया ना पहचाने। बहुत साल से सपना था कि मैं पॉप और इंटरनेशनल म्यूजिक बनाऊं। भारत से कम लोग इंटरनेशनल मंच पर गए हैं। रहमान साहब, रिकी केज सर, लेकिन पॉप सिंगर या पॉप स्टार भारत से नहीं आया। उसको मैंने बदलना चाहा है। भारत से एक इंटरनेशनल आर्टिस्ट की जो जर्नी है, उसकी मैंने 2020 में शुरुआत कर दी थी। अब तक मेरे 6-7 गाने इंग्लिश में आ चुके हैं। कई अवॉर्ड मिले हैं। ईएमए अवॉर्ड मुझे कंट्रोल और यू गानों के लिए मिला। ये चीजें होती हैं तो एक आत्मविश्वास आता है। मुझे पहले से फीलिंग आ रही थी कि इसमें कुछ तो है, जो मुझे एक्सप्लोर करना चाहिए। नहीं तो लोग एक-दो इंग्लिश गाने गाते हैं, फिर जब नहीं चलते तो वापस अपने ट्रैक पर आ जाते हैं। वैसे भी मेरी पीछे हटने की आदत नहीं। भले ही अवॉर्ड्स वगैरह ना मिलें। मैंने पॉप म्यूजिक में जो सिलसिला शुरू किया है, उसे बरकरार रखना चाहता हूं। यह मेरी इंडियन जर्नी के साथ चलते रहना चाहिए। उम्मीद है भविष्य में एक ब्रेकआउट सॉन्ग आएगा, जो भारत से मेरा हो। बाकी देशों को भी लगे कि भारतीय कलाकारों में दम है।

चार्ली पुथ और जस्टिन बीबर मेरे आइडल हैं

चाहता हूं कि मैं ब्रूनो मार्स के साथ काम करूं। उनको सुनते हुए मैं बड़ा हुआ हूं। ब्रूनो मेरे सबसे फेवरिट हैं। लोग कहते हैं कि वह माइकल जैक्सन का अवतार हैं। जिस तरीके से उनकी आवाज है और जैसे वह मूव एंड ग्रूव डांस करते हैं, वो कमाल है। चार्ली पुथ हैं, जिनको मैं अपनी प्रेरणा मानता हूं। जस्टिन बीबर तो बचपन से आइडल हैं। हम सबने उनकी टीनऐज पॉप स्टार की जर्नी देखी है, लेकिन भारत से कभी कुछ ऐसा हुआ ही नहीं। अब तक जितना हो पाया है, मेरी जर्नी के कारण हुआ है। हालांकि, अभी उस मुकाम पर नहीं पहुंचा हूं, जो बहुत बड़ी अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाए। मेरा म्यूजिक काफी देशों तक पहुंच चुका है। फिर भी उसका प्रसार भारत या एशियन कंट्रीज तक है। अभी थोड़ा यह बढ़ा है। अमेरिका, न्यूजीलैंड, यूके, ऑस्ट्रेलिया के लोग जो इंग्लिश गाने या अलग भाषाओं के गाने सुनते हैं, उन तक पहुंचना मेरा सपना है।



संक्षिप्त समाचार

बैंक ऑफ महाराष्ट्र के मुनाफे में 34 प्रतिशत का तगड़ा इजाफा, कमाई बढ़कर 5,851 करोड़ हुई

नई दिल्ली, एजेंसी। पब्लिक सेक्टर के बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही के नतीजों का ऐलान कर दिया है। बैंक के मुनाफे में शानदार वृद्धि हुई है और 34 प्रतिशत बढ़कर 1,036 करोड़ रुपए रहा। बता दें कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 775 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। बीओएम ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल इनकम बढ़कर 5,851 करोड़ रुपए हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 4,770 करोड़ रुपए थी। इस दौरान बैंक ने 5,171 करोड़ रुपए की ब्याज आय अर्जित की, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 4,129 करोड़ रुपए थी। बैंक सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति को एक साल पहले के 2.94 प्रतिशत से घटाकर ग्रॉस डेब्ट 2.04 प्रतिशत करने में सक्षम रहा। इसी तरह शुद्ध एनपीए या डूबा कर्ज पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में 0.47 प्रतिशत से घटकर 0.22 प्रतिशत पर आ गया।

1 ट्रिलियन डॉलर मार्केट केप वाली देसी फर्म 2032 तक! एचडीएफसी बैंक और रिलायंस मुख्य दावेदार

नई दिल्ली, एजेंसी। कोई पहली भारतीय कंपनी वर्ष 2032 तक बाजार पूंजीकरण के लिहाज से 1 लाख करोड़ डॉलर का आंकड़ा पार करने में सफल हो सकती है। एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) को मुख्य दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए इन दो कंपनियों के शेयरों को अगले दशक तक सालाना कम से कम 20 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज करने की जरूरत होगी। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज का मानना है कि यदि भारत की जीडीपी वृद्धि बढ़कर सालाना 9 प्रतिशत पर पहुंचती है और कॉरपोरेट मुनाफे के चक्र में बड़ा सुधार आता है तो बाजार पूंजीकरण से जुड़ा यह लक्ष्य संभव है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के विश्लेषकों विनोद कार्की और नीरज करनानी ने एक रिपोर्ट में कहा, 'हमारी गणना से संकेत मिलता है कि भारत का पहला 1 लाख करोड़ डॉलर एमकैप वाला शेयर वर्ष 2032 तक हो सकता है। वृहद परिदृश्य 9 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि के लक्ष्य के साथ सूचीबद्ध क्षेत्र में मजबूत कॉरपोरेट मुनाफे (7 प्रतिशत लाभ-जीडीपी अनुपात) पर पहुंचने के अनुमान पर आधारित है।' इन विश्लेषकों ने कहा है, 'एचडीएफसी बैंक 25 प्रतिशत की दर के साथ इस दिशा में बढ़ने वाला मजबूत शेयर है। आरआईएल की मुनाफा वृद्धि यदि 21 प्रतिशत पर रहती है तो वह भी इस लक्ष्य को छू सकता है, जबकि बजाज फाइनैंस को 1 लाख करोड़ डॉलर एमकैप छूने के लिए अगले दशक के दौरान 40 प्रतिशत की अपनी पिछली वृद्धि दर को बनाए रखना होगा।' इस वैश्विक तौर पर 1 लाख करोड़ डॉलर एमकैप क्लब में सिर्फ 6 कंपनियां हैं और इनमें से एक अमेरिका में सूचीबद्ध है।

ऑक्सफेम की रिपोर्ट में दावा, 5 अरब लोगों की आमदनी घटी

स्विटजरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक शुरू ▶▶ एक दशक के अंदर ही दुनिया को पहला खरबपति मिल जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया में अमीर और गरीब के बीच का अंतर लगातार बढ़ रहा है। अमीर लगातार और ज्यादा रईस होते जा रहे हैं। अरबपतियों की दौलत बढ़ रही है। वहीं गरीबों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। लोगों की कमाई घट रही है। स्विटजरलैंड के दावोस में 15 जनवरी से शुरू हुए वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक में जारी एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इस बैठक में जारी ऑक्सफेम की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि दुनिया के पांच सबसे रईस लोगों की दौलत 2020 के बाद से दोगुनी से ज्यादा हो गई है। इसके मुताबिक, मौजूदा रुझान जारी रहा तो एक दशक के अंदर ही दुनिया को पहला खरबपति यानी खरबपति मिल जाएगा। रिपोर्ट कहती है कि 2020 के बाद से अब तक 5 अरब लोगों की आमदनी घटी है और गरीबों की संख्या बढ़ी है।

पांच अमीरों की संपत्ति हुई दोगुनी

दुनिया के पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 2020 के बाद से दोगुनी से अधिक हो गई है। वहीं विश्व को एक दशक में अपना पहला खरबपति मिल सकता है। अगर यह रुझान जारी रहता है तो अगले 229 वर्षों तक गरीबी खत्म नहीं होगी। ऑक्सफैम ने यहां वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम की सालाना बैठक के पहले दिन सोमवार को अपनी सालाना असमानता रिपोर्ट जारी करते हुए ये जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे बड़े कॉरपोरेशन में से सात में सीईओ या प्रमुख शेयल होल्डर एक अरबपति हैं। 148 टॉप कॉरपोरेशन ने 1800 अरब अमेरिकी डॉलर का मुनाफा कमाया, जो तीन साल के औसत से 52 प्रतिशत अधिक है। अमीर शेयर होल्डर्स को भारी भुगतान किया गया, जबकि करोड़ों लोगों को वास्तविक अवधि के वेतन में कटौती का सामना करना पड़ा।

5 अरब लोग और गरीब हुए

असमानता और ग्लोबल कॉरपोरेट शक्ति पर ऑक्सफैम की रिपोर्ट में कहा गया कि दुनिया के पांच सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 2020 के बाद से 1.4 करोड़ अमरीकी डॉलर प्रति घंटे की दर से 405 अरब अमरीकी डॉलर से दोगुनी से अधिक बढ़कर 869 अरब अमरीकी डॉलर हो गई है। करीब पांच अरब लोग पहले ही गरीब हो चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया, अगर मौजूदा रुझान जारी रहा तो एक दशक के भीतर दुनिया को पहला खरबपति मिल जाएगा, लेकिन गरीबी अगले 229 वर्षों तक खत्म नहीं होगी। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के अंतरिम कार्यकारी निदेशक अमिताभ बेहार ने कहा कि वैश्विक आबादी का सिर्फ 21 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करने के बावजूद 'ग्लोबल नॉर्थ' के अमीर देशों के पास 69 प्रतिशत वैश्विक संपत्ति है। दुनिया के 74 प्रतिशत अरबपतियों की संपत्ति यहीं है।

कच्चे तेल की कीमतों में रेकॉर्ड गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के भाव में लगातार गिरावट देखी जा रही है। कच्चे तेल के भाव लुढ़कर 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गए हैं। आज यानी मंगलवार को डबल्यूटीआई क्रूड के दाम 72.24 डॉलर प्रति बैरल के रेट पर ट्रेड कर रहे हैं। वहीं बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 77.97 डॉलर प्रति बैरल के लेवल पर कारोबार कर रहा है। इस बीच तेल कंपनियों ने भी पेट्रोल-डीजल के नए रेट जारी कर दिए हैं। हालांकि आज यानी मंगलवार को भी पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों ने 16 जनवरी 2024 को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रखी हैं। आखिरी बार पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव मई 2022 में हुआ था। इसके बाद से दाम स्थिर बने हुए हैं। आज मंगलवार को देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। इसके अलावा चेन्नई में पेट्रोल का भाव 102.63 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल का भाव 94.24 रुपये प्रति लीटर है। वहीं, कोलकाता में मंगलवार को पेट्रोल 106.03 रुपये प्रति लीटर और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। नोएडा में मंगलवार को पेट्रोल 96.57 रुपये और डीजल 89.96 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। गुरुग्राम में पेट्रोल 97.18 रुपये प्रति लीटर और डीजल 90.05 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। इसके अलावा चंडीगढ़ में पेट्रोल 96.20 रुपये और डीजल 84.26 रुपये प्रति लीटर पर मिल रहा है। वहीं, लखनऊ में पेट्रोल का भाव 96.57 रुपये और डीजल की कीमत 89.76 रुपये प्रति लीटर है।

62500 रुपए के नीचे फिसला सोना, चांदी में भी आई गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। इस सप्ताह पहले दिन तेजी के बाद आज दूसरे दिन सोने-चांदी की शुरुआत सुस्त रही। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के वायदा भाव 62,466 रुपए और चांदी के वायदा भाव 72,385 रुपए पर कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही लेकिन बाद में चांदी के भाव सुस्त पड़ गए।



एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रैक्ट आज 98 रुपए की गिरावट के साथ 62,461 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय सोना 62,466 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 62,491 रुपए के भाव पर दिन का उच्च स्तर और 62,443 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट आज 156 रुपए की गिरावट के साथ 72,471 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय चांदी 72,385 रुपए के भाव पर कारोबार कर रही थी। इस समय इसने 72,479 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 72,385 रुपए प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेज, चांदी सुस्त

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तो तेजी के साथ हुई लेकिन बाद में चांदी के वायदा भाव में सुस्ती देखी जाने लगी। कामेक्स पर सोना 2,053.39 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,051.60 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 1.20 डॉलर की तेजी के साथ 2,052.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कामेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.35 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 23.32 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.06 डॉलर की तेजी के साथ 23.26 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

भोपाल में एमएसएमई के लिए भारत बौद्धिक संपदा यात्रा 16 और 17 जनवरी को

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय और भारत एसएमई फोरम भारत की मेजबानी करेगा

भोपाल में बौद्धिक संपदा यात्रा – नि :शुल्क सेवाओं और स्पॉट पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला

भोपाल। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के सहयोग से इंडिया एसएमई फोरम ने भोपाल में एमएसएमई के लिए भारत बौद्धिक संपदा (आईपी) यात्रा की घोषणा की है। इसका राष्ट्रीय आईपी आउटरीच मिशन एमएसएमई के बीच जागरूकता और बौद्धिक संपदा अधिकारों को अपनाने को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला। 16 और 17 जनवरी को भोपाल के रेडिसन होटल में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य छोटे व्यवसायों को आईपी के रणनीतिक उपयोग के बारे में शिक्षित करना है और यह कैसे नवाचार को बढ़ावा दे सकता है और व्यापार वृद्धि को बढ़ा सकता है। राष्ट्रीय आईपी आउटरीच मिशन एमएसएमई मंत्रालय के मान्यता प्राप्त आईपी सुविधा केंद्रों के माध्यम से भारत भर के 30 प्रमुख शहरों और 500 आकांक्षी ब्लॉकों को कवर करेगा। भारत आई.पी यात्रा के भोपाल संस्करण को उद्योग जगत के दिग्गजों ने खूब सराहा है उद्योग संघ सहित अधिकांश प्रमुख व्यापार संघों से समर्थन प्राप्त किया मध्य प्रदेश (ए.आई.एम.पी), फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफ.एम.पी.सी.सी.आई) आदि। पूरे भोपाल से लगभग 200 से अधिक एमएसएमई के कार्यक्रम में भाग लेने की उम्मीद है पहले दिन पर। भारत आई.पी यात्रा के भोपाल संस्करण का उद्देश्य वकीलों, उद्यमियों को एक साथ लाना भी है। सरकारी अधिकारी और आईपी पेशेवर दृष्टिकोण और वास्तविक दुनिया की विशेषज्ञता साझा करेंगे। एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए अधिक अनुरूप दृष्टिकोण की मांग को पहचानना बौद्धिक संपदा और उनकी डी2सी और निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने के लिए, भारत एसएमई फोरम में भारत सरकार एमएसएमई मंत्रालय के साथ मिलकर इसे अपनाने की यात्रा शुरू कर रही है सभी एमएसएमई में बौद्धिक संपदा अधिक स्थिर। चल रहे डिजिटलीकरण के साथ, एमएसएमई ऐसा कर सकते हैं ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और भौगोलिक संकेतों का उपयोग करने से विशेष रूप से लाभ होता है वैश्विक बाज़ार में अपनी अलग पहचान बनाएं।

पहले दिन छोटे व्यवसाय के लिए बड़ी ब्रांडिंग - 100 करोड़ रुपये का व्यवसाय विषय पर कार्यशालाएँ होंगी आईपी का उपयोग करने वाले एमएसएमई के लिए मॉडल और एमएसएमई बनाना, सक्षम करना और बढ़ाना - डी2सी ब्रांड ऑनलाइन ट्रेडमार्क और पेटेंट के साथ।

टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया 'कस्टमर केयर महोत्सव', वाणिज्यिक वाहनों के ग्राहकों के लिए एक विशिष्ट संपर्क कार्यक्रम

मुंबई, एजेंसी। भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता, टाटा मोटर्स ने अपने 'कस्टमर केयर महोत्सव' की घोषणा की है। यह महोत्सव वाणिज्यिक वाहन के ग्राहकों के लिए एक व्यापक ग्राहक संपर्क कार्यक्रम है। 14 जनवरी से लेकर 30 मार्च, 2024 तक पूरे देश में टाटा मोटर्स के सभी प्राधिकृत सेवा केन्द्रों में इसका आयोजन किया जाएगा। कस्टमर केयर महोत्सव फ्लीट ओनर्स और ट्रक ड्राइवरों की ज़रूरतों और उभरती प्रवृत्तियों को समझने के लिए उनके साथ बातचीत के लिए एक आदर्श मंच का काम करेगा। इसमें ग्राहकों को प्रशिक्षित तकनीशियनों द्वारा कुशल वाहन जाँच, टाटा के असली पार्ट्स की चुनिन्दा रेंज पर आकर्षक छूट, और मूल्य-वर्द्धित सेवायें जैसे कि एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (एएमसी), फ्लीट मैनेजमेंट सॉलूशंस (एफएमएस) और फ्लीट एज आदि की सुलभता जैसे ढेरों लाभ भी मिलेंगे। ड्राइवरों को सुरक्षित और ईंधन बचाने वाली ड्राइविंग पद्धतियों पर व्यापक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य की जाँच स्वास्थ्य किट्स और सम्पूर्ण सेवा 2.0 पहल के तहत उनके लिए ख़ास तौर से बने मूल्य प्रस्ताव का लाभ प्राप्त होगा। इस विशिष्ट कार्यक्रम के विषय में टाटा मोटर्स के कार्यकारी निदेशक, श्री गिरीश वाघ ने कहा कि, टाटा मोटर्स में हमारे व्यवसाय के एक-एक पहलू में ग्राहक-केन्द्रीयता शामिल है। हमारे प्रस्तावों और सेवाओं को ग्राहकों के फीडबैक के कठिन चक्र से गुजारा जाता है और हमारे ग्राहकों के लिए मन की पूरी शान्ति सुनिश्चित की जाती है। यह महोत्सव हमारी समृद्ध और अलग-अलग सेवा प्रस्तावों को दर्शाने, वाहन और ड्राइवर की तंदुरुस्ती की उचित जाँच करने के साथ ग्राहकों और अन्य हितधारकों के साथ हमारे सम्बन्ध मजबूत बनाने के लिए अभिकल्पित किया गया है। सम्पूर्ण देश में विस्तारित यह महोत्सव सभी कमर्शियल व्हीकल वर्कशॉप में मनाया जाएगा और हमारी प्रत्येक प्रोडक्ट लाइन - ट्रक, बस और वैन इसमें शामिल होंगे। हम इस महोत्सव को अपने ग्राहकों के लिए लाभकारी और मूल्य वर्द्धित बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम सभी ग्राहकों और ड्राइवरों को इस महोत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेने और टाटा मोटर्स के सावधानीपूर्वक बनाए गए उत्पादों की व्यापक रेंज का व्यक्तिगत रूप से अनुभव करने के लिए आमंत्रित करते हैं।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड और इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग इनोवेटिव प्रोबेशनरी ऑफिसर प्रोग्राम के माध्यम से बैंकिंग शिक्षा में क्रांति ला रहे हैं

मुंबई। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूएसएफबीएल) और इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग गर्व से प्रोबेशनरी ऑफिसर प्रोग्राम पर अपने सहयोग की घोषणा करते हैं, इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग के सहयोग से इस पहल का उद्देश्य बैंकिंग में करियर बनाने के इच्छुक युवा प्रतिभाओं को शामिल करना, उनमें बदलाव लाना और उन्हें सफल बैंकरों में परिवर्तित करना है। व्यावसायिक बैंकिंग संस्थान के साथ सहभागिता का लक्ष्य बैंकिंग क्षेत्र में इच्छुक व्यक्तियों के करियर को आकार देना और उन्हें एक व्यापक कार्यक्रम प्रदान करना है जिसमें शाखा संचालन, बैंकिंग उत्पाद, बिक्री, क्रेडिट, ग्राहक सेवा, कौशल और अन्य बैंकिंग कार्य शामिल है। कार्यक्रम पूरा करने वाले सफल उम्मीदवारों को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा से सम्मानित किया जाएगा, साथ ही उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के साथ पूर्णकालिक रोजगार का अवसर भी दिया जाएगा। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, श्री गोविंद सिंह ने कहा, उत्कर्ष प्रोबेशनरी ऑफिसर प्रोग्राम बैंकिंग में करियर बनाने के इच्छुक युवा प्रतिभाओं को शामिल करने की एक पहल है। इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग के साथ हमारी सहभागिता गतिशील बैंकरों को आकार देने और भारत में बैंकिंग क्षेत्र के विकास में योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। श्री गुरसिमरन सिंह एमडी एवं सीईओ इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग ने कहा, बैंकिंग क्षेत्र में प्रतिभा पूल बनाने के लिए उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ सहयोग करना युवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मोबिक्विक ने यात्रा में एक्सक्लूसिव छूट देने के लिए अदाणी वन के साथ साझेदारी की

गुरुग्राम, एजेंसी। नए साल के मौके पर पर्यटन को लेकर लोगों में उत्साह बना हुआ है। क्या आप घूमने-फिरने या अपनों से मिलने के लिए बेहतरीन मौकों की तलाश में हैं अब और सोचने की जरूरत नहीं! फिनटेक कंपनी, वन मोबिक्विक सिस्टम्स लिमिटेड (मोबिक्विक) ने फ्लाइट टिकट और ड्यूटी फ्री प्रोडक्ट्स पर एक्सक्लूसिव डील्स पेश करने करने के लिए अदाणी ग्रुप के ट्रैवल बुकिंग ऐप अदाणी वन के साथ साझेदारी की है। यूजर्स इन सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं-

● फ्लाइट बुकिंग पर इंस्टैंट डिस्काउंट- मोबिक्विक वॉलेट के साथ अदाणी वन पर फ्लाइट बुकिंग के लिए 500 रुपए की छूट मिलेगी। ऑफर प्राप्त करने के लिए व्यापारी भुगतान पेज पर कोडः ओएनइएमबीके का उपयोग करें (नियम और शर्तें लागू)।

● ड्यूटी-फ्री उत्पादों पर इंस्टैंट डिस्काउंट- अदाणी वन के जरिए ड्यूटी-फ्री पर 250 रुपए की सीधी छूट के साथ अपने फ्री-फ्लाइट बुकिंग का बेहतर अनुभव मिलेगा, जब आप मोबिक्विक वालेट के साथ भुगतान करेंगे। ऑफर का लाभ उठाने के लिए व्यापारी भुगतान पेज पर कोडः एमबीकेडीयूटीवाय का उपयोग करें (नियम और शर्तें लागू)।

● परेशानीरहित यात्रा बुकिंग प्रबंधन का अनुभव करें और अदाणी वन ऐप केसाथ अद्भुत उड़ान और ठहरने का ऑफर अनलॉक करें। मोबिक्विक वॉलेट डिस्काउंट के साथ अतिरिक्त बचत का भी आनंद लें। इससे आपको निश्चित रूप से सबसे बेहतर ट्रैवल और ठहरने की सबसे बेहतरीन डील सुनिश्चित होगी। ड्यूटी-फ्री दुकानों पर ग्लोबल ब्राण्ड के प्रीमियम उत्पाद पाएं और मुंबई ड्यूटी-फ्री जैसे भारत के सबसे बेहतरीन ड्यूटी-फ्री आउटलेट पर आएं। साथ ही 5त्न के एक्सक्लूसिव ऑनलाइन प्री-ऑर्डर डिस्काउंट का आनंद उठाएं।

● अदाणी डिजिटल लैब, अदाणी वन द्वारा लॉन्च किया गया एक एकीकृतट्रैवल प्लेटफॉर्म है। यह आपके ट्रैवल की हर जरूरत जैसे होटल, फ्लाइट, ट्रेन और कैब बुकिंग, फ्लाइट की जानकारी तथा ग्लोबल ब्राण्ड्स से ड्यूटी फ्री ऑर्डर करने के लिए सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। साल 2021 में बना, अदाणी डिजिटल लैब्स, अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इसका मुख्य लक्ष्य अदाणी ग्रुप के व्यापारों और एयरपोर्ट, खाद्य तेलों, खाद्य वस्तुओं , गैस (औद्योगिक तथा खुदरा), रियल एस्टेट, बिजली और वित्तीय सेवाओं के ग्राहकों के बीच की भागीदारी को बढ़ाना है।

● इस साझेदारी के बारे में, बिपिन प्रीत सिंह, को-फाउंडर एवं सीईओ, मोबिक्विक का कहना है, हमें अदाणी वन ऐप के साथ साझेदारी करते हुए बेहद खुशी महसूस हो रही है। हम एक साथ मिलकर भुगतान तथा निर्बाध यात्रा की बुकिंग के अनुभव को आसान बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य, यात्रा को लेकर लोगों के अनुभव को बेहतर बनाना है, क्योंकि लोग यात्रा करना चाहते हैं। भारत के युवा यात्रियों की स्वछंद प्रकृति से हम सब वाकिफ हैं और हम चाहते हैं कि किसी को भी पैसों की कमी की वजह से अपनी योजनाएं टालनी ना पड़े।'' अदाणी वन के एक प्रवक्ता का कहना है, मोबिक्विक के साथ साझेदारी करके हम बेहद खुश हैं, क्योंकि हम अपने सुपर ऐप में इसके आसान वित्तीय समाधानों को शामिल कर रहे हैं।

कच्चे तेल की कीमतों में रेकॉर्ड गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल के भाव में लगातार गिरावट देखी जा रही है। कच्चे तेल के भाव लुढ़कर 75 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गए हैं। आज यानी मंगलवार को डबल्यूटीआई क्रूड के दाम 72.24 डॉलर प्रति बैरल के रेट पर ट्रेड कर रहे हैं। वहीं बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 77.97 डॉलर प्रति बैरल के लेवल पर कारोबार कर रहा है। इस बीच तेल कंपनियों ने भी पेट्रोल-डीजल के नए रेट जारी कर दिए हैं। हालांकि आज यानी मंगलवार को भी पेट्रोल-डीजल के रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। तेल कंपनियों ने 16 जनवरी 2024 को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रखी हैं। आखिरी बार पेट्रोल-डीजल के दाम में बदलाव मई 2022 में हुआ था।

सुमित पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

ग्रैंडस्लैम में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले 1989 के बाद पहले भारतीय

यूएस (एजेंसी)। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने कजाकिस्तान के एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे राउंड में प्रवेश किया। साल 2021 में नागल को ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले राउंड में वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली थी, लेकिन तब वह हार गए थे। वर्ल्ड रैंकिंग में 137वें नंबर के खिलाड़ी सुमित ने मंगलवार को टूर्नामेंट के पहले राउंड में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी बुब्लिक को सीधे सेटों में हराया। 26 साल के नागल ने 2 घंटे 38 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में बुब्लिक पर 6-4, 6-2, 7-6 से जीत दर्ज किया। 34 साल के बाद किसी ग्रैंड स्लैम में भारतीय मेंस सिंगल्स खिलाड़ी की किसी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी पर यह पहली जीत है। इससे पहले, रमेश कृष्णन ने 1989 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में मैट्स विलेंडर को हराया था। बुब्लिक को ऑस्ट्रेलियन

ओपन 2024 में 31वां सीड मिला है। वर्ल्ड रैंकिंग में 137वें नंबर के खिलाड़ी सुमित ने टूर्नामेंट के पहले राउंड में बुब्लिक को 6-4, 6-2, 7-6 से हराया।

टूर्नामेंट के आयोजक तय करते हैं सीड – बड़े टेनिस टूर्नामेंट में सीडिंग का इस्तेमाल किया जाता है। ग्रैंड स्लैम जैसे विंबलडन, यूएस ओपन, फ्रेंच ओपन और ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीड मिलती है। सीड किसी खिलाड़ी की ओवरऑल रैंकिंग न होकर किसी टूर्नामेंट में मिली रैंकिंग होती है। ये सीड टूर्नामेंट के आयोजक ही तय करते हैं। सीड खिलाड़ी की दुनिया में मौजूदा रैंकिंग से ही तय होती है। सीड एक टूर्नामेंट के लिए टेम्परारी तौर पर मिलती है।

टॉप सीड प्लेयर्स को मिलता है फायदा – जिस खिलाड़ी को टॉप सीड दी जाती है, उसे टूर्नामेंट में बेस्ट ड्रॉ (मैच) दिया जाता है, ताकि हाई सीडेड प्लेयर टूर्नामेंट के आखिरी तक पहुंचे। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 में टॉप-3 मेंस सीड प्लेयर में नोवाक जोकोविच पहले, कार्लोस अल्कारेज दूसरे और डेनियल मेदवदेव तीसरे नंबर पर हैं।

क्वालिफायर्स राउंड में एक भी सेट नहीं हारे थे सुमित –नागल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वालिफायर्स के पहले दौर में फ्रांस के जेफ्री ब्लैंकेनॉक्स को 6-3, 7-5 से हराया था। वहीं दूसरे राउंड में ऑस्ट्रेलियाई एडवर्ड विंटर को 6-3, 6-2 से हराया था। वहीं फाइनल राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को 6-4, 6-4 से हराकर 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के मेन राउंड में जगह बनाई।क्वालिफायर्स के राउंड में स्लोवाकिया के एलेक्स मोल्कन को 6-4, 6-4 से हराया था।

ऑस्ट्रेलियन ओपन का इतिहास – ऑस्ट्रेलियन ओपन साल का पहला ग्रैंड स्लैम होता है। लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया ने इस टूर्नामेंट को 1905 में शुरू किया था, जिसे पहले ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप कहा जाता था। बाद में लॉन टेनिस एसोसिएशन ऑफ ऑस्ट्रेलिया टेनिस ऑस्ट्रेलिया बन गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलियन चैंपियनशिप को ऑस्ट्रेलियन ओपन नाम दे दिया गया। 1969 से इस टेनिस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर ऑस्ट्रेलियन ओपन के नाम से जाना जाने लगा।

दीप्ति शर्मा आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ बनीं

पैट कमिंस ने मेंस कैटेगरी का अवॉर्ड जीता, पाकिस्तान के खिलाफ झटके थे 19 विकेट

दुबई (एजेंसी)। भारत की दीप्ति शर्मा को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया है। मंगलवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। वहीं मेंस क्रिकेटर्स में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज पैट कमिंस को यह अवॉर्ड दिया गया। आईसीसी ने दिसंबर 2023 के टॉप परफॉर्मर्स को यह अवॉर्ड दिया। दीप्ति के साथ अवॉर्ड की रेस में भारत की ही जेमिमा रोड्रिग्ज और जिम्बाब्वे की प्रेशियस मरांज भी थीं। वहीं मेंस कैटेगरी में बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स रेस में थे।

इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किया था शानदार प्रदर्शन

दीप्ति ने पिछले महीने इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट की दोनों पारियों में 9 विकेट झटके थे। उन्हें पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 4 विकेट मिले थे। इतना ही नहीं उन्होंने बैट से 67 रन भी बनाए थे। इंग्लैंड के बाद दीप्ति ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी टेस्ट में 8 विकेट लिए, उन्होंने बैट से 78 रन भी बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में उन्होंने महज 38 रन देकर 5 विकेट लिए थे। आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतने के बाद दीप्ति ने कहा, दिसंबर के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सम्मान की बात है। मुझे खुशी है कि पिछले महीने मजबूत टीमों के खिलाफ मैं भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकी। मैं कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगी ताकि भविष्य में मुझे ऐसे और भी पल मिल सकें।

पैट कमिंस प्लेयर ऑफ द मंथ बनने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड जीता। वह इस अवॉर्ड को जीतने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलिया पुरुष बने। उनसे पहले नवंबर में ट्रैविस हेड को यह अवॉर्ड मिला था। वहीं डेविड वॉर्नर ने नवंबर 2021 में इस अवॉर्ड को जीता था।

पैट कमिंस ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 19 विकेट लिए। दूसरे टेस्ट में तो उन्होंने दोनों पारियों में 5-5 विकेट झटके थे। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला। वहीं तीसरे टेस्ट के बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज का अवॉर्ड भी मिला।

एग्नेस नगेटिच ने 10 किमी दौड़ में विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

29 मिनट से भी कम समय में पूरी की रेस

केन्या (एजेंसी)। केन्या की एग्नेस नगेटिच ने स्पेन में वालेंसिया इबरकाजा रोड रेस जीतकर 29 मिनट से कम समय में 10 किमी दौड़ने वाली पहली महिला बन गई हैं।

22 वर्षीय खिलाड़ी ने 28 मिनट 46 सेकंड में रेस पूरी की और इथियोपिया के यालेमज़र्फ येहुआलाव के 2022 रोड वर्ल्ड रिकॉर्ड को तोड़ दिया। हमवतन इमैक्युलेट आन्यांगो ने भी 29 मिनट से कम समय में दौड़ लगाई और 28ः57 में दूसरे स्थान पर रहे। नगेटिच ने महिलाओं की एकमात्र दौड़ में बीट्राइस चेबेट के 5 किमी के 14ः13 के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी भी की जिसे उन्होंने दो सप्ताह पहले बनाया था। नगेटिच के 10 किमी के समय ने महिलाओं के 10,000 मीटर ट्रैक के 29ः01.03 के विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा जो इथियोपिया की लेटेसेनबेट गिडी के पास था। नगेटिच ने सितंबर में महिलाओं की एकमात्र दौड़ में 29ः24 के समय के साथ 10 किमी का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। नगेटिच ने कहा, मैं बहुत खुश हूं। ईमानदारी से कहूं तो, मेरा स्पष्ट लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़ना था लेकिन 28ः46 किसी भी उम्मीद से परे है। जब मैंने आधे रास्ते में 14ः13 देखा तो मैं डरी नहीं, इसने मुझे अंत तक प्रयास जारी रखने के लिए बहुत प्रेरित किया। अब वह मार्च में विश्व एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप बेलग्रेड 24 और फिर पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करेंगी, जहां अगस्त में एथलेटिक्स नंबर 1 खेल होगा।

रणजी ट्रॉफी दूसरा राउंड

मुंबई ने आंध्र को 10 विकेट से हराया, रोमांचक मुकाबले में 6 रन से हारा कर्नाटक

मुंबई (एजेंसी)। रणजी ट्रॉफी के इस सीजन के दूसरे राउंड के आखिरी दिन सोमवार को मुंबई ने आंध्र प्रदेश को 10 विकेट से हरा दिया। मुंबई के शम्स मुलानी ने दोनों पारी में 5-5 विकेट लिए और 10 विकेट हॉल पूरा किया। मुंबई की टीम फिलहाल एलिट के ग्रुप बी के टॉप मौजूद है।ग्रुप सी में गुजरात ने कर्नाटक को 6 रन से हराया। दूसरे राउंड के मैच 12 जनवरी से शुरू हुए थे, जिसका सोमवार को आखिरी दिन था।

मुंबई के कोटियन और अवस्थी के अर्धशतक – एलीट ग्रुप बी में मुंबई के शरद पवार क्रिकेट अकादमी में खेले गए मैच में मुंबई ने पहले बैटिंग करते हुए 395 रन बनाए। भुपेन लवानी (61), तनुष कोटियन (54) और मोहित अवस्थी (53) ने अर्धशतक लगाए। इनके अलावा श्रेयस अय्यर ने भी 48 रनों का योगदान दिया।

आंध्र की ओर से नीतीश रेड्डी ने पांच

विकेट झटके। जवाब में धवल कुलकर्णी और शम्स मुलानी की घातक गेंदबाजी के सामने आंध्र की पहली पारी सिर्फ 184 रन पर सिमट गई। धवल ने तीन और मुलानी ने छह विकेट लिए। इस मैच के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने कहा- मैं वर्तमान के बारे में सोचता हूं। मैंने वह मैच पूरा कर लिया है, जो मुझे खेलने के लिए कहा गया था (आंध्र के खिलाफ रणजी मैच)। मैं आया और मैं खेला इसलिए मैं जो कर रहा हूं उससे खुश हूं।' इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज पर अय्यर बोले- मैं ज्यादा आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं।

रोमांचक मुकाबले में गुजरात जीता – सिद्धार्थ देसाई के 42 रन पर 7 विकेट की अगुवाई में गुजरात ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक के खिलाफ रोमांचक 6 रन से जीत हासिल की। दिन की शुरुआत में 171/7 पर करने के बाद उमंग कुमार (57) और चिंतन गाजा (23) ने गुजरात को अपने दूसरी पारी में 219 के साथ समाप्त की। जीत के लिए कर्नाटक को 110 रनों की जरूरत थी और एक समय स्कोर 50/0 होने के बाद कर्नाटक 53 रन बनाकर कुल 103 रन पर आउट हो गया। देवदत्त पड्डिकल ने सबसे ज्यादा 31 रन बनाए।वहीं, कानपुर में आखिरी दिन कोई मैच नहीं हो सका, जिससे उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

कमिंस बोले- स्मिथ को इतना खुश कभी नहीं देखा

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली बार ओपनिंग करेंगे स्टीवन ; कहा– बैटिंग का इंतजार पसंद नहीं

सिडनी (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि उन्होंने स्टीवन स्मिथ को इतना खुश पहले कभी नहीं देखा। वहीं स्मिथ ने कहा कि उन्हें बैटिंग के लिए इंतजार करना पसंद नहीं। इसीलिए उन्होंने ओपनिंग करने के लिए टीम मैनेजमेंट से कहा। अब वेस्टइंडीज के खिलाफ 17 जनवरी से शुरू हो रहे टेस्ट में वह पहली बार ओपनिंग करने उतरेंगे। स्मिथ के साथ उस्मान ख्वाजा ओपन करेंगे। वहीं नंबर-4 की पोजिशन पर कैमरन ग्रीन खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया ने 2 दिन पहले ही अपनी प्लेइंग-11 घोषित कर दी थी। अब वेस्टइंडीज ने भी पहले टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग-11 का ऐलान कर दिया है।

कमिंस बोले- स्मिथ को इतना उत्साहित कभी नहीं देखा – ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने कहा, मैंने स्मिथ को किसी टेस्ट के लिए इतना उत्साहित पहले कभी नहीं देखा। वह नेट्स में कुछ ज्यादा ही खुश नजर आ रहे हैं। उन्हें लग रहा है कि नई गेंद से रन बनाने में आसानी होगी। इतने बड़े लेवल का खिलाड़ी अगर किसी पोजिशन पर बैटिंग करना चाहें तो आप

उनका सम्मान करते हैं। हमने भी स्मिथ के साथ वही किया।

स्मिथ को बैटिंग का इंतजार करना पसंद नहीं – स्मिथ ने कहा, वॉर्नर के रिटायरमेंट के बाद तय था की ग्रीन (कैमरन) ही प्लेइंग-11 में शामिल होंगे। लेकिन उन्हें ओपनिंग का एक्सपीरियंस नहीं है। मार्नस (लाबुशेन) भी नंबर-3 पर बैटिंग करते हैं और मुझे ऐसे में बैटिंग के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ता था। मुझे ये पसंद नहीं।ग्रीन नंबर-4 के बैटर हैं और वह मेरी जगह संभाल सकते हैं। लेकिन वॉर्नर के जाने से मुझे ओपनिंग करने का मौका मिलेगा और मैं वहां ज्यादा अच्छे से फिट हो सकता हूं। इस कंडीशन में देश के टॉप-6 बैटर्स टीम का हिस्सा बन सकेंगे। मैंने लम्बे समय तक नंबर-3 पर भी बैटिंग की है, इसलिए जानता हूं कि नई गेंद को कैसे खेलना है।

स्मिथ ने इंग्लैंड में बना लिया था ओपनिंग का मन – टेस्ट में पहली बार ओपनिंग करने के फैसले पर स्मिथ ने कहा, मैंने 2019 में इंग्लैंड के खिलाफ ऐशेज सीरीज में भी ओपनिंग करने का सोचा था। तब मुझे ज्यादातर मैचों में नई गेंद ही खेलने को मिली। फिर वॉर्नर ने रिटायरमेंट का फैसला कर लिया, तब मैंने मैनेजमेंट से कहा कि मुझे ओपनिंग करनी है। मैनेजमेंट ने मुझे सीरियसली नहीं लिया।

नई गेंद से रन बनाने में आसानी होती है। मिडिल ऑर्डर में आते-आते बॉल सॉफ्ट हो जाती है, तब मुझे रन बनाने में दिक्कत होती है। अब क्रीज पर आते ही नई गेंद का सामना करूंगा तो तेजी से रन भी बना सकूंगा।

ऑस्ट्रेलिया में 2 टेस्ट खेलेगा वेस्टइंडीज – वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2 टेस्ट की सीरीज कल यानी 17 जनवरी से शुरू हो रही है। पहला मुकाबला एडिलेड में भारतीय समयानुसार सुबह 5.00 बजे से शुरू होगा। मुकाबले से पहले दोनों ही टीमों ने अपनी-अपनी प्लेइंग-11 भी घोषित कर दी है।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

वेस्टइंडीज- क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), तेजनारायण चंद्रपॉल, कर्क मैकेंजी, एलिक एथनाज, केवम हॉज, जस्टिन ग्रीव्स, जोशुआ दा सिल्वा (विकेटकीपर), गुडाकेश मोती, अल्जारी जोसेफ, शमार जोसेफ और केमार रोच।

ऑस्ट्रेलिया- पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, नाथन लायन और जोश हेजलवुड।

आज अफगानिस्तान का सूपड़ा साफ करने उतरेगा भारत, कुलदीप-आवेश की वापसी संभव

बेंगलुरू (एजेंसी)। श्रृंखला जीत चुकी भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को तीसरे और आखिरी टी20 मैच में इस लय को बरकरार रखते हुए 'क्लीन स्वीप' के इरादे से उतरेगी और कप्तान रोहित शर्मा के फॉर्म में लौटने की भी उम्मीद कर रही होगी।

जून में होने वाले विश्व कप से पहले यह भारत का आखिरी टी20 मैच है। मोहाली और इंदौर में मिली जीत के बाद टीम प्रबंधन कोई कोताही बरतना नहीं चाहेगा। दोनों मैचों में छह विकेट से मिली जीत में पहली ही गेंद से आक्रमण की भारत की रणनीति अहम रही। भारत ने पहले मैच में 159 रन का लक्ष्य 17.3 ओवर में और दूसरे में 173 रन का लक्ष्य 15.4 ओवर में हासिल कर लिया।

इससे पहले टी20 में भारतीय टीम शुरू में सावधानी से खेलकर आखिरी ओवरों में हाथ खोलने की रणनीति अपनाती आई है। लेकिन अब बल्लेबाज पहली गेंद से ही आक्रामक खेल रहे हैं और शिवम दुबे तथा विराट कोहली ने इसकी बानगी पेश की। करीब 14 महीने बाद पहला टी20 खेल रहे कोहली ने इंदौर में 16 गेंद में 29 रन बनाए। उन्होंने अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीबुर रहमान का बखूबी सामना किया और उनकी सात गेंदों में 18 रन बनाए।

आम तौर पर कोहली स्पिनरों के खिलाफ धीमा खेलते हैं लेकिन इस मैच में उलटा देखने को मिला। वहीं दुबे पिछले साल डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये तीन साल बाद भारतीय टीम में लौटे। उसके बाद उन्होंने एशियाई खेलों में भाग लिया लेकिन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम में जगह नहीं मिली।

मेसी बने फीफा फुटबॉलर ऑफ द ईयर

हालैंड-एमबापे को हराया, आइताना बोनमती बेस्ट विमेंस प्लेयर, पेप ग्वार्डिओला बेस्ट कोच

मैनचेस्टर सिटी (एजेंसी)। अर्जेंटीना के लियोनल मेसी ने फीफा के फुटबॉलर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीत लिया है। उन्हे पीएसजी और इंटर मियामी क्लब के साथ नेशनल टीम के लिए परफॉर्मेंस के आधार पर अवॉर्ड मिला। मेसी ने लगातार दूसरे साल यह अवॉर्ड जीता है। स्पेन की आइताना बोनमती विमेंस फुटबॉल ऑफ द ईयर बनीं। वह बार्सिलोना के लिए क्लब फुटबॉल खेलती हैं। वहीं मैनचेस्टर सिटी के पेप ग्वार्डिओला को बेस्ट कोच का अवॉर्ड मिला। आइताना बोनमती एक ही साल में विमेंस फुटबॉल के 4 टॉप अवॉर्ड जीतने वाली पहली प्लेयर बनीं। उन्होंने यूएफा प्लेयर ऑफ द ईयर, बैलन डी ओर और वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल का अवॉर्ड भी जीता।

हालैंड-एमबापे को हराकर जीते मेसी – फुटबॉलर ऑफ द ईयर की रेस में मेसी के साथ नॉर्वे के अर्लिंग हालैंड और फ्रांस के किलियन एमबापे भी थे। एमबापे को वोटिंग में 35 पॉइंट्स मिले और वह तीसरे नंबर पर रहे। हालैंड को मेसी के बराबर 48 पॉइंट्स ही मिले। टॉप पोजिशन टाई हो गई थी, तब टाई-ब्रेकर का इस्तेमाल किया गया। लियोनल मेसी ने लगातार दूसरे साल फीफा मेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता। मेंस नेशनल टीम के 13 कप्तानों ने मेसी को वोट किया, जबकि हालैंड को 11 कप्तानों के ही वोट मिले। टाई-ब्रेकर में 2 पॉइंट से आगे रहने के कारण मेसी को विजेता माना गया और उन्होंने लगातार दूसरे साल फुटबॉलर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीत लिया। नॉर्वे के अर्लिंग हालैंड फीफा फुटबॉलर ऑफ द ईयर की रेस में टॉप कंटेंडर थे। वह लियोनल मेसी से टाई-ब्रेकर में हार गए।

बोनमती ने एकतरफा अंदाज में जीता अवॉर्ड – स्पेन की आइताना बोनमती विमेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर बनीं। उन्हें वोटिंग में 52 पॉइंट्स मिले। कप्तान, कोच, मीडिया और फैंस सभी से उन्हें 13-13 पॉइंट्स मिले, जिस कारण वह पहले नंबर पर रहीं। बोनमती ने 2023 का विमेंस बैलन डी ओर भी जीता था। फुटबॉल इंडस्ट्री में बैलन डी ओर सबसे बड़ा इंडिविजुअल अवॉर्ड माना जाता है। विमेंस में कोलंबिया की लिंडा काइसेडो 40 पॉइंट्स के साथ दूसरे और स्पेन की ही



जेनिफर हरमोंसो 36 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर रहीं। आइताना ने इसी साल बैलन डी ओर, यूएफा प्लेयर ऑफ द ईयर, वर्ल्ड कप गोल्डन बॉल और बेस्ट फीफा प्लेयर का अवॉर्ड जीता। वह एक ही साल में चारों अवॉर्ड जीतने वाली पहली प्लेयर बनीं। स्पेन की आइताना बोनमती ने फीफा विमेंस फुटबॉलर ऑफ द ईयर का खिताब जीता। वह महज 25 साल की हैं।

गिलहर्म मद्रुगा का बाइसिकल किक गोल ऑफ द ईयर – ब्राजील के गिलहर्म मद्रुगा को पुस्कस अवॉर्ड मिला। ये अवॉर्ड साल का बेस्ट गोल मारने वाले खिलाड़ी को दिया जाता है। मुद्रुगा ने 27 जून 2023 को पेनल्टी बॉक्स के बाहर से बाइसिकल किक के जरिए गोल मारा था। इसे फीफा ने गोल ऑफ द ईयर घोषित किया। मिडफिल्डर मद्रुगा ने सीरी-बी लीग में बोटाफोगो क्लब से खेलते हुए नोवोरिजोन्टिनो के खिलाफ गोल दागा था। गोल ऑफ द ईयर की रेस में पैराग्वे के जुलियो एन्सिको और पुर्तगाल के नुनो सांतोस भी थे। मद्रुगा पुस्कस अवॉर्ड जीतने वाले ब्राजील के तीसरे ही खिलाड़ी बने। उनसे पहले 2011 में नेमार और 2015 में वेंडेला लिरा भी इस अवॉर्ड को जीत चुके हैं। 23 साल के गिलहर्म मद्रुगा को पुस्कस अवॉर्ड मिला। उन्होंने सीरी-बी लीग में गोल ऑफ द ईयर स्कोर किया।

सरिना वीगमैन बेस्ट विमेंस कोच – नीदरलैंड की सरिना वीगमैन ने विमेंस कोच ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। वह फिलहाल इंग्लैंड विमेंस टीम की कोच हैं। वीगमैन को वोटिंग में 28 पॉइंट्स मिले। इंग्लैंड की एमा हेस (18 पॉइंट्स) दूसरे और स्पेन की जोनाटन जिराल्डेज (14 पॉइंट्स) तीसरे नंबर पर रहीं। इंग्लैंड विमेंस टीम की हेड कोच सरिना वीगमैन लगातार दूसरे साल फीफा कोच ऑफ द ईयर बनीं।

ह्यूगो डेनियल फैन ऑफ द ईयर – अर्जेंटीना के ह्यूगो डेनियल टोटो इनिगेज को फीफा फैन अवॉर्ड मिला। टोटो अपने 2 महीने के बेटे के साथ अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए ग्राउंड पहुंचे थे। मैच के दौरान टोटो बेटे को बोतल से दूध पिलाते नजर आए थे। उनके सपोर्ट और इंस्पिरेशनल स्टोरी को फीफा ने बेस्ट फैन कैटेगरी का अवॉर्ड दिया।

एडरसन और मैरी ईर्प्स बेस्ट गोलकीपर

ब्राजील के एडरसन ने मेंस गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। उन्हें 23 पॉइंट्स मिले। एडरसन मैनचेस्टर सिटी क्लब के लिए भी गोलकीपिंग करते हैं। गोलकीपर कैटेगरी में बेल्जियम के थियाबॉट कर्टोइस 20 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहे। वहीं मोरक्को के यासिन बोनो ने 16 पॉइंट्स के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। ब्राजील के एडरसन ने फीफा गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता। विमेंस गोलकीपर में इंग्लैंड की मैरी ईर्प्स बेस्ट रहीं। वह मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए क्लब फुटबॉल खेलती हैं। दूसरे नंबर की कॉम्पिटिटर से मैरी 14 पॉइंट्स आगे रहीं, उन्हें 28 पॉइंट्स मिले। जबकि स्पेन की कैटलिना कॉल (14 पॉइंट्स) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया की मैकेंजी आरनोल्ड (12 पॉइंट्स) तीसरे नंबर पर रहीं। इंग्लैंड की मैरी ईर्प्स ने विमेंस गोलकीपर ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जीता।

बिजली कानून, 2024 के नए नियमों की ड्राफ्ट अधिसूचना जारी

25 मेगावाट तक बिजली बनाने के लिए लाइसेंस की बाध्यता खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनावी साल में बिजली को लेकर राजनीति बढ़ने की संभावना के बीच केंद्र ने राज्यों के अधिकारियों को चेतावनी दी है कि अगर राज्य सरकारों की तरफ से घोषित बिजली सब्सिडी की राशि डिस्कॉम को समय पर नहीं दी जाती है तो इसके लिए संबंधित अधिकारी को दोषी माना जाएगा और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह घोषणा स्वयं केंद्रीय बिजली मंत्री आर के सिंह ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में की। सिंह नए बिजली कानून, 2024 के नियमों की ड्राफ्ट अधिसूचना को जारी करने के अवसर पर संवाददाताओं से बात कर रहे थे।

यह बिजली विधेयक अत्याधुनिक भारत के लिए: आर के सिंह: यह बिजली संशोधन विधेयक, 2022 का स्थान लेगा जो अभी संसदीय समिति के पास विचाराधीन है। आर के सिंह के मुताबिक, ÷यह बिजली विधेयक एक नई बिजली व्यवस्था बनाने के लिए है, यह एक अत्याधुनिक भारत के लिए है।

नया नियम देश में बिजली उत्पादन के लिए लाइसेंस लेने की मौजूदा व्यवस्था को काफी बदल देगा। इसके मुताबिक 25 मेगावाट तक बिजली उत्पादन करने वाली किसी भी कंपनी या व्यक्ति को लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी। इनके लिए अपनी बिजली को ग्रिड से कनेक्ट करने, उसका संचालन करने या



उसकी बिक्री करने के लिए भी लाइसेंस नहीं लेना होगा। बिजली उत्पादन कंपनियों के हितों का ध्यान रखते हुए उत्पादित बिजली की न्यूनतम कीमत तय करने की सीमा तय की गई है। वहीं ग्राहकों के हितों को देखते हुए डिस्कॉम के लिए बिजली की अधिकतम शुल्क भी तय करने की व्यवस्था है।

ओपेन एक्सेस के तहत प्रतिस्पर्द्धी दर तय हो: बिजली मंत्री: इस नियम के जरिए पहली बार देश के बिजली सेक्टर में ओपेन एक्सेस (ग्राहकों के लिए अपनी पसंद के बिजली उत्पादन कंपनी से बिजली खरीदने की सहूलियत) को लागू करने की व्यवस्था है। बिजली मंत्री के मुताबिक, हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि ओपेन एक्सेस के तहत प्रतिस्पर्द्धी दर तय हो ताकि ग्राहकों को इसके लिए ज्यादा कीमत अदा नहीं करनी पड़े।

इसके लिए ओपेन एक्सेस को तय करने वाली दूसरे शुल्कों जैसे एक राज्य से दूसरे राज्य में भेजने की लागत, ट्रांसमिशन लागत या अन्य संबंधित शुल्कों को कम रखने की व्यवस्था है।

बिजली संयंत्रों को उनकी बिजली की पूरी कीमत मिलने पर जोर: अभी कई राज्यों की बिजली नियामक एजेंसियों ने ओपेन एक्सेस के लिए काफी ज्यादा शुल्क तय कर रखा है। हालांकि इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि बिजली संयंत्रों को उनकी बिजली की पूरी कीमत मिले व बिजली खपत करने वाले बड़े उद्योगों को उचित कीमत पर बिजली मिले।

अगर राज्य सरकारें सब्सिडी देती हैं तो उन्हें बिजली की लागत के आधार पर ही देनी होगी। यानी बिजली डिस्कॉम को उसकी तरफ से वितरित बिजली की पूरी कीमत मिलेगी।

देश में रिनिवेबल बिजली उत्पादन की क्षमता बढ़ाकर पांच लाख कर दी जाएगी: बिजली मंत्री ने बताया कि मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 वर्षों में देश के बिजली सेक्टर में कुल 16.93 लाख करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है और 17.05 लाख करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है। वर्ष 2030 तक देश में 80 हजार मेगावाट की नये ताप बिजली संयंत्र लगाने की घोषणा भी उन्होंने की।

इस दौरान देश में रिनिवेबल बिजली उत्पादन की क्षमता बढ़ाकर पांच लाख कर दी जाएगी। इससे बिजली उत्पादन क्षमता में ताप बिजली की हिस्सेदारी 53 फीसद से घट कर 35 फीसद हो जाएगी। भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता मौजूदा 4.28 लाख मेगावाट से बढ़ कर 8.0 लाख मेगावाट हो जाएगी।

गाजियाबाद के 422 किसानों को नोटिस, अटैच हो सकती है प्रॉपर्टी

नई दिल्ली, एजेंसी। सहकारी विभाग से लोन लेकर लंबे समय से जमा करने वाले गाजियाबाद के 400 से अधिक किसानों को 92 ख के नोटिस भेजे गए हैं। यदि जल्द इन किसानों ने लोन नहीं चुकाया तो सहकारी विभाग उनकी भूमि की कुर्की करा सकता है। नोटिस भेजे जाने को लेकर किसानों में काफी रोष है। जरूरत पड़ने पर किसान समय-समय पर सहकारी विभाग से लोन लेते रहते हैं। बैंकों की तुलना में सहकारी विभाग में लोन जल्दी मिलता और ब्याज दरें भी कम होती हैं।

वर्तमान में जिले के पांच हजार से अधिक किसानों पर सहकारी विभाग के करीब 12 करोड़ रकम बकाया है। बकाया रकम की वसूली के लिए सहकारी विभाग बीते कुछ महीने से वसूली अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एकमुश्त जमा करने पर ब्याज पर राहत देने के साथ ही मृतक किसानों के परिजनों को आंशिक राहत के प्रावधान किए जा रहे हैं।

विभाग की ओर कई बार अपील करने के बाद भी कई किसान ऐसे हैं जो कि अपने लोन का भुगतान नहीं कर रहे हैं। ऐसे 422 किसानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सहकारी विभाग ने उनको 92 ख के नोटिस भेजे हैं। यदि इन किसानों ने जल्द ही अपने लोन का भुगतान नहीं किया तो उनकी भूमि की कुर्की की जा सकती है । इस संबंध में जिलाधिकारी अध्यक्षता वाली समिति कार्रवाई करेगी।

किसानों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप : इस संबंध किसान नेता अमरजीत बिड्डी का कहना है कि गन्ना भुगतान न मिलने, आवारा पशुओं के द्वारा फसल बर्बाद करने और दूसरे अन्य कारणों के चलते क्षेत्र के किसान बीते कई वर्षों से आर्थिक समस्याओं जूझ रहे हैं। ऐसे में सहकारिता विभाग नोटिस भेजकर किसानों की भूमि नीलाम करने की तैयारी कर रह है। यदि किसानों की भूमि नीलाम कर दी गई तो उनके व परिवार के सामने संकट पैदा हो जाएगा। विभाग ने अलग-अलग क्षेत्र में किसानों को नोटिस भेजे हैं।

संक्षिप्त समाचार

द्रमुक और कांग्रेस ने प्रभावित की टूजी घोटाले की जांच, अन्नामलाई साधा डीएमके पर जोरदार निशाना

चेन्नई एजेंसी। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने सोमवार को एक बार फिर द्रमुक पर फिर निशाना साधा। उन्होंने विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइ में शामिल द्रमुक और कांग्रेस पर टूजी घोटाले की जांच को प्रभावित करने का आरोप लगाया। हालांकि टूजी स्पेक्ट्रम आवंटन मामले में पूर्व दूरसंचार मंत्री ए. राजा व अन्य को बरी किए जाने के खिलाफ सीबीआइ और ईडी की अपील पर दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई जारी है।

अन्नामलाई ने एक्स पोस्ट कर दावा किया कि राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक और उसकी सहयोगी कांग्रेस ने रणनीतिक रूप से सीबीआइ छापों के समय को तय करने में आपसी सहयोग किया। उन्होंने द्रमुक-कांग्रेस पर अपनी सुविधा अनुसार जांच को प्रभावित करने का भी आरोप लगाया। राज्य भाजपा अध्यक्ष के पोस्ट में द्रमुक सांसद व पूर्व मंत्री टीआर बालू और तमिलनाडु राज्य खुफिया विभाग के पूर्व प्रमुख एमएस जफर सेत की बातचीत का एक आडियो भी शामिल था। उन्होंने कहा कि यह टेप विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइ की भ्रष्ट प्रकृति को दर्शाता है। भाजपा नेता अन्नामलाई ने दावा किया कि वह और भी कई राज खोलेंगे।

बेटी की याद में महिला ने की 7 करोड़ की जमीन दान, गणतंत्र दिवस पर सीएम स्टालिन करेंगे सम्मानित

चेन्नई। स्कूल के विकास के लिए जमीन दान करने वाली 52 वर्षीय महिला को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मदुरै जिले की रहने वाली और बैंकर के तौर पर कार्यरत आई अम्मल उर्फ पूरनम को गणतंत्र दिवस पर मेडल से सम्मानित किया जाएगा।

बता दें कि स्कूल को हाई स्कूल बनाने के लिए पूरनम ने पंचायत यूनियन मिडिल स्कूल, कोडिकुलम, मदुरै को एक एकड़ से अधिक भूमि दान में दी है। इस जमीन की कीमत लगभग 7 करोड़ रुपये आंकी गई है और यह वर्तमान स्कूल भवन के नजदीक है।

बेटी की याद में किया जमीन दान: केनरा बैंक में काम करने वाली 52 वर्षीय पूरनम ने अपनी दिवंगत बेटी यू.जननी की याद में जमीन दान की है, जिसका कुछ साल पहले निधन हो गया था। यह खबर तब सामने आई जब उन्होंने जमीन की रजिस्ट्री स्कूल के नाम पर कर दी और जमीन के दस्तावेज शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सौंप दिए।

सीएम स्टालिन ने की तारीफ: (पूर्व में ट्विटर) पर इसकी घोषणा करते हुए, मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा, शिक्षा ही वास्तविक, अविनाशी धन है। मदुरै के कोडिकुलम की आई अम्माल उर्फ पूरनम ने सरकारी स्कूल के लिए एक अतिरिक्त भवन बनाने के लिए अपनी एक एकड़ और 52 सेंट जमीन दान में दी है। स्टालिन ने आगे लिखा आई अम्मल दिखाती है कि तमिल शिक्षा और शिक्षण को कितना महत्व देते हैं। उन्हें आगामी गणतंत्र दिवस पर सरकार ओर सीएम की ओर से एक विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पूर्णम की बेटी जननी, जिनका दो साल पहले निधन हो गया था, एक सामाजिक कार्यकर्ता थीं और वंचित बच्चों के शैक्षिक उत्थान के लिए काम कर रही थीं।

पूर्णम की सरकार से मांग: पूर्णम की सरकार से एक ही मांग है कि अपग्रेड स्कूल का नाम उनकी बेटी के नाम पर रखा जाए। पूर्णम ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मेरा मानना है कि शिक्षा लोगों के जीवन को बदलने और समाज को बदलने का एकमात्र साधन है। यहां एक हाई स्कूल ग्रामीण लोगों के जीवन में सुधार करेगा क्योंकि उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी।

चुनाव आयोग को फरवरी में ही मिल जाएगा नई प्रक्रिया के तहत आयुक्त, अनूप चंद्र पांडेय का इसी महीने हो रहा कार्यकाल खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए तय नए नियम के तहत पहली नियुक्ति जलद होगी। मौजूदा दो चुनाव आयुक्तों में से एक अनूप चंद्र पांडेय का कार्यकाल 14 फरवरी को खत्म हो रहा है। इसे देखते हुए निर्वाचन आयोग ने नए आयुक्त की नियुक्ति को लेकर पहले से ही तैयारी तेज कर दी है। चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की नई प्रक्रिया को हाल ही में संसद से मंजूरी मिली है। पीएम के अतिरिक्त दो सदस्य होंगेः इसके तहत पीएम की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय कमेटी ही अब इसके चयन से जुड़ा फैसला ले सकेगी। जिसमें पीएम के अतिरिक्त दो सदस्य होंगे। इनमें एक लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता व दूसरा पीएम द्वारा नामित कोई केंद्रीय मंत्री होगा। कैबिनेट सचिव की अगुवाई में काम करेगी कमेठीः सूत्रों की मानें तो इसे लेकर सरकार की ओर से जल्द ही सर्च कमेटी का गठन हो जाएगा। जो कैबिनेट सचिव की अगुवाई में काम करेगी। जो इससे जुड़ी रिपोर्ट पीएम की अगुवाई वाली चयन समिति को देगी।

दिल्ली में दोस्ती, पंजाब में कुश्ती; बीजेपी ने आप-कांग्रेस की दोस्ती को बताया फ्रेंड्सशिप विद बेनिफिट्स

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के गठबंधन को फ्रेंड्सशिप विद बेनिफिट्स का उदाहरण बताया है। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले दोनों पार्टियों की दोस्ती को लेकर आलोचना की है। विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए पूनावाला ने कहा, एक तरफ कांग्रेस और आप दिल्ली में दोस्ती कर रहे हैं और दूसरी तरफ पंजाब में कुश्ती करते हैं और एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार सहित अन्य आरोप लगाते हैं। बीजेपी नेता ने कहा, अब प्रियंका गांधी के करीबी सिद्धू ने आप सरकार पर पंजाब में अवैध रेत खनन करने, 39,000 करोड़ रुपये जमा करने का आरोप लगाया है। इससे पहले भगवंत मान ने कहा था, एक थी कांग्रेस। जिसके जवाब में पार्टी ने कहा था, एक था जोकर। क्या ऐसे गठबंधनों पर भरोसा किया जा सकता है? जिस आप ने कभी 1984 के दंगों के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया और राजीव गांधी से भारत रत्न लौटाने की मांग की थी, वह अब उसी पार्टी से गठबंधन कर रही है। अब कौन समझौता कर रहा है? क्या आप ने 1984 के दंगों के अपराधियों को माफ कर दिया है? शहजाद पूनावाला की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है जब दिल्ली में संभावित सीट बंटवारे को लेकर आप और कांग्रेस के बीच चर्चा होनी है और नवजोत सिंह सिद्धू ने आप सरकार की आलोचना की है। कांग्रेस नेता नवजोत सिद्धू ने सोमवार को आप सरकार के मंत्रियों पर पंजाब में अवैध रेत खनन में शामिल होने का आरोप लगाया।

झारखंड के सरकारी स्कूलों के बच्चों में इंजीनियरिंग से अधिक मेडिकल स्टडी का क्रेज

नई दिल्ली, एजेंसी। झारखंड के सरकारी हाईस्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट में इंजीनियरिंग से अधिक मेडिकल स्टडी का क्रेज दिखाई दे रहा है। आंकड़े बताते हैं क्लैट में झारखंड के सबसे कम छात्रों ने दिलचस्पी दिखाई है। राज्य के 22,324 छात्र-छात्राओं ने आकांक्षा प्रवेश परीक्षा में मेडिकल की तैयारी के लिए आवेदन किया है। 18,475 छात्र-छात्राओं की इच्छा इंजीनियरिंग करने की है। केवल 3,820 आवेदन क्लैट के लिए मिले हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आकांक्षा प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है।

सभी जिलों से मांगी रिपोर्ट: इस बार आकांक्षा प्रवेश परीक्षा तीन मार्च को आयोजित होगी। परीक्षा का आयोजन सभी 24 जिलों के जिला मुख्यालय अवस्थित परीक्षा केंद्रों में होगा। सभी जिलों से परीक्षा केंद्रों की रिपोर्ट मांगी गई है। 25 जनवरी से ऑनलाइन एडमिट कार्ड डाउनलोड होने लगेगा।

क्या है आकांक्षा प्रवेश परीक्षा: झारखंड सरकार की ओर से सरकारी हाईस्कूलों में वर्तमान में 10वीं में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए आकांक्षा प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इसमें सफल होने पर छात्र-छात्राओं को राज्य सरकार की ओर से निशुल्क मेडिकल, इंजीनियरिंग व क्लैट की तैयारी कराई जाती है। 10वीं के बाद 11वीं व 12वीं

कक्षा की पढ़ाई भी रांची में आवासीय व्यवस्था के तहत निशुल्क कराई जाती है।

धनबाद में 2803 परीक्षार्थी : आकांक्षा प्रवेश परीक्षा के लिए धनबाद से 2803 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। इनमें 1137 मेडिकल, 1488 इंजीनियरिंग और 178 क्लैट के लिए हैं। राज्य के ट्रेंड से अलग हटकर धनबाद के छात्रों ने सर्वाधिक आवेदन इंजीनियरिंग के लिए जमा किए गए है। वहीं राज्य में सबसे अधिक आवेदन गिरिडीह से 3882 व सबसे कम 280 आवेदन सिमडेगा से मिले हैं। बोकारो से 2094, देवघर से 1835, दुमका से 1019, गोड्डा से 1471, जामताड़ा से 1862, पाकुड़ से 1405, साहिबगंज से 1910 आवेदन मिले हैं।

अमेरिका एयरफोर्स अधिकारी मैडिसन मार्श ने जीता मिस अमेरिका 2024 का ताज

न्यूयार्क, एजेंसी। अमेरिका में एयरफोर्स की पायलट मैडिसन मार्श ने मिस अमेरिका 2024 का खिताब जीत कर इतिहास रच दिया है। मैडिसन मार्श यह खिताब जीतने वाली पहली सक्रिय-ड्यूटी वायु सेना अधिकारी हैं। 22 वर्षीय मैडिसन मार्श को मिस अमेरिका 2024 का ताज पहनाया गया। अमेरिकी वायु सेना में सेकेंड लेफ्टिनेंट और हार्वर्ड केनेडी स्कूल के सार्वजनिक नीति कार्यक्रम में मास्टर की छात्रा मैडिसन ने ऑरलैंडो, फ्लोरिडा में सौंदर्य प्रतियोगिता जीती।

अमेरिकी वायु सेना अकादमी से स्नातक होने के कुछ महीने बाद मैडिसन ने ब्यूटी पेजेंट कंपटीशन मिस अमेरिका में जाने का फैसला किया था। मार्श की 2023 में अमेरिकी वायु सेना अधिकारी के रूप में नियुक्त हुई थीं। इससे पहले उन्होंने मिस कोलोराडो का भी खिताब जीता था। सौंदर्य प्रतियोगिता में टेक्सास की ऐली ब्रेक्स प्रथम उपविजेता रहीं। इस प्रतियोगिता में 51 कंटेस्टेंट ने भाग लिया, जिन्होंने सभी 50 अमेरिकी राज्यों के साथ-साथ कोलंबिया जिले का भी प्रतिनिधित्व किया।

कौन है मैडिसन मार्श: अर्कांसस में जन्मी और पली-बढ़ी मैडिसन मार्श के माता-पिता ने जब वह 13 वर्ष की थी, तब उसे अंतरिक्ष शिविर में भेजकर अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया, जहां उसे अंतरिक्ष यात्रियों और विमान पायलटों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला।

इस समय उन्हें यूएसएएफए के बारे में पता चला और 15 साल की उम्र में उन्होंने अपनी पहली उड़ान प्रशिक्षण में दाखिला लिया। 17 साल की उम्र में उन्होंने पायलट का लाइसेंस प्राप्त कर लिया और कैडेट फोर्स में शामिल होने की तैयारी शुरू कर दी। यूएसएएफए से स्नातक होने के बाद उन्होंने वायु सेना में शामिल होने का फैसला किया और उन्हें एक प्रतिष्ठित पायलट स्लॉट से सम्मानित किया गया।

गाजा में इजरायली सैनिक की मौत, मृतकों की संख्या 189 हुई

तेल अवीव, एजेंसी। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने मंगलवार को गाजा में हमास के खिलाफ चल रहे युद्ध में एक और सैनिक की मौत की घोषणा की, इससे मारे गए सैनिकों की कुल संख्या 189 हो गई है। सेना ने मृतक सैनिक की पहचान सार्जेंट प्रथम श्रेणी (रेस.) नित्ज़न शेस्लर के रूप में की।

हदेरा का 21 वर्षीय शेस्लर, 55वीं ब्रिगेड की 7155वीं बटालियन में था। वह दक्षिणी गाजा में एक लड़ाई में मारा गया, जहां दो सैनिक भी घायल हो गए। दो घायल सैनिकों में से एक शेस्लर बटालियन से है और दूसरा कॉम्बैट इंजीनियरिंग कोर की 603वीं बटालियन में तैनात है। आईडीएफ ने अब अपना जमीनी आक्रमण तेज कर दिया है, जो 27 अक्टूबर, 2023 को मध्य और दक्षिणी गाजा पर शुरू किया गया था, हमास-नियंत्रित एन्क्लेव का अधिकांश उत्तरी भाग इसके नियंत्रण में है।

विदेशों में रहने वाले 30 लाख ब्रिटिश नागरिक चुन सकेंगे अब अपना नेता

मतदान करने का मिला अधिकार

लंदन, एजेंसी। साल 2024 दुनिया के लिए अहम साल साबित होने जा रहा है। इस साल भारत, अमेरिका समेत कई देशों (और यूरोपीय यूनियन) में राष्ट्रपति या संसदीय चुनाव होंगे।

इस बीच, विदेशों में रहने वाले भारतीयों सहित 30 लाख से अधिक ब्रिटिश नागरिकों के लिए अच्छी खबर आई है। इन लोगों को चुनाव अधिनियम 2022 के लागू होने के बाद ब्रिटिश आम चुनावों और जनमत संग्रह में मतदान का अधिकार मिल गया है।

15 साल की सीमा समाप्त: यह 1928 में पूर्ण महिला मताधिकार की शुरुआत के बाद से ब्रिटिश चुनावी मताधिकार में सबसे बड़ी वृद्धि का प्रतिनिधित्व करता है। दरअसल, मतदान करने के अधिकारों पर लागू 15 साल की सीमा को समाप्त कर दिया गया है। दुनिया भर में ब्रिटिश नागरिक ऑनलाइन मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं, चाहें वे कितने समय से विदेश में हों।

तीन साल तक बने रहेंगे सूची में: यह ब्रिटेन के मतदाताओं से जुड़ा हुआ होगा, जहां पर वे या तो मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं या रहते हैं। पंजीकरण के बाद, वे तीन साल तक मतदाता सूची में बने रहेंगे। इसके अलावा, पंजीकरण होने के बाद मतदाता डाक या प्रॉक्सी वोट के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

यह कानून ब्रिटिश कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्यों और विदेशों में समर्थकों के वैश्विक नेटवर्क वोट्स फॉर लाइफ अभियान का हिस्सा है, जिसका नेतृत्व कंजर्वेटिव अब्रॉड कर रहा है। यह अभियान लंबे समय से कंजर्वेटिव के घोषणापत्र में रहा है।

अपने मनपसंद नेता को चुन सकेंगे: हाउसिंग एंड कम्युनिटीज विभाग के लिए राज्य सचिव माइकल गोव ने कहा कि आज से, दुनिया भर में लाखों ब्रिटिश नागरिक भविष्य के आम चुनावों में मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। वह अपने मनपसंद नेता को चुन सकेंगे और अपने कामों के लिए हक से बोल सकेंगे। कंजर्वेटिव पार्टी के अध्यक्ष रिचर्ड होल्डन ने कहा, कंजर्वेटिव्स ने एक बार फिर दिखाया है कि हम लोकतंत्र के लिए पार्टी हैं और एक व्यक्ति के वोट देने के अधिकार की रक्षा कर रहे हैं।

लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने से रोका गया: वहीं, कंजर्वेटिव्स अब्रॉड के अध्यक्ष हीथर हार्पर एमबीई ने कहा, विदेश में रहने वाले लाखों लोगों, काम करने वाले और सेवानिवृत्त सभी को वोट देने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करने से रोका गया है। यह नया नियम ब्रिटेन को दुनियाभर में अपने नागरिकों के महत्व को पहचानने में अमेरिका, फ्रांस, इटली और न्यूजीलैंड जैसे लोकतंत्रों के बराबर खड़ा करता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129